


■ केंद्रीय गृह मंत्री बोले- अमित शाह बंगाल में भाजपा का सत्ता में आना तय घुसपैठियों को वापस भेजेंगे - 12



■ शेयर बाजार में चौथे दिन भी तेजी सेंसेक्स 510 अंक चढ़ा, निफ्टी हुआ 23 हजारी - 12



■ मणिपुर में सीआरपीएफ शिविर पर भीड़ का हमला, गोलीबारी में दो लोगों की मौत - 13



■ दिल्ली कैपिटल्स की नजर जीत की हैट्रिक पर - 14


आज का मौसम
23.0° अधिकतम तापमान
16.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.55
सूर्यास्त 06.34

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| बरेली |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
■ लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर
■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

बैशाख कृष्ण पक्ष षष्ठी 07:01 उपरांत सप्तमी विक्रम संवत 2083

बुधवार, 8 अप्रैल 2026, वर्ष 7, अंक 133, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


## ब्रीफ न्यूज

### ईडी ने अल फलाह के चेयरमैन की 39 करोड़ की संपत्ति कुर्क की

नई दिल्ली। ईडी ने अल फलाह समूह के अध्यक्ष जवाद अहमद सिद्दीकी और उनके धर्मार्थ ट्रस्ट के खिलाफ धनशोधन जांच के तहत दिल्ली के जामिया नगर में एक मकान, फरीदाबाद में खेती की जमीन और कई बैंक खातों में जमा राशि कुर्क की है, जिनकी कुल कीमत 39 करोड़ रुपये से ज्यादा है। हरियाणा के फरीदाबाद स्थित अल फलाह यूनिवर्सिटी 10 नवंबर 2025 को दिल्ली के लाल किला क्षेत्र में हुए विस्फोट से जुड़े एक 'सफेदपोश' आतंकी मॉड्यूल की जांच के दौरान जांच एजेंसियों के रडार पर आई थी। इस विस्फोट में 15 लोग मारे गए थे। सिद्दीकी (61) अभी जेल में बंद हैं।

### एयर इंडिया समूह घरेलू अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों पर ईंधन अधिभार लगाएगा

मुंबई। एयर इंडिया समूह 8 अप्रैल से घरेलू उड़ानों के लिए 299 रुपये से 899 रुपये तक और अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों के लिए 24 डॉलर से 280 डॉलर तक का ईंधन अधिभार लगाने जा रही है। हालांकि, कुछ मार्गों पर ईंधन अधिभार नहीं लगाया जाएगा। यह अधिभार अनुषंगी कंपनी एयर इंडिया एक्सप्रेस द्वारा संचालित उड़ानों पर भी लागू होगा। बांग्लादेश और जापान, हांगकांग और दक्षिण कोरिया जैसे सुदूर पूर्व गंतव्यों के लिए आने-जाने वाली उड़ानों पर ईंधन अधिभार में संशोधन की जानकारी आवश्यक नियामकीय अनुमोदनों के अधीन उचित समय पर दी जाएगी।

# आज रात पूरी सभ्यता खत्म होगी : ट्रंप
# ऐसा जवाब देंगे, भूल नहीं पाओगे : ईरान

## होर्मुज खोलने की चेतावनी के चंद घंटे शेष, ईरान के खर्ग द्वीप पर ताबड़तोड़ हमले

वाशिंगटन/तेहरान, एजेंसी

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने चेतावनी दी कि अगर ईरान उनकी ओर से दी गई मंगलवार की नवीनतम समय-सीमा तक होर्मुज को फिर से खोलने समेत समझौते पर सहमत नहीं होता है, तो मंगलवार रात (भारतीय समयानुसार बुधवार सुबह) एक पूरी सभ्यता का अंत हो जाएगा। ट्रंप की यह चेतावनी ऐसे समय में आई है, जब ईरान में हवाई हमलों में खर्ग द्वीप के अलावा दो पुल और एक रेलवे स्टेशन को निशाना बनाया गया। इस बीच, ईरान ने पलटवार करते हुए कहा कि अगर हमला हुआ तो ऐसा जवाब देंगे, जिसे भूल नहीं पाओगे। ईरानी अधिकारियों ने युवाओं से बिजली संयंत्रों की रक्षा के लिए उनके चारों ओर मानव श्रृंखला बनाने की अपील की है।

ट्रंप ने पहले भी समयसीमा बढ़ाई थी, लेकिन उन्होंने संकेत दिया कि वाशिंगटन में मंगलवार रात आठ बजे तक की समयसीमा अंतिम है। इसी के साथ दोनों पक्षों की ओर से बयानबाजी चरम पर पहुंच गई, जिससे ईरानी नागरिकों की चिंता बढ़ गई है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने धमकी दी है कि यदि ईरान होर्मुज को पूरी तरह से नहीं खोलता, तो उसके सभी बिजली संयंत्रों और पुलों को नष्ट कर दिया जाएगा। इस जलडमरूमध्य के रास्ते शांति काल में दुनिया के करीब 20 प्रतिशत तेल का परिवहन होता है। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन ने मंगलवार को कहा कि उनके समेत 1.4 करोड़ ईरानी स्वयंसेवक युद्ध में अपनी जान देने के लिए तैयार हैं। वहीं, इजराइल ने ईरान की अर्थव्यवस्था को झटका देने के उद्देश्य से किए जा रहे हमलों की संख्या में लगातार वृद्धि की है। जिसमें 18 की मौत हो गई। ईरान ने भी इजराइल व सऊदी अरब पर मिसाइलें और ड्रोन दागे हैं, जिसमें एक प्रमुख पुल को अस्थायी रूप से बंद करना पड़ा। ईरान हालांकि, उन्नत अमेरिकी और इजराइली हथियारों या हवाई प्रभुत्व का मुकाबला नहीं कर सकता, लेकिन होर्मुज पर उसकी पकड़ विश्व अर्थव्यवस्था को भारी नुकसान पहुंचा रही है, जिससे ट्रंप पर देश और विदेश दोनों जगह से इस गतिरोध से बाहर निकलने का रास्ता खोजने का दबाव बढ़ रहा है। कूटनीति से संकट को सुलझाने की प्रक्रिया में शामिल अधिकारियों ने कहा कि बातचीत जारी है - लेकिन ईरान ने नवीनतम अमेरिकी प्रस्ताव को खारिज कर दिया है, और यह स्पष्ट नहीं है कि ट्रंप के संभावित हमलों को रोकने के लिए समय पर कोई समझौता हो पाएगा या नहीं।



अपने ऊर्जा ठिकानों के बचाव को लेकर ईरान के लोगों ने मानव श्रृंखला बनाई।

- ईरानी राष्ट्रपति बोले- मेरे समेत 1.4 करोड़ ईरानी युद्ध में अपनी जान देने के लिए तैयार
- युवाओं से बिजली संयंत्रों की रक्षा के लिए उनके चारों ओर मानव श्रृंखला बनाने की अपील
- इजराइल की ईरान पर एयरस्ट्राइक, 18 की मौत ईरान बोला- अमेरिका के दोस्तों पर अटैक करेंगे



### ईरान में अपने नागरिकों से भारत ने कहा- जहां हैं, वहीं रहें...48 घंटे संवेदनशील

नई दिल्ली। वाशिंगटन द्वारा तेहरान को दी गई चेतावनी के बाद पश्चिम एशिया संकट के एक गंभीर मोड़ पर पहुंचने के बीच भारत ने मंगलवार को ईरान में मौजूद अपने नागरिकों को अगले 48 घंटों तक जहां हैं, वहीं रहने की सलाह दी। आपातकालीन परामर्श में, ईरान स्थित भारतीय दूतावास ने भारतीयों से घर के भीतर रहने तथा सैन्य ठिकानों, ऊर्जा ढांचों और बहुमंजिला इमारतों की ऊपरी मंजिलों से पूरी तरह दूर रहने का आग्रह किया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चेतावनी दी है कि अगर ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य की नाकेबंदी खत्म करने के लिए उनके द्वारा दी गई रात 8 बजे (पूर्वी समय) तक की समयसीमा (भारतीय समय के अनुसार बुधवार सुबह 5:30 बजे) का पालन नहीं करता है, तो पूरी की पूरी सभ्यता आज रात खत्म हो जाएगी।

# शिक्षामित्रों को 18, अनुदेशकों को 17 हजार रुपये मानदेय

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- मंत्रिपरिषद से 22 प्रस्तावों को मंजूरी, 25 लाख युवाओं को मिलेंगे टैबलेट-स्मार्टफोन
- शिक्षामित्रों को लेकर सीएम की घोषणा पर मुहर, 1475.27 करोड़ का अतिरिक्त बोझ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में 22 प्रस्तावों को मंजूरी देते हुए शिक्षामित्रों और अंशकालिक अनुदेशकों के मानदेय में 80 फीसदी की ऐतिहासिक बढ़ोतरी की गई। साथ ही चार हजार करोड़ रुपये से 25 लाख उच्चशिक्षा के विद्यार्थियों को बांटने के लिए टैबलेट और स्मार्टफोन खरीद की स्वीकृति दी गई।

मंत्रिपरिषद की बैठक में शिक्षा के अलावा उद्योग, इंफ्रास्ट्रक्चर, परिवहन, शहरी विकास और स्वास्थ्य से जुड़े कई अहम प्रस्तावों को भी मंजूरी दी गई, जिससे विकास परियोजनाओं को गति मिलने की उम्मीद है। बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने बताया कि प्रदेश में 1,42,929 शिक्षामित्र कार्यरत हैं, जिनमें से 1,29,332 का मानदेय समग्र शिक्षा अभियान के तहत केंद्र व राज्य के 60-40 फीसदी के साझा अंश से दिया जाता है। यदि केंद्रांश स्वीकृत नहीं होता है तो राज्य सरकार अतिरिक्त भार वहन करेगी। वहीं, 24,717 अंशकालिक अनुदेशकों को भी इस फैसले से बड़ी राहत मिली है। अब शिक्षामित्रों को 10,000 की जगह 18,000 और अंशकालिक अनुदेशकों को 9,000 के स्थान पर 17,000 प्रतिमाह मानदेय मिलेगा। यह वृद्धि 1 अप्रैल 2026 से प्रभावी होगी और मई माह के भुगतान में शामिल की जाएगी। इस फैसले से प्रदेश के 1.6 लाख से अधिक शिक्षा कर्मियों को सीधा लाभ मिलेगा, जबकि सरकार पर 1475.27 करोड़ का अतिरिक्त वित्तीय भार आएगा।

### कैबिनेट के अन्य बड़े फैसले

- पीपीपी मॉडल पर 49 बस स्टेशनों का एयरपोर्ट जैसा कायाकल्प।
- ग्रेटर नोएडा में 'मेट्रो विश्वविद्यालय' की मंजूरी।
- सामाजिक न्याय के प्रणेताओं के स्मारकों का सरकार करेगी संरक्षण।
- हर विधानसभा में 10 स्मारकों का विकास।
- 'डॉ. बीआर आंबेडकर मूर्ति विकास योजना' को किया स्वीकृत।
- गोरखपुर में उप्र वनिकी एवं औद्यानिकी विश्वविद्यालय अध्यादेश।
- बलिया में स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय की स्थापना।
- शहरी विकास व औद्योगिक निवेश को बढ़ावा।
- मेट्रो, बस स्टेशन और सड़क-पुल की कई परियोजनाओं को हरी झंडी।
- औद्योगिक विकास को 24,000 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों को मंजूरी।
- शाहजहांपुर, गोरखपुर, ग्रे. नोएडा, प्रयागराज, हाथरस, यमुना, मुरादाबाद में औद्योगिक इकाई मंजूर।
- हिंदू बांग्लादेशी विस्थापित परिवारों के पुनर्वास और भूमि आवंटन से जुड़े निर्णय।

# कांग्रेस नेता पवन खेड़ा के घर पर असम पुलिस का छापा



कांग्रेस नेता के आवास पर पहुंची असम पुलिस।

- कांग्रेस ने प्रतिशोध की कार्रवाई का लगाया आरोप मुख्यमंत्री हिमंत बोले- पुलिस खेड़ा को पाताल से भी ढूंढ निकालेगी
- सीएम की पत्नी के पास 3 पासपोर्ट होने के आरोप लगने के मामले में खेड़ा पर दर्ज हुई रिपोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

असम पुलिस मंगलवार को दिल्ली में कांग्रेस नेता पवन खेड़ा के आवास पर उनसे पूछताछ के लिए पहुंची और तलाशी ली। यह कार्रवाई मुख्यमंत्री हिमंत शर्मा की पत्नी पत्नी रिनिकी भुइयां द्वारा खेड़ा के आरोपों के खिलाफ दर्ज कराई गई शिकायत पर की गई।

खेड़ा ने असम के मुख्यमंत्री की पत्नी पर तीन पासपोर्ट और अघोषित संपत्ति रखने का आरोप लगाया था। असम पुलिस के डीसीपी देबोजित नाथ ने कांग्रेस नेता के आवास के बाहर संवाददाताओं से कहा कि खेड़ा अपने आवास पर नहीं मिले, लेकिन वहां से इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त किए गए हैं। नाथ ने कहा कि कुछ दोष साबित करने वाली सामग्री मिली है। डीसीपी ने बताया कि गुवाहाटी की अपराध शाखा पुलिस थाना ने मामले में प्राथमिकी दर्ज की है। कांग्रेस ने शर्मा पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि वह नौ अप्रैल के चुनावों में आसन्न हार के कारण परेशान, विचलित हैं और विपक्ष की आवाज को दबाने के लिए सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग कर रहे हैं। वहीं, मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस खेड़ा को पाताल से भी ढूंढ निकालेगी और उनसे उन फर्जी दस्तावेजों के बारे में पूछताछ करेगी, जिनका इस्तेमाल उनके परिवार को निशाना बनाने के लिए किया था।

# मानव संपदा पोर्टल पर दर्ज होगा कर्मियों का पूरा रिकॉर्ड

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- विभागीय कार्रवाई व सतर्कता जांच की जानकारी ऑनलाइन करना अनिवार्य

**अमृत विचार :** प्रदेश सरकार ने कार्मिक प्रबंधन को अधिक पारदर्शी और जवाबदेह बनाने के लिए बड़ा निर्णय लेते हुए अब सभी कर्मचारियों के खिलाफ लंबित या संचालित विभागीय कार्रवाई और सतर्कता जांच का विवरण मानव संपदा पोर्टल पर दर्ज करना अनिवार्य कर दिया है। इस संबंध में प्रमुख सचिव कार्मिक एम. देवराज ने मंगलवार को सभी विभागों, मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं।

यह व्यवस्था इसलिए लागू की गई है ताकि कर्मचारियों से संबंधित समस्त सूचनाएं एक ही डिजिटल प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध रहें और विभागीय कार्यवाहियां पारदर्शी, समयबद्ध और प्रभावी ढंग से संचालित हो सकें। निर्देशों के मुताबिक, प्रत्येक कार्यालय का ऑफिस एडमिन लॉगिन के माध्यम से अपने अधीन कार्यरत सभी कर्मचारियों की विभागीय कार्यवाही (नियम-7, 10(2)) और सतर्कता जांच की स्थिति पोर्टल पर अपडेट करेगा। नोडल अधिकारी फिल डीपी स्टेटस विकल्प के जरिए संबंधित कर्मचारियों का पूरा विवरण दर्ज करेंगे।



### सेवा पुस्तिका से भी जोड़ा जाएगा विवरण

यदि किसी कर्मचारी के खिलाफ विभागीय या सतर्कता जांच का इतिहास है, तो उसकी पूरी जानकारी मानव संपदा पोर्टल के सर्विस बुक मॉड्यूल में भी अपडेट करनी होगी, जिससे भविष्य में रिकॉर्ड ट्रैकिंग आसान हो सके।

### अहम है यह फैसला

कार्मिक प्रबंधन में पारदर्शिता बढ़ेगी। विभागीय कार्रवाई की निगरानी आसान होगी। डिजिटल रिकॉर्ड से जवाबदेही तय होगी। भ्रष्टाचार पर लगेगा अंकुश।

**सुप्रीम सुनवाई** | नौ जजों की संविधान पीठ ने महिलाओं की एंट्री मामले में 5 घंटें की सुनवाई, केंद्र ने अपना पक्ष रखते हुए कहा

# 2018 का सबरीमाला फैसला त्रुटिपूर्ण था, पुनर्विचार जरूरी

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्र ने मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट से कहा कि 2018 का सबरीमाला फैसला त्रुटिपूर्ण था और इस पर पुनर्विचार की आवश्यकता है। फैसले में केरल के सबरीमाला मंदिर में 10 से 50 वर्ष की महिलाओं के प्रवेश पर लगे प्रतिबंध को हटाया गया था। सीजेआई सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली नौ न्यायाधीशों की पीठ के समक्ष पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि उन्हें 2018 के सबरीमाला फैसले में की गई उस टिप्पणी पर कड़ी आपत्ति है जिसमें कहा गया कि 10-50 वर्ष की आयु वर्ग की महिलाओं को मंदिर से बाहर रखना 'अस्पृश्यता' का एक रूप है, जो अनुच्छेद 17 का उल्लंघन है।

सबरीमाला मामले में, न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़ का मत था कि उम्र या मासिक धर्म की स्थिति के आधार पर महिलाओं को केरल के सबरीमाला मंदिर में प्रवेश से रोकना अस्पृश्यता का एक रूप है जो उन्हें अधीनस्थ स्थिति में रखता है, पितृसत्ता को कायम रखता है और उनकी गरिमा के लिए अपमानजनक है। मेहता ने कहा, भारत उतना पितृसत्तात्मक या लैंगिक रूढ़ियों से ग्रस्त नहीं है जितना पश्चिम समझता है। मेहता ने कहा कि अनिवार्य धार्मिक प्रथाओं का अनावश्यक सिद्धांत पेश किया गया है, लेकिन सवाल यह है कि अनिवार्य क्या है, इसका निर्णय कैसे किया जाए। यह आस्था, विश्वास का विषय है। किसी बात को आवश्यक मानने या न मानने के लिए, सबसे पहले धार्मिक ग्रंथों का न्यायिक विश्लेषण करना होगा। ग्रंथों को उसी तरह समझना होगा जिस तरह उन्हें समझा जाना चाहिए। मेरा विनम्र निवेदन है कि यह तभी संभव है जब व्यक्ति आध्यात्मिक समझ के उस स्तर को प्राप्त कर ले। मेहता ने कहा, भारत ने हमेशा से महिलाओं के साथ समान व्यवहार किया है। मेहता ने अदालत से कहा, हम शायद एकमात्र ऐसे समाज हैं जो महिलाओं की पूजा करते हैं। राष्ट्रपति से लेकर प्रधानमंत्री और उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों तक, हम देवियों के सामने नतमस्तक होते हैं। इसलिए, हमें इस चर्चा में पितृसत्ता और लैंगिक रूढ़ियों की अवधारणाओं को शामिल नहीं करना चाहिए।



### गुण-दोष पर विचार के बजाय 7 प्रश्नों तक पीठ सीमित

पीठ ने कहा कि वह सबरीमाला फैसले के गुण-दोष पर विचार नहीं करेगी और मामले में निर्धारित सात प्रश्नों तक ही सीमित रहेगी। सितंबर 2018 में, पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने एक के मुकाबले चार के बहुमत से फैसला सुनाते हुए उस प्रतिबंध को हटा दिया था जो 10 से 50 वर्ष की आयु की महिलाओं को सबरीमाला अयप्पा मंदिर में प्रवेश करने से रोकता था। इसके बाद, 14 नवंबर, 2019 को, तत्कालीन प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगोई की अध्यक्षता वाली पांच-न्यायाधीशों की एक अन्य पीठ ने दो के मुकाबले तीन के बहुमत से, विभिन्न पूजा स्थलों पर महिलाओं के खिलाफ भेदभाव के मुद्दे को एक बड़ी पीठ के पास भेज दिया।


ADMISSIONS OPEN · SESSION 2026-27

India s Most Advanced Photography and Film Making Degrees. Now in Bareilly.

Diploma · BFA · MFA · UGC-Recognised · NEP 2020 Aligned

33000+ STUDENTS TRAINED | 40+ COUNTRIES WORLDWIDE | 16 YEARS OF EXCELLENCE | 100% PLACEMENT RECORD | 60 ACRES MODERN CAMPUS - BIU



ABOUT THE FACULTY

The Faculty of Fine Arts (FFA) is the result of a landmark academic collaboration between IIP Academy, India's most respected photography institution, and Bareilly International University, a UGC-recognised university on a 60-acre modern campus in Bareilly, Uttar Pradesh. For the first time in North India, students can pursue structured, industry-facing degree programmes in Photography and Film Making within a full university ecosystem, combining creative practice with academic progression.

All programmes are full-time, credit-based, and NEP 2020 compliant. BFA Honours (4-year) pathway available. MFA entry open to BFA graduates and working professionals.

Photography & Visual Arts
DIPLOMA · 2 YRS | BFA · 3-4 YRS | MFA · 1-2 YRS
Studio photography, documentary, commercial, fashion, product, photojournalism, and visual research.

Film Making & Moving Image
DIPLOMA · 2 YRS | BFA · 3-4 YRS
Cinematography, direction, screenwriting, editing, sound design, documentary filmmaking, production management.

TEACHING METHODOLOGY
• Studio-First. Industry-Integrated.
• Every semester is structured around real projects, 80% practical. Students work alongside mentors on media & advertising campaigns, cultural documentation, participation in government events
• Guru-Shishya mentor-ship model
• Credit-based project assessments
• Mandatory internship semesters
• Portfolio-led evaluation
• Interdisciplinary learning: art, tech, culture, entrepreneurship

CAMPUS & INFRASTRUCTURE
• A University Built for Creative Practice
• 60-acre modern BIU campus, Bareilly
• Professional photography studios
• Analog darkroom facility, Digital editing & post-production labs, Film set and production spaces, Art studios and critique galleries, Library & visual research center
• On-campus hostels and student facilities,
• Noida campus: Advanced/ industrial training

PLACEMENTS & CAREERS
• 100% Placement. Every Batch
• IIP Academy maintains an unbroken placement record across all graduating batches. The dedicated industry connect cell works with media houses, production studios, advertising agencies, and cultural organisations
• Career counselling from Year 1, Live brief industry assignments
• National & international exhibitions

IIP ACADEMY

www.sepiaadvertising.com/04/26

ADMISSIONS NOW OPEN
Pre-Register Today | Limited Seats per Batch
Entrance test and academic counselling for all programmes.
UGC-recognised degrees · Education loan facility · Hostel available
CAMPUS: PILIBHIT BYPASS ROAD BAREILLY-243006

9015 422 322
ADMISSIONS HELPLINE

# खुटार में छह गेहूं क्रय केंद्रों पर तौल मिली बंद

## चार सेंटर प्रभारी नदारद, पुनौति खुर्द, चांदपुर, हरिहरपुर-प्रतापपुर व लालपुर में ग्रामीण सहकारी समितियों पर लटके मिले ताले

**अमृत विचार पड़ताल**

संवाददाता, खुटार

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी के आदेश के बाद भी खुटार में ग्रामीण सहकारी समितियों पर खुले गेहूं क्रय केंद्रों पर गेहूं की तौल अभी तक शुरू नहीं हो पाई है। यहां केवल बैनर टांग दिए गए है और केंद्रों से केंद्र प्रभारी नदारद रहते हैं। हकीकत जानने के लिए मंगलवार को अमृत विचार की टीम ने पड़ताल की।

इस दौरान छह केंद्रों पर गेहूं की तौल बंद मिली। खुटार के नारायणपुर-विक्रमपुर और मलिका के ग्रामीण सहकारी समिति पर बैनर लगा मिला। यहां पर केंद्र प्रभारी मौजूद मिले। लेकिन एक भी किसान का गेहूं अभी तक खरीदा नहीं गया। वहीं सहकारी समिति पुनौती खुर्द, चांदपुर, हरिहरपुर-प्रतापपुर और लालपुर में गेहूं क्रय केंद्रों पर ताला लटका मिला।

साथ ही केंद्र प्रभारी गायब मिले। इन केंद्रों पर बैनर, बारदाना, कांटा, बांट तक नहीं मिला। इससे किसानों को गेहूं बेचने के लिए आढ़तों व मिलों पर जाना पड़ रहा है। किसानों के मुताबिक जिलाधिकारी के आदेश पर 1 अप्रैल से गेहूं खरीद की शुरुआत कर दी गई है।

इसके बावजूद गेहूं की खरीद बंद है और केंद्र प्रभारी गायब रहते है। किसानों को इधर-उधर भटकना पड़ रहा है।

### नारायणपुर-विक्रमपुर में तौल मिली बंद, लटका मिला बैनर




मंगलवार दिन में 11 :13 बजे नारायणपुर विक्रमपुर ग्रामीण सहकारी समिति पर गेहूं की तौल बंद मिली। यहां केंद्र पर केवल बैनर लगा मिला और बरदाना सामान नहीं था। केंद्र पर सेंटर प्रभारी मुकेश सिंह मौजूद थे। उन्होंने कहा कि अभी तौल शुरू नहीं हो पाई है। यहां का सेंटर मोबाइल हो गया है और कस्बा बंडा निवासी एक युवक के द्वारा चलाया जा रहा है।

### मलिका सहकारी समिति पर सेंटर प्रभारी मिले पर खरीद शून्य




सुबह 11 :25 बजे मलिका ग्रामीण सहकारी समिति पर तौल बंद मिली। केंद्र पर सेंटर प्रभारी अमित मिश्रा मौजूद मिले। लेकिन यहां एक भी किसान का गेहूं खरीदा नहीं जा सका है। केवल बैनर टांग दिया गया है। सेंटर प्रभारी ने कहा कि बारदाना नहीं मिला है। जिस कारण गेहूं की तौल शुरू नहीं हो पाई है। बारदाना आदि सामान उपलब्ध होने पर तौल शुरू कर दी जाएगी।

### पुनौति खुर्द का गेंहू क्रय केंद्र मिला बंद, प्रभारी गायब




खुटार के पुनौती खुर्द ग्रामीण सहकारी समिति पर गेहूं क्रय केंद्र का सेंटर बंद मिला। केंद्र पर ताला लटका था और बैनर, बारदाना आदि सामान गायब था। यह तक कि सेंटर प्रभारी मौजूद नहीं थे। केंद्र पर सुनसान था, जबकि गेंहू खरीद तक अभी शुरू नहीं हो पाई। केवल गेंहू खरीद के नाम पर खानापूर्ति की जा रही है। उच्चाधिकारियों को गेंहू खरीद के मामले में जिम्मेदार गुमराह कर रहे है। इससे किसान गेंहू बेचने के लिए सेंटरों पर जाते है। लेकिन खरीद बंद के चलते वापस लौटना पड़ता है।

> गेंहू क्रय केंद्रों पर सभी तैयारियां पूर्ण है। बारदाना उपलब्ध न होने के कारण क्रय केंद्रों पर तौल शुरू नहीं हो सकी है। बारदाना उपलब्ध होते ही तौल शुरू करा दी जाएगी। - **अखिलेश प्रताप सिंह**, एआर कोआपरेटिव, शाहजहांपुर

### लालपुर का सेंटर भी मिला बंद, बैनर तक गायब




दिन में 12 :55 बजे लालपुर ग्रामीण सहकारी समिति पर केंद्र प्रभारी मौजूद नहीं मिले। केंद्र पर ताला लटका हुआ था। यहां भी अन्य तीन समितियों की तरह बैनर, बारदाना, कांटा बांट तक उपलब्ध नहीं था। जिस कारण केंद्र पर गेहूं खरीद की शुरुआत नहीं हो सकी और किसानों को गेहूं बेचने को इधर-उधर जाना पड़ रहा है। फिर भी जिम्मेदार अधिकारी अपनी जिम्मेदारियों से बच रहे है। जबकि किसानों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है।

### चांदपुर के केंद्र प्रभारी नदारद, लटका मिला ताला

मंगलवार दिन में 12 :13 बजे चांदपुर ग्रामीण सहकारी समिति पर केंद्र प्रभारी नदारद मिले। यहां भी अभी तक गेंहू की तौल शुरू नहीं हुई है। समिति पर गेंहू खरीद की तो दूर यहां बैनर तक नहीं लगाया गया है। जबकि कांटा, बांट और बारदाना केंद्र पर मौजूद नहीं है। केवल अधिकारियों को गेंहू खरीद होने की बात कहकर पल्ला झाड़ा जा रहा है। लेकिन हकीकत में गेंहू खरीद के नाम पर खानापूर्ति हो रही है। इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारी ध्यान देने की जरूरत नहीं समझते हैं।

### हरिहरपुर-प्रतापपुर का सेंटर मिला बंद गायब रहे प्रभारी

मंगलवार दिन में 12 :20 बजे हरिहरपुर-प्रतापपुर में ग्रामीण सहकारी समिति पर भी यही हाल देखने को मिला। केंद्र पर प्रभारी मौजूद नहीं थे और गेट पर ताला लटका था। केंद्र पर बैनर नहीं लगा था और बारदाना आदि सामान उपलब्ध नहीं था। केंद्र प्रभारी की लापरवाही के चलते गेहूं खरीद की शुरू नहीं हुई और न ही किसी किसान का गेंहू खरीदा जा सका है। हालांकि, केंद्र प्रभारी से इस सिलसिले में बात नहीं हुई है। उधर, किसानों को काफी परेशानी हुई।

## न्यूज ब्रीफ

### राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा के जिलाध्यक्ष बने राजीव



**मीरानपुर कटरा, अमृत विचार :** कटरा नगर के मोहल्ला रामनगर कॉलोनी निवासी राजीव कुमार शर्मा एडवोकेट को राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा (आर.ए.एम) के संस्थापक अलंकार अग्निहोत्री की संस्तुति पर राजीव शर्मा को जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। पूर्व में सेंट्रल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी भी संभाल चुके हैं। उनसे आशा व्यक्त की गई है कि वह मोर्चा को और भी अधिक सशक्त बनाएंगे। जिलाध्यक्ष मनोनीत होने पर मोर्चा के पदाधिकारियों ने उन्हें बधाई दी है।

### हिंदू युवा वाहिनी की महानगर टीम का गठन



**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** हिंदू युवा वाहिनी की महानगर टीम का गठन किया गया। जिलाध्यक्ष दीपक त्रिपाठी और महानगर अध्यक्ष शांतनु गुप्ता की देखरेख में हुए कार्यक्रम में महानगर टीम के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने शहीदों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के दौरान नई टीम को मनोनयन पत्र देकर व माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। साथ ही संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया गया।

### भरतपुर में प्रधान पद के लिए सदस्य नामित

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** विकासखंड मिर्जापुर की ग्राम पंचायत भरतपुर में ग्राम प्रधान मानिस्टर की 18 मार्च 2026 को मृत्यु होने के बाद रिक्त हुए पद के कर्तव्यों के निर्वहन के लिए ग्राम पंचायत सदस्य को नामित करने के लिए बैठक की गई। डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय कक्ष में हुई बैठक में ग्राम पंचायत के निर्वाचित सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में कुल 13 सदस्यों में से 11 सदस्य उपस्थित रहे। ग्राम पंचायत भरतपुर में प्रधान का पद पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित है। डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह की ओर से उपस्थित सदस्यों का मत लिया गया, जिसमें सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से ग्राम पंचायत सदस्य हवलदार पुत्र फुलवारी को प्रधान चुना।

### गेहूं की उत्पादकता जांचने के लिए खेत में पहुंचे अधिकारी

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** अपर सांख्यिकी अधिकारी चकलेश्वर सिंह की देखरेख में विकासखंड भावलखेड़ा के ग्राम पंचायत सल्लिया में गेहूं की फसल की औसत उपज और उत्पादन का आंकड़ा जुटाने के लिए फसल कटाई का जायजा लिया गया। इस दौरान अधिकारियों ने खेत में पहुंचकर क्रॉप कटिंग कर उपज की स्थिति परखी। अपर सांख्यिकी अधिकारी चकलेश्वर सिंह ने कृषक अनुराग कुमार के खेत में 43.3 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में 10-10-10 मीटर का समबाहु त्रिभुज प्लाट बनवाकर सीसीई एग्री ऐप के माध्यम से फसल की क्रॉप कटिंग कराई। इसके बाद गेहूं की पिटाई कराकर तौल कराई गई, जिसमें 23.09 किलोग्राम उपज प्राप्त हुई। उन्होंने किसानों से फसल बीमा और किसान पंजीकरण कराने की अपील की, ताकि सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सके। इस मौके पर कानूनगो अवधेश बाजपेई, लेखपाल अखलेश कुमार, बीमा कंपनी के जिला समन्वयक समी आलम, अभिषेक सिंह सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

### महिला को घर से निकाला, रिपोर्ट

**शाहजहांपुर अमृत विचार :** दहेज में दो लाख रुपये न देने पर ससुराल वालों ने महिला को जान से मारकर गंगा में फेंकने की धमकी दी। विरोध करने पर मारपीट की और घर से निकाल दिया। पुलिस ने पति समेत चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

मिर्जापुर थाना क्षेत्र के गांव औरंगाबाद निवासी मुस्कान ने थाना पर दी गई तहरीर में बताया कि उसकी शादी दो साल पहले सुमित निवासी औरंगाबाद थाना मिर्जापुर के साथ हुई थी। उसके मायके वालों ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार दहेज दिया था। दहेज से ससुराल वाले संतुष्ट नहीं थे। ससुराल वाले दिए गए दहेज से संतुष्ट नहीं थे और प्रताड़ित करने लगे थे। ससुराल वालों ने उससे कहा कि मायके से दो लाख रुपये मंगाकर दो। उसने ससुराल वालों से कहा कि मायके वाले अब कुछ नहीं दे पाएगे। ससुराल वालों ने उसे धमकी दी कि मायके वालों ने दो लाख रुपये नहीं दिए तो मारकर गंगा नदी में बहा देंगे। ससुराल वाले उसे मायके नहीं जाने दे रहे थे। उसने अपने मायके वालों को जानकारी दी। उसकेपिता अपनी बेटी की ससुराल गए। आरोप है कि ससुराल वालों ने सारा जेवर रख लिया। 27 मार्च को उसे पिता के साथ घर से निकाल दिया। वह मायके में रह रही है और आए दिन ससुराल वाले धमकी दे रहे है। उसे ससुराल वालों से जान माल का खतरा बना हुआ है। पुलिस ने आरोपी पति सुमित सक्सेना समेत चार लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# उत्तर प्रदेश और असम उद्योगों की बढ़ेगी रफ्तार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर


असम के राज्यपाल से चर्चा करते आईआईए के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक अग्रवाल।

- असम के राज्यपाल से मिले यूपी के उद्यमी, आईआईए प्रतिनिधिमंडल ने रखे विकास के प्रस्ताव

**अमृत विचार :** इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने असम के राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य से लोकभवन में मुलाकात कर औद्योगिक विकास और सहयोग के मुद्दों पर चर्चा की। बैठक में असम की विकास नीतियों, उद्योगों की संभावनाओं और उत्तर प्रदेश के साथ समन्वय को लेकर विचार-विमर्श किया गया।

आईआईए के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश गोयल और वरिष्ठ उपाध्यक्ष आलोक अग्रवाल के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों से पहुंचे उद्योग प्रतिनिधियों ने असम के औद्योगिक विकास में सहयोग के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत किए। उद्यमियों ने आयुष उत्पादों और खाद्य प्रसंस्करण उद्योग में संयुक्त रूप से कार्य करने की बात कही।

साथ ही नए उद्यमियों को प्रोत्साहन और उद्यमिता विकास के लिए आपसी सहयोग पर सहमति जताई गई। उद्यमियों ने सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों की सहायता के लिए आईआईए के नॉलेज बैंक के माध्यम से तकनीकी और रणनीतिक जानकारी साझा करने का प्रस्ताव रखा।

पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक अग्रवाल ने उद्योगों में कुशल जनशक्ति की जरूरत को देखते हुए प्लेसमेंट और औद्योगिक प्रशिक्षण में सहयोग की बात कही। असम में बांस की प्रचुरता को देखते हुए प्लाईवुड और कपड़ा उद्योग स्थापित करने पर भी जोर दिया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश गोयल ने कहा कि राज्यपाल का रुख उद्योगों के प्रति सकारात्मक है और उत्तर प्रदेश व असम के बीच यह समन्वय एमएसएमई क्षेत्र को नई दिशा देगा। इस अवसर पर असम के उद्योग आयुक्त नरेंद्र कुमार और उद्योग विभाग के वरिष्ठ आईएएस मीनाक्षी सुंदरम भी उपस्थित रहे। शाहजहांपुर से शामिल आईआईए के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक अग्रवाल का सम्मान किया गया।

# सात में दो शिकायतों का किया निस्तारण

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर


नगर निगम कार्यालय में जन समस्याएं सुनतीं नगर आयुक्त सौम्या गुरुरानी।

- नगर निगम कार्यालय में नगर आयुक्त से सुनी जन समस्याएं

**अमृत विचार :** नगर आयुक्त सौम्या गुरुरानी की अध्यक्षता में मंगलवार को नगर निगम कार्यालय में जन सुनवाई दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें नगर क्षेत्र के लोगों ने साफ-सफाई, शुद्ध पेयजल की आपूर्ति, प्रकाश बिन्दु, नाली निर्माण एवं कर विभाग से सम्बन्धित अपनी समस्याओं एवं शिकायतों को रखा।

जन सुनवाई दिवस में नगर क्षेत्र से प्राप्त जन समस्याओं-शिकायतों को नगर आयुक्त ने गंभीरतापूर्वक सुना। उन्होंने जन-समस्याओं का संज्ञान लेते हुये संबंधित विभागों के अधिकारियों/कर्मचारियों को शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करने के निर्देश दिए। जन-सुनवाई दिवस में सात शिकायतें प्राप्त हुई। इनमें मौके पर ही दो समस्या का निस्तारण किया गया। शेष के निस्तारण हेतु त्वरित कार्यवाही किये जाने के लिए सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए। जन सुनवाई दिवस में अपर नगर आयुक्त एसके सिंह, संयुक्त नगर आयुक्त संगीता कुमारी, सहायक नगर आयुक्त राजकुमार गुप्ता, मुख्य अभियंता सिविल आशीष त्रिवेदी, लेखाधिकारी नरेंद्र प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

# शिक्षा चौपाल में निपुण लक्ष्य प्राप्ति पर जोर

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



चौढ़ेरा में आयोजित शिक्षा चौपाल में मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित करते अतिथि।

- मेधावी छात्र-छात्राएं और शिक्षक को किया सम्मानित

**अमृत विचार :** विकासखंड भावलखेड़ा की न्याय पंचायत चौढ़ेरा में प्राथमिक विद्यालय चौढ़ेरा में शिक्षा चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य निपुण भारत मिशन के तहत 3 से 9 वर्ष के बच्चों में पढ़ने-लिखने और गणितीय कौशल का विकास करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी विनय कुमार मिश्रा ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

कार्यक्रम में बच्चों ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। चौपाल के दौरान कक्षा 5 और कक्षा 8 में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षक, शिक्षिका, शिक्षामित्र और अनुदेशक को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी विनय कुमार मिश्रा ने कहा कि निपुण भारत मिशन बच्चों के भविष्य को संवारने का महत्वपूर्ण अभियान है और इसमें समाज, अभिभावक और शिक्षकों की संयुक्त भूमिका जरूरी है। उन्होंने शिक्षकों से बच्चों की समझ और व्यवहारिक ज्ञान पर ध्यान देने और अभिभावकों से बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित कराने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक संकुल डॉ. विमलेश त्रिपाठी ने किया।

इस अवसर पर ग्राम प्रधान गीता देवी, विद्यालय प्रबंध समिति की अध्यक्ष सुशीला देवी, एआरपी नितेंद्र शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष राजकुमार तिवारी, मंडल अध्यक्ष दिनेश गंगवार, शिक्षक संकुल डॉ. विमलेश त्रिपाठी, विचित्र अग्निहोत्री, पारुल सिंघल, नवनीत मिश्रा, प्रधानाध्यापिका अनुराधा अग्रवाल सहित अन्य शिक्षक व अभिभावक मौजूद रहे।

### सपा छात्र सभा ने की ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति

**तिलहर, अमृत विचार :** समाजवादी छात्र सभा के जिला अध्यक्ष प्रसून कुमार ने तिलहर और खुदागंज ब्लॉक के अध्यक्षों की नियुक्ति की है। संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। जानकारी के अनुसार तिलहर विधानसभा क्षेत्र के गांव आलमपुर निवासी मौसम अली खान को तिलहर ब्लॉक अध्यक्ष बनाया गया है। वहीं खुदागंज ब्लॉक के लिए गांव सैजना निवासी बालेश्वर गंगवार को अध्यक्ष मनोनीत किया गया है।


ब्लॉक अध्यक्ष को मिठाई खिलाते कार्यकर्ता।

## न्यूज डायरी



### क्षेत्राधिकारी ने थाने का किया औचक निरीक्षण, दिए निर्देश

**मीरानपुर कटरा, अमृत विचार :** क्षेत्राधिकारी तिलहर ज्योति यादव ने थाना कटरा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी ने थाने के महत्वपूर्ण अभिलेखों और रजिस्टरों के रख-रखाव का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने सभी प्रविष्टियों को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने महिला हेल्प डेस्क पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली। इसके अतिरिक्त, थाने की साफ-सफाई, मालखाने के रखरखाव, कंप्यूटर कक्ष और अन्य बुनियादी सुविधाओं का भी जायजा लिया। उन्होंने यह भी बताया कि पुलिसिंग को अधिक प्रभावी बनाने और जनसुनवाई व सरकारी कार्यों में गुणवत्ता बनाए रखने के लिए थानों का समय-समय पर निरीक्षण अनिवार्य है। निरीक्षण के दौरान उनके साथ थाना प्रभारी निरीक्षक अवधेश कुमार सिंह सहित अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।



### बंडा में धड़ल्ले से हो रही साठा धान की बुवाई

**बंडा, अमृत विचार :** विकास खंड बंडा में सरकारी प्रतिबंध के बावजूद साठा धान की खेती जोरों पर जारी है। जल स्तर को होने वाले नुकसान के कारण सरकार ने इस पर रोक लगा रखी है, लेकिन क्षेत्र के ग्राम सरदारपुर, ददिउरी के बाद अब नवदिया बंकी, गहलुइया और बरीबरा में भी किसान इसकी पौध लगा रहे हैं। वहीं, सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार हल्का लेखपाल किसानों से प्रति एकड़ तीन से चार हजार रुपये तय करके साठा धान की पौध लगवा रहे हैं। जबकि इस संबंध में गांव नवदिया बंकी के लेखपाल हेमंत कुमार ने बताया कि उन्होंने किसानों को साठा धान की पौध लगाने से मना किया है और प्रशासन को भी अवगत करा दिया है। फिर भी यदि उनके द्वारा नियमों की अवहेलना की जाएगी तो उनके खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।



### मिलेट्स रेसिपी प्रतियोगिता की विजेता छात्राओं को किया सम्मानित

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** गन्ना शोध परिषद में बीते दिनों हुई मिलेट्स रेसिपी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली आर्य महिला डिग्री कॉलेज की छात्राओं को सम्मानित किया गया। गृह विज्ञान विभाग की शिक्षिका श्रीमती सीता वर्मा के निर्देशन में छात्राओं ने मिलेट्स कुकिंग प्रतियोगिता में दिखा मोटे अनाज का जायका, रागी के लड्डू, बर्फी, सावा के चावल की खीर, रागी और चिल्ला आदि व्यंजन बनाए थे। मंगलवार को आर्य महिला डिग्री कॉलेज की प्राचार्या रूपांशु माला ने विजेता छात्राओं सौम्या सिंह, पुष्पांजलि, तान्या तिवारी, रिचा कुशवाहा, नैंसी को धनराशि, प्रमाण पत्र व शील्ड देकर पुरस्कृत किया। प्राचार्य रूपांशु माला ने बताया कि इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य दैनिक आहार में पौष्टिक मोटे अनाज जैसे रागी बाजरा और कंगनी के उपयोग को बढ़ावा देना था।



### तीन दिन से हो रही आंधी-बारिश से किसान परेशान

**परौर/मिर्जापुर, अमृत विचार :** क्षेत्र में पिछले तीन दिनों से चल रही तेज आंधी और बूंदाबांदी ने जनजीवन को प्रभावित कर दिया है। मौसम के बदले मिजाज से जहां आम लोगों की दिनचर्या प्रभावित हुई है, वहीं किसानों की चिंता भी बढ़ गई है। इस समय गेहूं की कटाई का काम चल रहा है, ऐसे में खराब मौसम से फसल को नुकसान की आशंका जताई जा रही है। तेज हवाओं के कारण कई स्थानों पर पेड़ गिरने की घटनाएं सामने आई हैं। थरिया मार्ग समेत कई सड़कों पर पेड़ गिरने से आवागमन बाधित हो गया और लोगों को परेशानी उठानी पड़ी। वहीं कई जगह पेड़ गिरने से बिजली के तार टूट गए, जिससे क्षेत्र के कई गांवों में बिजली आपूर्ति ठप हो गई है। बिजली विभाग की टीमें तारों को दुरुस्त करने में जुटी हैं।

# सीनियर सिटीजन की बैठक में सिटी अस्पताल की उठी मांग

संवाददाता, शाहजहांपुर



बैठक में वरिष्ठ नागरिक और अतिथि।

- पुराने जिला अस्पताल को सिटी अस्पताल बनाने का प्रस्ताव पारित
- मांग पूरी नहीं होने पर धरना प्रदर्शन की दी चेतावनी

**अमृत विचार :** नगर निगम सभागार में सीनियर सिटीजन सोसायटी की मासिक बैठक जिला अध्यक्ष उमेश चंद्र पाठक की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में सर्वसम्मति से पुराने जिला अस्पताल को सिटी अस्पताल के रूप में शुरू करने की मांग शासन से की गई।

सदस्यों ने कहा कि इससे शहरवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकेंगी। कार्यक्रम में नवागत नगर आयुक्त सौम्या गुरु रानी का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। नगर आयुक्त ने अपने संबोधन में कहा कि वरिष्ठ नागरिकों के सहयोग से नगर निगम की सेवाओं को बेहतर तरीके से लागू किया जाएगा। बैठक का संचालन जिला महामंत्री सत्य प्रकाश तिवारी ने किया। अंत में जिला अध्यक्ष उमेश चंद्र पाठक ने कहा कि यदि जल्द सिटी अस्पताल शुरू नहीं किया गया तो समिति को आंदोलन करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

# सेवानिवृत्त शिक्षकों का किया सम्मान



भावलखेड़ा में आयोजित समारोह में सेवानिवृत्त शिक्षकों को सम्मानित करते अतिथि।

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** भावलखेड़ा ब्लॉक सभागार में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की ओर से सत्र 2025-26 का सेवानिवृत्त शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आरंभ मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख राजाराम वर्मा सहित अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया।

ब्लॉक अध्यक्ष वीरपाल और ब्लॉक महामंत्री उपेंद्र गुप्ता की ओर से अतिथियों का स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख राजाराम वर्मा ने कहा कि शिक्षा समाज के विकास की आधारशिला है और शिक्षक राष्ट्र निर्माण के प्रमुख स्तंभ हैं। खंड शिक्षा अधिकारी विनय मिश्रा ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से ही विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास संभव है। समारोह में सेवानिवृत्त शिक्षक सुषमा गुप्ता, सुमन सिंह, मनोज श्रीवास्तव, उषा देवी, विनोद बिहारी मिश्र और रश्मि श्रीवास्तव को सम्मानित किया गया। जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार शर्मा, श्रेयश चंद्र सक्सेना, कमलेश निगम, आशीष सिद्धार्थ, संजीव पाल, जिला उपाध्यक्ष पूनम दुबे, ब्लॉक मीडिया प्रभारी कर्मवीर सिंह, संयुक्त मंत्री नरोत्तम कुमार, ब्लॉक कोषाध्यक्ष अनिरुद्ध शरण वर्मा समेत बड़ी संख्या में शिक्षक मौजूद रहे।

**न्यूज ब्रीफ**

## किशोरी को किया अगवा, रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** कलान थाना क्षेत्र के गांव सहबेगपुर के एक व्यक्ति ने थाना पर दी गई तहरीर में बताया कि उनके पुत्र की मृत्यु पांच माह पूर्व हो चुकी है। 16 वर्षीय पुत्री उनके पास रहती थी। एक सप्ताह पूर्व नातिन को हरदोई रामजीवन अगवा करके ले गया है। उसकी नातिन घर में भैंस बेचने के रखे 55 हजार रुपये ले गई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

## किशोरी को जबरन ले जाने का मामला दर्ज

**तिलहर, अमृत विचार :** क्षेत्र के एक गांव की महिला ने नाबालिग बेटी को जबरदस्ती ले जाने के मामले में चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़िता के अनुसार 17 मार्च की शाम करीब साढ़े सात बजे उसकी 16 वर्षीय बेटी घर पर अकेली थी, तभी आरोपी घर में घुस आए और उसे बलपूर्वक साथ ले गए। महिला ने बताया कि जानकारी मिलने पर वह आरोपियों के यहां बेटी को लेने पहुंची, लेकिन वहां मौजूद चारों लोगों ने उस पर और साथ गए लोगों पर हमला कर दिया। साथ ही जान से मारने की धमकी देते हुए बेटी को वापस देने से इनकार कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अरविन्द, मुकेश, सूरजपाल और पंकज के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## बालक घर से लापता गुमशुदगी दर्ज

**कलान, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के ग्राम हरेली नेकपुर निवासी लीलावती पत्नी दिनेश कुमार ने थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई है कि उनका 12 वर्षीय पुत्र आशीष मानसिक मंदित है, जो 2 अप्रैल को घर से चला गया और वापस नहीं लौटा। परिजनों ने उसकी काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लग सका। परिजनों के अनुसार काफी खोजबीन के बाद भी बालक का पता नहीं चल पाया है। थाना प्रभारी ने बताया कि गुमशुदगी दर्ज कर ली गई है और बालक की तलाश कराई जा रही है।

## भैंस चोरी का खुलासा नहीं, विधायक से लगाई गुहार

**जैतीपुर, अमृत विचार :** सुल्तानपुर में चार दिन पहले चोरी हुई भैंस के मामले में पुलिस अभी तक चोरों को पकड़ने में नाकाम रही है। पीड़ित परिवार के सदस्य खुद अपने स्तर पर चोरों की तलाश कर रहे हैं। सोमवार को भैंस मालिक ने क्षेत्रीय विधायक डॉ. वीर विक्रम सिंह प्रिंस से मिलकर मदद मांगी, जिस पर विधायक ने थाना प्रभारी से फोन पर बात कर घटना का शीघ्र खुलासा करने के निर्देश दिए। बताया गया कि शनिवार रात किसान श्रीराम की चौपाल पर बंधी चार में से दो भैंसों को अज्ञात चोर पिकअप वाहन से चुरा ले गए। चोरों ने खूंटे से भैंसें खोलकर गाड़ी में लाद ली। आहट सुनकर श्रीराम ने चोरों को ललकारा तो उन्होंने गोली मारने की धमकी दी और गौहापुर की ओर फरार हो गए। श्रीराम ने ग्रामीणों के साथ चोरों का पीछा भी किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। थाना प्रभारी प्रिंस शर्मा ने बताया कि पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और एक-दो दिन में खुलासा कर दिया जाएगा।

## ई-रिक्शा की बैटरी चोरी

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** चौक कोतवाली के मोहल्ला अजीजगंज निवासी विनोद कुमार ने थाना पर दी गई तहरीर में बताया कि उसके पास ई-रिक्शा है। घर पर लाइट कट जाने से वह बदायूं कैरियर ट्रांसपोर्ट ई-रिक्शा की बैटरी चार्ज करता था। 4 अप्रैल की शाम ई-रिक्शा ट्रांसपोर्ट पर बैटरी चार्ज करने के लिए खड़ा कर दिया। अज्ञात व्यक्ति ने ई-रिक्शा की चार बैटरी चुरा ली। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# फल-सब्जी मंडी में लगी आग, 26 दुकानें जलीं

## रोजा में शार्ट सर्किट से लगी आग, दमकल विभाग के कर्मचारियों ने पांच घंटे में आग पर पाया काबू

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



दुकानों में लगी आग बुझाते दमकल कर्मी। ● अमृत विचार



आग में अधजले फल। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** रोजा में थोक सब्जी मंडी और फल मंडी में मंगलवार की तड़के विद्युत शार्ट सर्किट से अचानक आग लग गयी। आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया और मंडी में अफरा-तफरी मच गयी। इस दौरान दमकल की कई गाड़ियां मौके पहुंच गई और कई घंटे में आग पर काबू पाया। आग से व्यापारियों को लाखों रुपये का नुकसान हो गया है। नगर मजिस्ट्रेट और मंडी सचिव ने मौका मुआयना किया।

रोजा में सब्जी और फल की थोक मंडी है। सब्जी व्यापारी की दुकान के ऊपर से हाईटेंशन लाइन गुजर रही है। सोमवार की रात करीब पौने तीन बजे बिजली के तारों से आपस में टकराने निकली चिंगारी से आग लग गयी। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग की लपटें ऐसा लग रहा था कि आसमान को छू रही है। मंडी में अफरा-तफरी मच गयी। व्यापारियों ने रोजा थाना और अग्निशमन कार्यालय को सूचना दी। अग्निशमन अधिकारी बीएन पटेल चार फायर सर्विस गाड़ियां लेकर मंडी पहुंच गए। दमकल कर्मचारियों

● **नगर मजिस्ट्रेट और मंडी सचिव ने किया मौका मुआयना**

ने आग को बुझाना शुरु किया। इस दौरान पांच घंटे में आग पर काबू पाया गया। दुकान में वारदाना, सब्जी, फल, गत्ता, लहसून, प्याज आदि सामान रखा हुआ था। अग्निशमन कार्यालय के अनुसार सब्जी व्यापारी मोहम्मद वसीम, मोहम्मद फहीम, जाने आलम, मोहम्मद रशीद, कालीचरन, खुस्तर, रेहान, बहारे आलम, मोहम्मद सईद , फल व्यापारी मोहम्मद महमूद, कमर कुरेशी, नसीम, अख्तर, इसरार, सिराज, कयूम, गुड्डू, असलम, नसीम, लतीफ, मेराज की दुकानें प्रभावित हुई है। बताते है कि व्यापारियों को लाखों रुपये का नुकसान हो गया है। नुकसान को लेकर व्यापारी गहरे सदमे थे। घटना के बाद मंडी में सन्नाटा पसरा हुआ था और चारों तरफ सामान जला हुआ था। अग्निमशन अधिकारी बीएन पटेल ने बताया कि करीब 26 दुकानों में आग लगी थी। अभी नुकसान का आंकड़ा व्यापारियों की तरफ से लिखकर नहीं आयी है। आग लगने का कारण विद्युत शार्ट सर्किट है। इधर नगर मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार और मंडी सचिव रिंकू अग्निकांड स्थल का मौका मुआयना किया और पीड़ित व्यापारियों से बात की। अग्निकांड योजना के तहत व्यापारियों को आर्थिक सहायता दी जाएगी और दुकानों की मरम्मत कराई जाएगी।

अनदेखी होने पर आंदोलन की दी चेतावनी सूचना पर सपा जिला अध्यक्ष व पूर्व चेयरमैन तनवीर खान मौके पर पहुंचे और व्यापारियों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने नगर मजिस्ट्रेट पवेंदर सिंह, एसडीएम सदर संजय पांडे, मंडी सचिव रिंकू लाल कश्यप और डीसीसी ललित नारायण सिंह को मौके पर बुलाकर नुकसान का निरीक्षण कराया। तनवीर खान ने व्यापारियों को अधिक मुआवजा दिलाने और क्षतिग्रस्त दुकानों का पुनर्निर्माण कराने की मांग की, साथ ही चेतावनी दी कि अनदेखी होने पर आंदोलन किया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि मुआवजा और पुनर्निर्माण के लिए मंडी की ओर से कमेटी गठित कर दी गई है। दयाशंकर वर्मा, मोहम्मद नदीम, मोहम्मद आसिफ रजा, आसिफ कुरेशी, रवि कुमार, संजीव वर्मा, यश मौर्य, अशोक सिंह, फराज इदरीसी, रानू खान, खालिद खान, सिद्दीक खान, साजिद अली, विवेक कुमार, जितेंद्र वर्मा सहित बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।

## हबीबुल्लापुर में भैंस की टक्कर से महिला की मौत

**परौर, अमृत विचार :** भैंस की टक्कर से बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। क्षेत्र के गांव हबीबुल्लापुर उर्फ अमृतापुर में सोमवार देर रात भैंस की टक्कर से 70 वर्षीय जानकी पत्नी रामविलास की मौत हो गई। वह शाम करीब 7 बजे घर के बाहर गली से होकर कूड़ा डालने जा रही थीं, तभी गांव के ही राजकुमार की पालतू भैंस अचानक बेकाबू हो गई और उसने उन्हें सींगों से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि वह गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़ीं और कुछ ही क्षणों में दम तोड़ दिया।

घटना के बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ग्रामीणों के अनुसार भैंस पहले भी कई बार उग्र हो चुकी थी। घटना के बाद मृतका के परिवार में कोहराम मचा हुआ है और पूरे गांव में शोक का माहौल है।

## हादसे में घायल चालक की डेढ़ माह बाद मौत

**तिलहर, अमृत विचार :** सड़क हादसे में घायल ट्रक चालक की करीब डेढ़ माह बाद इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक की पत्नी नूरजहां परवीन ने ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराते हुए कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हरदोई जिला के शाहाबाद थाना क्षेत्र के गांव मझिला शिव नगरी निवासी नूरजहां परवीन ने बताया कि उनके पति यासीन मोहम्मद ट्रक चलाते थे। 13 फरवरी की सुबह करीब छह बजे वह हरिद्वार से ट्रक लेकर झांसी जा रहे थे। तिलहर में पावर हाउस के सामने हाइवे पर पीछे से आ रहे एक 14 चक्का ट्रक ने ओवरटेक कर आगे आ गया। सामने ऊंचा ब्रेकर आने पर अचानक ब्रेक लगाने से पीछे वाला ट्रक टकरा गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। इस दौरान भीड़ लग गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल भिजवाकर परिजनों को सूचना की थी। घायल को इलाज के लिए लखनऊ ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया, जहां दो अप्रैल की शाम उनकी मौत हो गई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## रैन बसेरा की आड़ में चल रहे देह व्यापार का भंडाफोड़, मकान सील

संवाददाता, पुवायां

**अमृत विचार :** नगर के बीचों-बीच रैन बसेरा की आड़ में अवैध गतिविधियों का मामला सामने आने पर प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की। शिकायतों पर मंगलवार को एसडीएम चित्रा निर्वाल के निर्देश पर पुलिस व नगर पालिका की संयुक्त टीम ने छापेमारी कर देह व्यापार के कथित धंधे का पर्दाफाश किया।

छापेमारी के दौरान गुरुद्वारा के पास स्थित एक मकान में संचालित अवैध गतिविधियों का खुलासा हुआ। पुलिस ने मौके से एक कमरे में आपत्तिजनक स्थिति में मिले प्रेमी युगल को हिरासत में लिया। पूछताछ के बाद दोनों के परिजनों को बुलाकर उन्हें सुपुर्द कर दिया गया। वहीं मकान मालिक के पुत्र को भी मौके से पकड़ लिया गया,

● **छापेमारी में प्रेमी युगल पकड़ा संचालक मौका पाकर फरार**

जबकि संचालक फरार बताया जा रहा है। कार्रवाई के दौरान पालिका टीम ने मकान में बने कार्यालय व नीचे के कमरों को सील कर दिया। हालांकि छत पर बने पारिवारिक आवास को यथावत छोड़ा गया। स्थानीय लोगों का आरोप है कि उक्त मकान में लंबे समय से कमरे किराए पर देने की आड़ में अनैतिक गतिविधियां संचालित हो रही थीं। कई बार शिकायत के बावजूद पहले ठोस कार्रवाई नहीं हुई, जिससे लोगों में नाराजगी थी। छापेमारी के दौरान पालिका ईओ कल्पना शर्मा सहित पुलिस व नगर पालिका की टीम मौजूद रही। प्रशासन का कहना है कि मामले में आगे की जांच जारी है और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## तमंचे से गोली मारकर की आत्महत्या

**निगोही, अमृत विचार:** सातवां खुर्द गांव में मंगलवार रात एक युवक ने पिता से विवाद होने के बाद घर के दरवाजे पर तमंचे से खुद को गोली मार कर आत्महत्या कर ली। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने छानबीन की। गांव निवासी 35 वर्षीय लटकू पुत्र सोनू का रात करीब 10 बजे अपने पिता से विवाद हो गया। बताया जा रहा है कि दोनों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी। इसके बाद युवक ने तमंचे से खुद को गोली मार ले। परिजनों ने उसे संभालने की कोशिश की, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ग्रामीणों के मुताबिक, पिता-पुत्र के बीच पहले भी विवाद होते रहते थे। दोनों खेती-किसानी कर अपना जीवन यापन करते थे।

# वृद्धावस्था पेंशन घोटाला मामले में बर्खास्त समाज कल्याण अधिकारी की 2.53 करोड़ की संपत्ति कुर्क

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



संपति कुर्क करते अधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** लखनऊ कमिश्नरेट और शाहजहांपुर पुलिस ने वृद्धावस्था पेंशन घोटाले में आरोपी बर्खास्त समाज कल्याण अधिकारी राजेश कुमार की लखनऊ में संपत्ति कुर्क कर ली है। कुर्क की गई संपत्ति की अनुमानित कीमत 02 करोड़ 53 लाख 85 हजार रुपये है। कुर्क की संपत्ति में एक कार, गेस्ट हाउस और कृषि भूमि भी शामिल है। पुलिस आरोपी की लखनऊ में अन्य संपत्ति की तलाश कर रही है।

बता दे कि वर्ष 2022 में राजेश कुमार निवासी तुलसीपुर थाना मोहम्मदाबाद जिला मऊ समाज कल्याण अधिकारी के पद पर कार्यरत थे। आरोप था कि उन्होंने अपने आपरेटरों के साथ मिलकर वृद्धावस्था पेंशन योजना में बुजुर्गों के खातों को बदलकर अपने

● **लखनऊ में संपत्ति, कार, जमीन और गेस्ट हाउस किया कुर्क**

करीबियों के खाते लगवाए थे। इस तरह उन्होंने करीब दो करोड़ 52 लाख रुपये का घोटाला किया था। इस मामले में सदर बाजार थाना में तत्कालीन समाज कल्याण अधिकारी समेत नौ के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। सदर बाजार पुलिस ने सभी आरोपियों को जेल भेज दिया था। तत्कालीन समाज कल्याण अधिकारी को हाई कोर्ट से जमानत मिल गयी थी। नवंबर 2025 में उनको नौकरी से बर्खास्त कर दिया गया था। डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने आरोपी राजेश कुमार की 04 करोड़ 50 लाख रुपये की संपत्ति कुर्क करने के आदेश दिए थे। सोमवार को रामचंद्र मिशन पुलिस लखनऊ पहुंची। पुलिस ने कमिश्नरेट लखनऊ पुलिस ने बर्खास्त हरिजन समाज कल्याण अधिकारी राजेश कुमार की संपत्ति कुर्क की। पुलिस ने दो गेस्ट हाउस, वाहन, फ्रीज, जमीन आदि को कुर्क किया गया है। आरोपी राजेश कुमार पर पहले से थाना सदर बाजार में गैंगस्टर और गबन का मुकदमा दर्ज है। टीम में रामचंद्र मिशन थाना के अपराध निरीक्षक अमित कुमार, उप निरीक्षक सुनील कुमार, थाना पारा कमिश्नरेट लखनऊ के उप निरीक्षक विभोर सिंह, ओमप्रकाश तिवारी, चेतन आजाद, आशीष कुमार, अमित कुमार, अभय कुमार आदि स्टाफ शामिल थे। इधर रामचंद्र थाना मिशन प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार गुप्ता ने बताया कि आरोपी बर्खास्त समाज कल्याण अधिकारी राजेश कुमार की 02 करोड़ 52 लाख रुपये की संपत्ति कुर्क की गई है। उसकी अन्य संपत्ति कुर्क करने की कार्रवाई की जा रही है।

## कैदी की तबीयत बिगड़ी, अस्पताल में मौत

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** जिला जेल में आजीवन कारावास की सजा काट रहे कैदी की अचानक तबीयत खराब हो गयी। कैदी की इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गयी। मृतक कैदी कटरा थाना क्षेत्र का रहने वाला था।

मीरानपुर कटरा थाना क्षेत्र के गांव दमगड़ा निवासी सतपाल और उसके रिश्ते के भाई पर अपहरण, हत्या के प्रयास और एससी-एसटी की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। 22 अगस्त 2025 को कटरा पुलिस ने सतपाल और उसके भाई को जेल भेज दिया था। 24 अगस्त को कोर्ट ने दोनों भाइयों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। उसके बाद दोनों जेल में बंद थे। सोमवार की रात कैदी सतपाल



पोस्टमार्टम हाउस पर शोक में डूबे परिजन।

● **अपहरण, हत्या के मुकदमे बंद था छह माह पूर्व सुनाई गई थी सजा**

की अचानक तबीयत खराब हो गई। कैदी को जेल के अस्पताल में भेजा गया। डॉक्टर ने कैदी को मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। यहां इलाज के दौरान सुबह मौत हो गई। जेल प्रशासन ने मृतक के परिवार वालों को सूचना दी। परिवार वाले पोस्टमार्टम हाउस पर पहुंचे। परिवार वालों ने बताया कि सतपाल और उनके रिश्तेदार जेल में बंद थे। दोनों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। परिवार वालों ने बताया कि कुछ दिन पहले सतपाल से मिलने गए थे, उनकी तबीयत ठीक थी और बीमार नहीं थे। परिवार वालों ने कहा कि उनकी कैसे मौत हुई है, कुछ जानकारी नहीं है। सदर बाजार पुलिस ने कैदी के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत का कारण स्पष्ट होगा। कैदी की अचानक तबीयत खराब हो गयी थी। उसको मेडिकल कालेज भेजा गया था। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी है। कैदी पर हत्या का प्रयास, अपहरण और एससी-एसटी एक्ट में आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। परिजनों ने कोई आरोप नहीं लगाया है।

## लापता व्यक्ति का नदी में उतराता मिला शव

**अल्हागंज/शाहजहांपुर, अमृत विचार :** घर से निकले व्यक्ति का शव रामगंगा नदी में उतराता हुआ मिला।

फर्रुखाबाद के थाना राजेपुर के गांव महेशपुर निवासी 53 वर्षीय रामवीर सिंह शनिवार को फर्रुखाबाद जिले के गांव जैनापुर में गए थे। रविवार की सुबह वह घर से निकले थे। उसके बाद घर नहीं पहुंचे। परिवार वालों ने उनकी तलाश की और पता नहीं चला। परिवार वालों ने रामवीर सिंह की गुमशुदगी दर्ज करायी थी। परिवार वाले उसकी तलाश कर रहे थे। पता चला कि अल्हागंज थाना क्षेत्र के रामापुर बझेड़ा गांव के सामने गंगा नदी में एक शव उतराता हुआ मिला है। परिवार वाले अल्हागंज थाना पर गए और शव की पहचान रामवीर सिंह के रूप में की है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में उनकी डूबने से मौत हुई है।

## मदारपुर बैवहा में युवक की मौत, हत्या का आरोप

संवाददाता, बंडा

● **गांव का व्यक्ति गेहूं कटवाने के लिए ले गया था अपने साथ**

● **फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार**

**अमृत विचार :** गांव मदारपुर बैवहा निवासी राधेश्याम की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक की पत्नी ऊषा देवी ने गांव के ही एक युवक पर साजिश के तहत हत्या करने का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।



मृतक राधेश्याम।

ऊषा देवी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि सोमवार सुबह करीब आठ बजे आरोपी गेहूं कटवाने के बहाने उनके पति को अपने साथ ले गया था। शाम करीब सात बजे उन्हें सूचना मिली कि उनके पति की मौत हो गई है। जब वह दलेलपुर जगदीशपुर गांव पहुंचीं तो पंचायत भवन के पास गेहूं के ढेर पर राधेश्याम का शव पड़ा मिला। पीड़िता का आरोप है कि उनके पति की साजिश के तहत हत्या की गई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। देर रात फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य एकत्र किए। थाना प्रभारी प्रदीप कुमार राय ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## डीसीएम चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**खुटार, अमृत विचार:** हादसे के मामले में पुलिस ने डीसीएम चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। जिला पीलीभीत के थाना सेहरामऊ उत्तरी के गांव खांडेपुर निवासी आसिफ ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए। बताया कि 6 अप्रैल की शाम उसके पिता उस्मान गांव के हाशिम के साथ बाइक से रिश्तेदारी से वापस आ रहे थे। शाम करीब आठ बजे खुटार तिकुनियां पर वह पहुंचे ही थे कि अचानक पीछे से आ रही तेज रफ्तार डीसीएम ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे उसके पिता उस्मान की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि बाइक पर पीछे बैठे उसके भतीजे हाशिम गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# मजदूरी बढ़ाने की मांग को लेकर प्रदर्शन



मजदूरी बढ़ाने की मांग को लेकर हड़ताल करते गल्ला आढ़त के मजदूर।

संवाददाता, मीरानपुर कटरा

**अमृत विचार :** गल्ला आढ़त के मजदूरों ने मजदूरी बढ़ाने की मांग को लेकर हड़ताल कर दी। जिससे मंडी में आने वाले किसानों को गेहूं बेचने में भारी असुविधा का सामना करना पड़ा।

आढ़त पर मजदूरी करने वाले मजदूरों के ठेकेदार शेर भान व शराफत अली ने बताया कि बढ़ती महंगाई के चलते जो मजदूरी मिल रही

● **गल्ला आढ़त पर काम करने वाले मजदूरों ने की हड़ताल**

है वह पर्याप्त नहीं है मजदूरी को बढ़ाने के लिए हड़ताल की गई है। अगर हमारी मांगे मान ली जाएगी तो हड़ताल खत्म हो जाएगी। वहीं गल्ला आढ़तों पर हड़ताल के चलते किसानों की गेहूं की ट्रालियां खड़ी रह गई कुछ वापस चली गई। किसानों ने मजदूरों की मजदूरी बढ़ाने की बात को बेबुनियाद बताया और कहा हर साल मजदूरी का पैसा बढ़ता है जिसका बोझ किसान को उठाना पड़ता है। वहीं मजदूरों की मजदूरी की अत्यधिक दर को देखते हुए आढ़तियों से वार्ता विफल हो गई। फ्रूड ग्रेन मर्चेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष अमर गुप्ता ने बताया कि मंडी में मिलने वाली मजदूरी के हिसाब से ही मजदूरी दे सकते हैं अतिरिक्त मजदूरी का दबाव किसान पर पड़ता है। जिससे मंडी में आवक प्रभावित होती है।

## लाठी-डंडों से तीन लोगों को पीटा, चार के खिलाफ रिपोर्ट

**कलान, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के ग्राम मालौ निवासी मानसिंह यादव 4 अप्रैल को अपने ट्रैक्टर से तितुरी गांव में ग्राम निधि से मिट्टी लेने गया था। जब वह दोबारा मिट्टी लेने पहुंचा तो तितुरी गांव के पूर्व प्रधान महिपाल यादव, सुनील, देव गौड़ा और अर्जुन सुआलाल लाठी-डंडे और नाजायज असलाह लेकर मौके पर आ गए और गाली-गलौज करते हुए हमला कर दिया। आरोप है कि सभी ने मिलकर मानसिंह यादव को पीटना शुरू कर दिया।

मिट्टी का कार्य कर रहे मजदूरों ने बचाने का प्रयास किया तो आरोपियों ने उन पर भी हमला कर दिया, जिसमें दुर्वेश और पिंकू की भी पिटाई कर दी गई। पुलिस ने पूर्व प्रधान समेत चारों आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। थाना प्रभारी शिव दीन वर्मा ने बताया कि आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## युवक को बंधक बनाकर पीटने का आरोप

**तिलहर, अमृत विचार :** गांव शेरापुर निवासी राम किशोर पुत्र जयराम वर्मा ने बताया कि चार अप्रैल की दोपहर वह कुदकापुर स्थित अपने प्लांट से मोटर साइकिल में पेट्रोल डलवाने जन्यूरी के पेट्रोल पंप गया था। आरोप है कि इसी दौरान बब्लू, रिंकू, सन्टू, मोनू और जितेन्द्र पुत्र भैरो प्रसाद हथियार और डंडों के साथ पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। इसके बाद आरोपियों ने उसे जबरन गाड़ी में डालकर अपने गांव ग्वार ले जाकर घर में बंद कर डंडे और बेल्ट से पीटा, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# एसडीएम की डीएससी चोरी, रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, तिलहर

**अमृत विचार :** एसडीएम की डीएससी चोरी होने के मामले में कंप्यूटर ऑपरेटर ने एक अधिवक्ता पर डीएससी चोरी करने का शक जताते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। इससे नाराज वकीलों ने बार एसोसिएशन के नेतृत्व में एसडीएम कार्यालय में हंगामा किया। वकीलों ने सभी राजस्व कोर्ट का बहिष्कार कर दिया।

कांट क्षेत्र के निवासी धर्मेंद्र मौर्य ने दर्ज एफआईआर में बताया कि वह भूलेख कार्यालय में कंप्यूटर ऑपरेटर के पद पर तैनात हैं। 4 अप्रैल को उनके कंप्यूटर के सीपीयू में एसडीएम की डिजिटल साइन डीएससी लगी हुई थी। इस दौरान वह शाम को तहसीलदार के कार्यालय में गए और वापस आए तो देखा कि डीएससी गायब थी। धर्मेंद्र मौर्य ने बताया कि जानकारी

● **कंप्यूटर ऑपरेटर ने कराई रिपोर्ट वकीलों ने हंगामा कर कोर्ट का किया बहिष्कार**

करने पर 5 अप्रैल को एक वकील ने बताया कि राजवीर सिंह यादव नामक वकील ने डीएससी निकाली है और वही उनके पास है।

धर्मेंद्र ने बताया कि जब उन्होंने वकील राजवीर सिंह यादव से डीएससी के बारे में पूछा तो उन्होंने साफ मना कर दिया। इसके बाद धर्मेंद्र मौर्य ने राजवीर सिंह यादव पर डीएससी चोरी करने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया। मंगलवार को मुकदमा दर्ज होने के बाद बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश्वर सिंह यादव और महासचिव राहुल देव सागर के नेतृत्व में वकीलों ने एसडीएम कार्यालय पहुंचकर नाराजगी जताते हुए हंगामा किया। वकीलों ने कहा कि कर्मचारी की ओर से वकील राजवीर सिंह यादव पर फर्जी मुकदमा दर्ज कराया गया है। वकीलों का कहना है कि डीएससी चोरी करने का कोई सबूत नहीं है। उन्होंने कहा कि अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज होना चाहिए था और कर्मचारी की गलती होने पर उसके खिलाफ भी कार्रवाई होनी चाहिए थी। एसडीएम सदानंद सरोज ने वकीलों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन वे नहीं माने। आक्रोशित अधिवक्ताओं ने मुकदमा समाप्त करने की मांग करते हुए तहसील के सभी राजस्व कोर्ट का बहिष्कार कर दिया। इस दौरान तमाम वकील मौजूद रहे। आरोपी अधिवक्ता राजवीर सिंह यादव ने आरोप को फर्जी बताते हुए कहा कि डीएससी उनके किसी काम की नहीं है। एसडीएम सदानंद सरोज ने बताया कि जिलाधिकारी को पूरे घटनाक्रम की रिपोर्ट भेज दी गई है और जिम्मेदार कर्मचारी पर भी नियमानुसार कार्रवाई होगी।

## न्यूज ब्रीफ

### नाली निर्माण के लिए पत्र लिखेंगे बीएसए

**तिलहर, अमृत विचार :** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दिव्या गुप्ता ने नगर के विभिन्न विद्यालयों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को परखा और जरूरी सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि विद्यालयों के बाहर नाली निर्माण के लिए नगर पालिका प्रशासन को जल्द ही पत्र लिखा जाएगा, ताकि छात्र-छात्राओं को आने-जाने में दिक्कत न हो। मंगलवार सुबह जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दिव्या गुप्ता अपने दलबल के साथ बीएसए दफ्तर पहुंचीं और वहां निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने कस्तूरबा गांधी विद्यालय का निरीक्षण किया। यहां कई कमियां मिलने पर नाराजगी जताई और संबंधितों को शीघ्र सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने चेतावनी दी कि लापरवाही मिलने पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान दिव्यांग लर्निंग सेंटर और मोहल्ला मौजमपुर स्थित बालिका विद्यालय का भी निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को गहनता से परखा।

### लोहे की रॉड से दो भाइयों को किया घायल

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** जलालाबाद थाना क्षेत्र के मोहल्ला नौसारा निवासी अमन गुप्ता ने थाना पर दी गई तहरीर में बताया कि 04 अप्रैल को वह और उनका भाई अर्जुन गुप्ता, अंश गुप्ता और पिता राजेंद्र गुप्ता अपने निजी किराने की दुकान स्थित सब्जी मंडी पर थे। पुरानी रंजिश को लेकर दुकान में ताला लगाने के लिए राम सेवक गुप्ता, सुरेंद्र गुप्ता, अजीत गुप्ता, निखिलेश गुप्ता, लव गुप्ता, कुश गुप्ता निवासी नौसारा थाना जलालाबाद एक राय होकर दुकान पर आए। आरोपियों के हाथ में डंडे, लोहे की राड लिए हुए थे और गाली देने लगे। आरोपी दुकान में जबरन ताला डालने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने अशं गुप्ता व अमन गुप्ता को लोहे की राड से जान से मारने की नीयत से प्रहार किया। उसका भाई अंश गुप्ता बेहोश हो गया। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### अंडर 16 क्रिकेट लीग 12 अप्रैल से

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से अंडर 16 क्रिकेट लीग का आयोजन कृभको फर्टिलाइजर मैदान पर 12 अप्रैल से किया जाएगा। शाहजहांपुर क्रिकेट एसोसिएशन की बैठक में यह निर्णय लिया गया। अमित चौधरी को इस क्रिकेट लीग को कराने की जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन सदस्य आनंद पाठक, अध्यक्ष विष्णु भूषण जौहरी, सचिव आलोक मिश्रा, उपाध्यक्ष जेपी श्रीवास्तव, कोऑर्डिनेटर डॉक्टर मनोज यादव, फिरोज, वत्सल आदि उपस्थित रहे।

# स्वामी शुकदेवानंद कॉलेज में लगा वायु गुणवत्ता निगरानी उपकरण

## शुद्ध वायु को स्वास्थ्य का आधार बताया, प्रदूषण पर नजर रखेगा सिस्टम

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** स्वामी शुकदेवानंद कॉलेज में सतत वायु गुणवत्ता निगरानी उपकरण का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में मुमुक्षु शिक्षा संकुल के अधिष्ठाता स्वामी चिन्मयानंद ने शुद्ध वायु के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वच्छ हवा मानव जीवन के लिए सबसे जरूरी तत्व है। उन्होंने कहा कि शुद्ध वायु का सेवन करने से श्वसन प्रणाली मजबूत होती है और शरीर को अधिक ऑक्सीजन व प्राण शक्ति मिलती है, जिससे व्यक्ति निरोगी और सकारात्मक जीवन जी सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि स्वच्छ वायु का सीधा प्रभाव मानव मस्तिष्क पर पड़ता है, जिससे सोचने और समझने की क्षमता बेहतर होती है। स्वामी चिन्मयानंद ने अथर्ववेद का उल्लेख करते हुए कहा कि वायु और जल को प्राकृतिक औषधि माना गया है, इसलिए इन्हें स्वच्छ बनाए रखना और उनकी लगातार निगरानी करना समय की जरूरत है।


वायु गुणवत्ता निगरानी उपकरण का उद्घाटन करते स्वामी चिन्मयानंद व अन्य।

- एक्यूआई समेत कई गैसों की सटीक जानकारी देगा उपकरण

कार्यक्रम में प्राचार्य प्रोफेसर आरके आजाद ने कहा कि वर्तमान समय में वायु प्रदूषण एक गंभीर समस्या बन चुकी है, जिसका असर केवल स्वास्थ्य पर ही नहीं बल्कि जीवन के हर पहलू पर पड़ता है। उन्होंने कहा कि आज यह प्रश्न नहीं रह गया है कि हम प्रदूषित हवा के संपर्क में आएंगे या नहीं, बल्कि यह है कि हम अपने आप को कितनी हद तक इससे बचा सकते हैं। उन्होंने बताया कि कॉलेज में स्थापित यह उपकरण छात्रों, शिक्षकों और शोधार्थियों के लिए उपयोगी साबित होगा और पर्यावरणीय जागरूकता को भी बढ़ाएगा। रसायन विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ आलोक कुमार सिंह ने विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि यह उपकरण राज्य सरकार की ओर से प्राप्त शोध अनुदान के तहत स्थापित किया गया है। उन्होंने कहा कि अभी तक जिले में वायु गुणवत्ता की सतत निगरानी के लिए कोई प्रमाणित उपकरण उपलब्ध नहीं था। यह आधुनिक उपकरण उन्नत सेंसर तकनीक पर आधारित है, जो वायु की एक्यूआई, पीएम 2.5, पीएम 10, कार्बन मोनोऑक्साइड, कार्बन डाइऑक्साइड, ओजोन, नाइट्रोजन ऑक्साइड और सल्फर ऑक्साइड जैसी गैसों की सटीक जानकारी प्रदान करेगा। इससे न केवल प्रदूषण की वास्तविक स्थिति का पता चलेगा, बल्कि इसके आधार पर भविष्य में प्रभावी कदम भी उठाए जा सकेंगे। इस अवसर पर मौजूद शिक्षकों और स्टाफ ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह उपकरण जिले में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम में डॉ जयशंकर ओझा, डॉ संदीप दीक्षित, डॉ अमित कुमार, डॉ चंदन गिरि गोस्वामी, मंजीत कुमार, शशांक शेखर, रवि सिंह, सत्यपाल और धर्मेंद्र सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान वायु गुणवत्ता के प्रति जागरूकता बढ़ाने और स्वच्छ वातावरण बनाए रखने का संदेश भी दिया गया।

## ताला तोड़ने के विरोध पर महिला को पीटा लगाई न्याय की गुहार

**मिर्जापुर, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव आजमपुर में एक महिला के साथ मारपीट और अभद्रता का मामला सामने आया है। पीड़िता आरती देवी पत्नी शिवम ने थाने में दी तहरीर में आरोप लगाया है कि जब वह बाहर से वापस अपने घर लौटी तो उसके कमरे का ताला टूटा हुआ मिला।

पीड़िता के अनुसार, 1 अप्रैल 2026 को वह अपनी मां जयकोरा के साथ घर पहुंची थी। कमरे का ताला टूटा देखकर जब उसने अपनी सास अनीता से इस बारे में पूछा तो वह भड़क गईं। आरोप है कि इसके बाद अनीता, सूरज पुत्र सुनील, सुनील पुत्र रामकिशोर और रेनू पत्नी राजू ने मिलकर गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर सभी आरोपियों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिससे पीड़िता और उसकी मां को चोटें आईं। मारपीट के दौरान पीड़िता की मां के कान के कुंडल भी गिर गए। साथ ही आरोपियों की ओर से जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया गया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

## स्वस्थ जीवनशैली अपनाने पर दिया विशेष जोर

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** विश्व स्वास्थ्य दिवस पर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की जिला इकाई की ओर से मंगलवार को बरेली मोड़ स्थित जलसा हॉल, होटल ग्रैंड आर्क में स्वास्थ्य के लिए एकजुट विज्ञान के साथ खड़े रहे विषय पर आधारित विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें समाज में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाना और वैज्ञानिक एवं प्रमाण-आधारित स्वास्थ्य सेवाओं के महत्व को प्रोत्साहित किया गया। वक्ताओं ने स्वास्थ्य से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की, जिसमें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने पर विशेष जोर दिया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ विवेक कुमार मिश्रा ने कहा कि स्वास्थ्य जीवन की पूंजी है। उन्होंने कहा कि अपने स्वास्थ्य को लेकर सभी को सजग होना चाहिए। आज मेडिकल साइंस में नए शोध करके रोगों से मनुष्यों को बचाने के प्रयास भी किए जा रहे हैं। उन्होंने विश्व स्वास्थ्य दिवस पर सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अपनी क्षमता के अनुसार कार्य करें, तो कोई दिक्कत नहीं होगी। अध्यक्षता करते हुए एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डा राकेश मेहरोत्रा ने कहा कि सच्चाई यही है कि हम अपने स्वास्थ्य को लेकर कोई प्लान नहीं करते। हम अपने बच्चों की शिक्षा, शादी और यात्रा की प्लानिंग अच्छे से करते हैं, मगर अपने स्वास्थ्य को लेकर हम ये भूल जाते हैं कि हम भी बीमार पड़ेंगे। इसलिए हम सभी को अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने की आवश्यकता है। वरुण मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ आरएन शुक्ला ने दिनचर्या को संयमित रखने पर जोर दिया। उन्होंने सेना में रहने के दौरान अपने अनुभव साझा किए। खानपान को भी नियंत्रित रखने की सलाह दी। डॉ एसएन मेहरोत्रा ने मधुमेह से सजग रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि समय-समय पर बॉडी टेस्ट जरूर कराना चाहिए। डॉ सुशील मिश्रा ने आयुर्वेद से संबंधित जानकारी दी। डॉ रविन्द्र नाथ ने भी कई महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। डॉ. दीपा सक्सेना, आईआईए के पूर्व अध्यक्ष अशोक अग्रवाल, डॉ. सोमशेखर दीक्षित, प्रोफेसर हिना कौसर, सचिव डॉ संजीव कनौजिया, कोषाध्यक्ष डॉ. रूपेश सेठ, डॉ. विकास टंडन, कुलदीप दुआ आदि मौजूद रहे।

## फर्जी दिव्यांग प्रमाण पत्र में 13 कर्मचारियों पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** स्वास्थ्य विभाग में फर्जी दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाने के मामले को लेकर कार्यालय सीएमओ के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी ने आशुलिपिक समेत 13 लोगों के खिलाफ भ्रष्टाचार अधिनियम का मुकदमा दर्ज किया है। सभी सेवानिवृत्त है। चौक कोतवाली पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी है।

मिर्जापुर थाना क्षेत्र के गांव मझारा बड़ऊ निवासी संतराम कश्यप ने दिसंबर माह में डीएम से शिकायत की थी कि गांव के कई लोगों के फर्जी दिव्यांग प्रमाणपत्र बनाए गए थे, जो सरकारी लाभ ले रहे है। सीडीओ की अध्यक्षता में जांच की गई है। जांच में अपात्र दिव्यांग प्रमाणपत्र बनने की पुष्टि हुई थी। जांच में एक महिला के नाम पर दो दिव्यांग प्रमाणपत्र जारी किए गए थे। सीएमओ कार्यालय के प्रशासनिक अधिकारी राजकिशोर ने चौक कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज करायी है कि आरके मिश्रा कनिष्ट सहायक सेवानिवृत्त, सतीश चंद्र वरिष्ठ सहायक संविदा, संतोष सिंह डीआईआईसी मैनेजर, रोहित कुमार डाटा इंट्री आपरेटर, अर्जुन श्रीवास्तव कंप्यूटर सहायक, दीपा सिंह प्रोग्राम सहायक, शशांक डाटा मैनेजर, शिवम गंगवार, वीर सिंह, रवि कुमार डाटा इंट्री ऑपरेटर समेत 13 सेवानिवृत्त कर्मचारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार अधिनियम का मुकदमा दर्ज कराया गया है। आरोप है कि फर्जी दिव्यांग प्रमाणपत्र बनाए थे और दिव्यांग सरकारी योजनाओं का लाभ ले रहे थे। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि विवेचना की जा रही है।

## मुक्तिधाम का डीएम ने किया लोकार्पण

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने मंगलवार को कृभको फर्टिलाइजर्स की ओर से सीएसआर निधि के तहत ग्राम पीपरोला अहमदपुर में नवनिर्मित मुक्तिधाम का फीता काटकर लोकार्पण किया।

इस दौरान उन्होंने मुक्तिधाम परिसर का निरीक्षण किया और वृक्षारोपण भी किया। डीएम ने परिसर में सूचना बोर्ड लगाने और श्रीमद भगवत गीता के प्रेरणादायक श्लोक लिखवाने के निर्देश दिए, ताकि आने वाले लोगों को आध्यात्मिक संदेश मिल सके। इसके बाद डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने कृभको फर्टिलाइजर्स फैक्ट्री का दौरा किया। उन्होंने फैक्ट्री परिसर स्थित पुष्प वाटिका में वृक्षारोपण किया और अमोनिया प्लांट का निरीक्षण कर उसकी कार्यप्रणाली की जानकारी ली।

## 437 मरीजों ने कराया पंजीकरण, 10 में मिला मोतियाबिंद

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल बंथरा की ओर से केडी सिंह ग्रुप ऑफ एजुकेशन के साथ केडी सिंह कॉलेज सपहा मोड़ सुगसुगी में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आरंभ पूर्व विधायक शरदवीर सिंह ने फीता काटकर किया।


नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन करते पूर्व विधायक शरदवीर सिंह व मौजूद चिकित्सक टीम। ● अमृत विचार

- वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज की ओर से लगाया नि:शुल्क शिविर पूर्व विधायक ने किया आरंभ

उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से आम लोगों को सीधा लाभ मिलता है और यह पहल सराहनीय है। शिविर में बड़ी संख्या में मरीज पहुंचे और विभिन्न रोगों की जांच कराकर दवाएं प्राप्त की। शिविर में कुल 437 मरीजों ने पंजीकरण कराया। इनमें 10 मरीजों में मोतियाबिंद पाया गया। जिनका ऑपरेशन मेडिकल कॉलेज में निशुल्क किया जाएगा। 118 मरीजों की ब्लड शुगर और करीब 137 मरीजों की ब्लड प्रेशर जांच निशुल्क की गई, जबकि 325 मरीजों को नेत्र संबंधी ड्राप दवाएं वितरित की गईं। साथ ही एमआरआई, सीटी स्कैन व अन्य जांचों के लिए छूट कूपन भी दिए गए। स्वास्थ्य टीम और पीआरओ की ओर से लोगों को नियमित जांच कराने के लिए जागरूक किया गया और परिवार स्वास्थ्य कार्ड की जानकारी दी गई, जो 200 रुपये में एक वर्ष के लिए मान्य है। कार्ड धारकों को ओपीडी पर्चा निशुल्क, दवाओं व जांचों पर 20 प्रतिशत छूट, सामान्य ऑपरेशन में 25 प्रतिशत तथा खून की जरूरत पर 10 प्रतिशत छूट की सुविधा बताई गई। अस्पताल में भर्ती, पलंग, नर्सिंग केयर और चिकित्सकीय परामर्श निशुल्क उपलब्ध होने की जानकारी भी दी गई। शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. पारुल, डॉ. चिन्मय पाटिल, सामान्य रोग विभाग के डॉ. अजय, हड्डी रोग विभाग के डॉ. विपिन, बाल रोग विभाग के डॉ. चिराग, महिला एवं प्रसूति रोग विभाग की डॉ. श्वेता तिवारी, डॉ. जैस्मीन सचदेवा, मेडिकल कॉलेज के पीआरओ विपिन शर्मा, बब्लू सिंह, प्रदीप सिंह, संतोष सिंह समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## मेडिकल कॉलेज से शहर-गांव तक पहुंचा स्वास्थ्य संदेश

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय बंथरा के अंतर्गत संचालित वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल में मंगलवार को विश्व स्वास्थ्य दिवस पर स्वास्थ्य चेतना और जनजागरूकता के उद्देश्य से व्यापक कार्यक्रम आयोजित हुआ। बदलती जीवनशैली और बढ़ती बीमारियों के बीच लोगों को स्वास्थ्य के प्रति सचेत करने के लिए कम्युनिटी मेडिसिन विभाग के नेतृत्व में अस्पताल से लेकर ग्रामीण और शहरी केंद्रों तक अभियान चलाया गया, जिसमें चिकित्सकों, छात्रों और आम लोगों ने भागीदारी की।


कार्यक्रम में मरीजों को जागरूक करते चिकित्सक व मौजूद छात्र-छात्राएं।

- विश्व स्वास्थ्य दिवस पर जागरूकता अभियान का किया आयोजन

कार्यक्रम की शुरुआत मरीज प्रतीक्षालय में जागरूकता वार्ता से हुई। इसमें विभागाध्यक्ष डॉ. धर्मेंद्र कुमार गुप्ता, प्रोफेसर डॉ. पूर्वा सूर और पीजी छात्र डॉ. चरणजीत सिंह ने स्वस्थ जीवनशैली, स्वच्छता, संतुलित आहार और नियमित व्यायाम के महत्व पर सरल भाषा में जानकारी दी। वक्ताओं ने टीकाकरण और रोगों की रोकथाम के वैज्ञानिक तरीकों पर भी जोर दिया, जिससे मरीजों और तीमारदारों को उपयोगी जानकारी मिली।

नर्सिंग कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने पोस्टर प्रदर्शनी के जरिए हमारा स्वास्थ्य, हमारा भविष्य और मानसिक स्वास्थ्य एवं स्वच्छता जैसे विषयों को रचनात्मक ढंग से प्रस्तुत किया। वहीं आरएचटीसी कटरा में प्रोफेसर डॉ. अजय अग्रवाल और यूएचटीसी शाहजहांपुर में लेडी मेडिकल ऑफिसर डॉ. हितिका ने ग्रामीण व शहरी लोगों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी देकर जागरूक किया। कार्यक्रम में प्रोफेसर डॉ. इंतखाब आलम, एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. विनायक एच. कश्यप, डॉ. शिवानी गुप्ता, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. आदित्य प्रकाश सिंह, डॉ. अतुल सक्सेना और डॉ. वकार समेत कई विशेषज्ञ मौजूद रहे।

समापन पर कुलाधिपति डॉ. केशव कुमार अग्रवाल, प्रति-कुलाधिपति डॉ. अशोक कुमार अग्रवाल और कुलपति डॉ. किरन अग्रवाल ने आयोजन की सराहना करते हुए इसे समाज में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने की दिशा में अहम कदम बताया। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से लोगों में जिम्मेदारी की भावना बढ़ती है और स्वस्थ समाज के निर्माण में मदद मिलती है।

## अगवा की गई किशोरी बरामद

**सिंधौली, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव एक गांव की नाबालिग लड़की को भगा ले जाने के बाद परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लड़की को बरामद कर लिया। जिसके न्यायालय में बयान होने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। परिजनों को सौंपने के कुछ ही दिन बाद दोनों पक्ष आपसी सलाह से सगाई की रस्म कर रहे थे। इसी दौरान पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मुकदमे में आरोपी रचित पुत्र नंदकिशोर अकर्रा रसूलपुर थाना कांट कुंभ मौके से गिरफ्तार कर लिया और नाबालिक लड़की होने पर लड़की के परिजनों को सख्त हिदायत देते हुए लड़की को उनके सुपुर्द कर दिया। चौकी इंचार्ज बिलंदपुर जयप्रकाश भारती ने बताया आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## कलीनगर तहसील परिसर में रहस्यमयी पर्चे से खलबली

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** कलीनगर तहसील परिसर में मंगलवार सुबह एक अजीबो-गरीब घटना ने अचानक हलचल पैदा कर दी। रोजाना की तरह जब कर्मचारी कार्यालय खोलने पहुंचे तो मुख्य गेट पर चस्पा एक पर्चे ने सबको चौंका दिया। लाल स्याही से लिखे गए इस पर्चे में तहसील कार्यालय को सील करने का दावा किया गया था, जिसे पढ़ते ही कर्मचारियों में खलबली मच गई।

पर्चे में धार्मिक आदेश बताया गया था और उसमें ऐसे शब्द लिखे गए थे, जो किसी भी आम व्यक्ति को विचलित कर सकते थे। संदेश में पृथ्वी छोड़ने जैसी बातों के साथ-साथ यह भी चेतावनी दी गई थी कि आदेश को पढ़ने वाला व्यक्ति मृत्यु को प्राप्त हो सकता है। 4 अप्रैल की तारीख के साथ लिखे गए इस पर्चे में जुर्माना, सजा और बैंक खातों जैसे शब्दों का जिक्र भी था, जिससे मामला और रहस्यमय हो गया। सुबह के समय इस तरह का संदेश सामने आने से तहसील परिसर में कुछ देर के लिए अफरातफरी और चर्चाओं का दौर शुरू हो गया। कर्मचारी और आसपास मौजूद लोग इस अज्ञात हरकत को लेकर तरह-तरह की आशंकाएं जताने लगे। सूचना मिलते ही उच्चाधिकारियों को अवगत कराया गया, जिसके बाद निर्देश पर पर्चे को तुरंत हटवा दिया गया और दफ्तर का कामकाज सामान्य रूप से शुरू करा दिया गया।

## महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** मीरानपुर कटरा थाना क्षेत्र के गांव संतोषपुर निवासी अमन की पत्नी 22 वर्षीय रामबेटी की सोमवार की शाम संदिग्ध हालत में मौत हो गयी। मृतका के पिता ने दहेज के लिए हत्या का आरोप लगाया है।

बरेली जिले के भुता थाना क्षेत्र के गांव भरतपुर निवासी शंकरलाल ने थाना पर दी गई तहरीर में बताया कि उन्होंने तीन साल पहले बेटी राम बेटी की शादी अमन निवासी मीरानपुर कटरा के साथ की थी। आरोप है कि उसकी बेटी को ससुराल वाले दहेज के लिए प्रताड़ित किया करते थे। सोमवार को उसकी बेटी को किसी चीज में जहर देकर मार डाला है। प्रभारी निरीक्षक अवधेश सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत का कारण स्पष्ट होगा।

### मिठाई की दुकान में घुसी डीसीएम

**कलान, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के ग्राम बाराकला में मंगलवार सुबह एक डीसीएम मिठाई की दुकान में घुस गई, जिससे काउंटर समेत सामान क्षतिग्रस्त हो गया। गनीमत रही कि उस समय दुकान में कोई मौजूद नहीं था और आसपास खड़े लोगों ने भागकर अपनी जान बचा ली, जिससे बड़ा हादसा टल गया। ग्राम बाराकला निवासी सुशील कुमार गुप्ता की मुरादाबाद-फर्रुखाबाद स्टेट हाईवे किनारे मिठाई और पेप्सी की दुकान है। वह रोज की तरह सुबह करीब 6 बजे दुकान खोलकर थोड़ी दूरी पर खड़े थे। इसी दौरान एक बस से सवारियां उतर रही थीं, तभी बदायूं के उसावा की ओर से आई डीसीएम अनियंत्रित होकर दुकान में जा घुसी।


MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

ADITYA
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें :-
बिना सुई बिना टांका आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
100000 से अधिक आंखों के आपरेशन का अनुभव
सभी प्रकार के TPA कैशलेस/इंश्योरेन्स से इलाज की सुविधा उपलब्ध
मोतियाबिन्द ग्लूकोमा का डायग्नोसिस एवं उपचार अत्याधुनिक मशीनों द्वारा
NABH PRE ACCREDITED
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CARARACT REFRATIVE & GLAUCOMA SURGERON
8077344353
समय : प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री आपरेशन की सुविधा
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली


## बीसलपुर क्षेत्र में हुए हादसे में दो की मौत, तीन घायल

संवाददाता, बीसलपुर

**अमृत विचार :** बीसलपुर क्षेत्र में हुए सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन लोग घायल हो गए। घायलों को अस्पताल भर्ती कराया गया है। पुलिस शव पोस्टमार्टम को भेज जांच कर रही है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रसिया खानपुर निवासी अब्दुल सलीम मंगलवार को पुत्री जिया खालिदा के साथ बाइक से बीसलपुर खरीदारी करने आए थे। उनकी पुत्री की 15 अप्रैल को मंगनी होनी है। खरीदारी करके बाइक से गांव वापस जा रहे थे। ग्राम अमृता खास के आगे पेट्रोल पंप के सामने पहुंचते ही दूसरी बाइक पर सवार ग्राम रायपुर निवासी अभिषेक कश्यप, अर्जुन कुमार से टक्कर हो गई। हादसे में रायपुर गांव निवासी 18 वर्षीय अभिषेक पुत्र महेश कश्यप की मौत हो गई, जबकि अन्य तीन घायल हो गए। घायलों को आनन-फानन में सीएचसी भिजवाया गया। वहां से उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। मृतक के परिवार वालों का रोकर बुरा हाल रहा। उधर, गांव मीरपुर निवासी सलमा बेगम (45) पत्नी रब्बन सोमवार को पति के साथ बाइक से गई थी। दोनों बीसलपुर में शाहजहांपुर रोड पर स्थित एक ईंट-भट्टे पर मजदूरी करने जा रहे थे। गोबल मोड़ के पास पहुंचते ही दूसरी बाइक से टक्कर हो गई। राहगीरों की मदद से दंपति को सीएचसी भेजा और वहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में चिकित्सक ने सलमा बेगम की नाजुक हालत बताते हुए हायर सेंटर के लिए रेफर किया, लेकिन रास्ते में सलमा ने दम तोड़ दिया। हादसे के बाद परिवार में चीख पुकार मची रही।

## योग और रैली से दिया गया जागरूकता का संदेश

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय बंथरा में मंगलवार को विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रेरक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः योग और ध्यान सत्र से हुई, जिसमें नर्सिंग कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने उत्साह के साथ भाग लिया।



विश्व स्वास्थ्य दिवस पर निकाली गई जागरूकता रैली में शामिल छात्र-छात्राएं।

- योग सत्र और जनजागरूकता रैली में सैकड़ों छात्रों की भागीदारी
- स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और रोगों से बचाव पर दिया जोर

योगाचार्य ललित कुमार चौहान ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग शरीर, मन और आत्मा के बीच संतुलन स्थापित करता है और मानसिक शांति के साथ शारीरिक निरोगता प्रदान करता है। उन्होंने विद्यार्थियों से नियमित योग को दिनचर्या में शामिल करने का आह्वान किया। इस दौरान फार्मेसी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. प्रदीप सिंह और प्रचार एवं विपणन प्रभारी ई. सचिन चौहान सहित अन्य संकाय सदस्य मौजूद रहे।

योग सत्र के बाद विश्वविद्यालय की ओर से विश्व स्वास्थ्य दिवस रैली निकाली गई, जिसमें वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ फार्मेसी और नर्सिंग कॉलेज के सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। रैली के माध्यम से स्वच्छता, संतुलित आहार और नियमित व्यायाम के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। फार्मेसी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. प्रदीप सिंह ने कहा कि स्वास्थ्य को बनाए रखना हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है और छोटी-छोटी सावधानियां बड़े रोगों से बचा सकती हैं। नर्सिंग कॉलेज के उप-प्राचार्य दीपक पचौरी ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना जरूरी है और जीवनशैली में सुधार से बीमारियों को रोका जा सकता है।

कम्युनिटी मेडिसिन विभागाध्यक्ष डॉ. धर्मेंद्र कुमार गुप्ता ने निवारक चिकित्सा के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि जनजागरूकता के माध्यम से ही बीमारियों को रोका जा सकता है। उन्होंने स्वच्छता और टीकाकरण जैसे विषयों पर लोगों को सचेत रहने की बात कही। रैली में छात्र-छात्राएं पोस्टर और बैनर लेकर स्वस्थ भारत, समृद्ध भारत और योग भगाए रोग जैसे नारे लगाते हुए बंथरा क्षेत्र में निकले, जिसे लोगों ने सराहा। कार्यक्रम में डॉ. मानसी अग्रवाल, राजेंद्र गुप्ता, नगेंद्र सिंह, आयुषी सक्सेना, आकांक्षा राठौर, निशा राजपूत, प्रिया उपाध्याय, सुखपाल कश्यप, प्रतिभा सिंह, दीपक पचौरी, अतुल पाल, गोविंद तिवारी, हंसा चौहान सहित अन्य शिक्षक और स्टाफ मौजूद रहे। समापन पर कुलाधिपति डॉ. केशव कुमार अग्रवाल, प्रति-कुलाधिपति डॉ. अशोक कुमार अग्रवाल और कुलपति डॉ. किरन अग्रवाल ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज में स्वास्थ्य के प्रति नई चेतना पैदा करते हैं और भविष्य में भी इस तरह के आयोजन जारी रहेंगे।

# 106 करोड़ से बनेगा अत्याधुनिक बस अड्डा

## सदर विधायक के प्रस्ताव पर शासन की ओर से बस अड्डा के आधुनिकीकरण की लगी मुहर

- परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने सदर विधायक को पत्र भेजकर दी जानकारी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** जल्द ही शहर नए रूप में नजर आएगा। शहर का बस अड्डा नए कलेवर में दिखेगा। जो आधुनिक होगा। 106 करोड़ की लागत से पीपीपी मॉडल पर शहर में अत्याधुनिक बस अड्डा बनाया जाएगा। सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता के प्रस्ताव पर शासन से मुहर लग गई है। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह की ओर से सदर विधायक को पत्र भेजकर अवगत कराया है। जल्द ही अत्याधुनिक बस अड्डे का निर्माण शुरू कराया जाएगा।

मंगलवार का दिन बदायूं जिले के लिए समग्र विकास की नई दिशा के रूप में मिला। जब मुख्यमंत्री ने शहर के बस अड्डा के निर्माण के प्रस्ताव पर मुहर लगा दी। 106 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं। सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने 5 जून 2022 को शहर का परिवहन निगम का बस अड्डा पीपीपी (पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप) मॉडल पर अत्याधुनिक तरीके से बनाने के लिए परिवहन मंत्री को प्रस्ताव दिया था। जिसके बाद सदर विधायक समय समय पर प्रस्ताव के बारे में जानकारी भी करते रहे। मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई मंत्रि परिषद की बैठक में इस प्रस्ताव पर मोहर लगा दी गई।


परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह से मुलाकात करते सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता।

> जनता की सेवा के लिए ही राजनीति को हमेशा उसका माध्यम बनाया है। आधुनिक बस अड्डे के प्रस्ताव पर हरी झंडी मिल जाना निश्चित तौर पर एक बड़ी उपलब्धि है। यह बस अड्डा न केवल शहर की पहचान बनेगा बल्कि बदायूं को आधुनिक शहरों की श्रेणी में खड़ा करने की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा।
> –महेश चंद्र गुप्ता, सदर विधायक।

मंत्री परिषद में दिए गए निर्णय के बाद परिवहन मंत्री ने विधायक को पत्र के माध्यम से इस निर्णय की जानकारी दी। शासन से हरी झंडी मिलने के बाद सदर विधायक ने बताया कि यह मॉडल बस अड्डा आधुनिक तकनीक और उच्च स्तरीय सुविधाओं से सुसज्जित होगा7 जो न केवल यात्रियों की सुविधा को बढ़ाएगा बल्कि शहर की यातायात व्यवस्था को भी व्यवस्था करेगा। यह बस अड्डा भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विकसित किया जाएगा। जिससे बढ़ती आबादी और यातायात दबाव को आसानी से संभाला जा सके। उन्होंने बताया कि इस अत्याधुनिक बस अड्डा का अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप डिजाइन एवं निर्माण होगा। विस्तृत एवं व्यवस्थित बस प्लेटफॉर्म बनेंगे।

वातानुकूलित व आरामदायक प्रतीक्षालय, महिलाओं व वरिष्ठ नागरिकों के लिए अलग स्वच्छ विश्राम कक्ष, स्वचालित एवं स्मार्ट शौचालय व्यवस्था, डिजिटल सूचना प्रणाली (LED स्क्रीन, बस टाइमिंग डिस्प्ले, अनाउंसमेंट सिस्टम), कंप्यूटरीकृत टिकट काउंटर व ऑनलाइन टिकट बुकिंग सुविधा, पेयजल की समुचित व्यवस्था व फूड कोर्ट/रेस्टोरेंट, मल्टीलेवल एवं सुरक्षित पार्किंग सुविधा, सीसीटीवी कैमरों से हर समय निगरानी की सुविधा होगी। इसके अलावा दिव्यांगजनों के लिए रैंप, व्हीलचेयर एवं विशेष सुविधाएं, ई-रिक्शा, ऑटो एवं लोकल ट्रांसपोर्ट के लिए अलग जोन, हरित क्षेत्र (ग्रीन एरिया) एवं पर्यावरण अनुकूल व्यवस्था, फायर सेफ्टी सिस्टम एवं आपातकालीन चिकित्सा सुविधा, सोलर एनर्जी आधारित लाइटिंग एवं ऊर्जा संरक्षण उपाय की व्यवस्था रहेगी।

पीपीपी मॉडल के तहत बनने वाला यह बस अड्डा सरकारी और निजी क्षेत्र के सहयोग से विकसित किया जाएगा। जिससे परियोजना की गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित होगी। इस परियोजना से स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे और आसपास के क्षेत्र में व्यापारिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। विधायक ने कहा कि इस अत्याधुनिक बस अड्डा का जल्द ही निर्माण कार्य शुरू होगा। 106 करोड़ रुपये मंजूर हुए है। इसके बाद भी अगर रुपये की आवश्यकता होती है तो और धनराशि सरकार से दिलाई जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### दो बाइकों की भिड़ंत में एक की मौत, दो घायल

**म्याऊं, अमृत विचार :** म्याऊं–उसहैत मार्ग स्थित गांव भंद्रा के पास मिर्जापुर चौराहे पर दो बाइकों की आमने–सामने से भिड़ंत हो गई। दोनों बाइकों पर सवार तीन कस्बा उसहैत निवासी अनीस पुत्र अजमेरी, शानू पुत्र शमीम, गांव सरनमई निवासी यशपाल (23) पुत्र दुर्गपाल गंभीर रूप घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। घायलों को अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने यशपाल को मृत घोषित कर दिया। घायलों को भर्ती कराया गया है। अनीस की हालत गंभीर बनी हुई है।

### सियासी पहुंच भी नहीं आई काम, सिपाही लाइन हाजिर

**कुंवरगांव, अमृत विचार :** पुलिस महकमे में एक बार फिर सख्ती का संदेश गया है। कई सिपाहियों को लाइन हाजिर किया गया है। कुंवरगांव के सिपाही धर्मवीर सिंह उर्फ फौजी को लाइन हाजिर कर दिया है। बताया जा रहा है कि सिपाही खुद की सियासी पकड़ का दावा करता था। क्षेत्र में सिपाही की कार्यशैली को लेकर तरह तरह की चर्चा थी। बताया जा रहा है कि सिपाही का 20 नवंबर 2025 को दातागंज कोतवाली स्थानांतरित किया गया था लेकिन सिपाही ने स्थानांतरण रुकवा लिया था। उनके अलावा एसएसपी ने कई सिपाहियों को लाइन हाजिर किया है। हेड कांस्टेबल सुशील कुमार को उसहैत, कांस्टेबल विजय कुंडू को मूसाझाग स्थानांतरित किया है।

### 7 मई से प्रारम्भ होगी स्व-गणना

**बदायूं, अमृत विचार :** जिले में जनगणना 2027 की शुरुआत सात मई से हो जाएगी। डीएम अवनीश कुमार राय ने कहा है कि सभी एसडीएम अपने तहसील क्षेत्र के अन्तर्गत समस्त चार्जो द्वारा जनगणना–2027 सम्बन्धी कार्यवाहियों का सम्पूर्ण पर्यवेक्षण प्रतिदिन करेंगे। जिसका समस्त विवरण एवं डेटा पूर्णत: गोपनीय रहेगा। बताया कि जनपद में लगभग 7740 से अधिक प्रगणकों व सुपरवाईजरों की नियुक्ति होनी है। उसके उपरान्त इनके प्रशिक्षण हेतु 40–50 के बैच में तहसील स्तर पर अप्रैल माह में प्रशिक्षण का कार्य पूर्ण कराया जाए। जनगणना–2027 एक संवेदनशील कार्रवाई है। विभिन्न प्रकार की भ्रांतियां, अफवाह आदि अराजक तत्वों द्वारा न फैलाई जाये। अराजक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

# शिक्षकों के अभाव में शिक्षा व्यवस्था बदहाल

- जिले के माध्यमिक स्कूलों में खल रही शिक्षकों की कमी
- पर्याप्त शिक्षक न होने से स्कूलों का नहीं हो पा रहा संचालन

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** नया शैक्षिक सत्र शुरू हो चुका है। राजकीय विद्यालयों में विद्यार्थियों की संख्या बढ़ाने को लेकर मंथन चल रहा है। लेकिन हर बार की तरह इस बार भी शिक्षकों की कमी आड़े आ रही है। निजी विद्यालयों के शिक्षक घर-घर जाकर लोगों को बच्चों का प्रवेश दिलाने के लिए लोगों को प्रेरित कर रहे हैं। लेकिन राजकीय विद्यालयों में प्रवेश को लेकर अभी तक कोई तैयारी नहीं हैं।

जिले में 41 राजकीय विद्यालय संचालित हैं। इन स्कूलों में बच्चों की संख्या बढ़ाने के लिए महानिदेशक शिक्षा की ओर से स्कूल चलो अभियान चलाने के आदेश दे रखे हैं। नया शैक्षिक सत्र शुरु हुए पांच दिन से अधिक का समय बीत गया है। लेकिन अभी तक बच्चों के प्रवेश को लेकर कोई तैयारी नहीं दिख रही है। जिसका मुख्य कारण स्कूलों में शिक्षकों का अभाव है। जिला विद्यालय निरीक्षक विभाग के आंकड़े बताते हैं कि सरकारी स्कूलों में मात्र 142 शिक्षकों की तैनाती है। इन्हीं शिक्षकों के कंधों पर माध्यमिक शिक्षा का भार ढ़ोया जा रहा है। जिसके कारण राजकीय स्कूलों की हालत खस्ता हो चुकी है। शिक्षकों के अभाव की वजह से बच्चों की संख्या में भी लगातार कमी आ रही है।

### एक एक शिक्षक पर दो- दो स्कूलों का प्रभार

माध्यमिक स्कूलों में शिक्षकों के अभाव वजह से शिक्षा व्यवस्था पटरी से उतर चुकी है। हालात ऐसे हैं कि एक एक शिक्षक पर दो दो स्कूलों का प्रभार है। गत वर्ष दो नए स्कूलों को संचालित किया गया था। इनमें उसहैत और समरेर इन दोनों की स्कूलों का संचालन एक शिक्षक को देकर करा दिया गया। इन स्कूलों में नामांकित बच्चों की साल भर पढ़ाई नहीं हो सकी। ऐसे अन्य कई और विद्यालय हैं उनमें दो से तीन शिक्षक ही तैनात हैं।

> राजकीय स्कूलों में शिक्षकों की तैनात आयोग के द्वारा की जाती है। पिछले साल कुछ शिक्षक मिले थे। लेकिन उनकी तैनाती सहायता प्राप्त स्कूलों में हुई थी। शिक्षकों की कमी दूर करने के लिए पत्राचार किया जाता है। अब फिर पत्राचार किया जाएगा।
> –लालजी यादव, जिला विद्यालय निरीक्षक।

# विद्यार्थी अब एआई में बनेंगे दक्ष

- कक्षा 11 और 12 के छात्र-छात्राओं को मिलेगा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का प्रशिक्षण

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** माध्यमिक शिक्षा परिषद के राजकीय स्कूलों के विद्यार्थी नए शैक्षिक सत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के क्षेत्र में ज्ञान अर्जित करेंगे। कक्षा 11वीं और 12वीं विद्यार्थियों के लिए विशेष मुफ्त ऑनलाइन एआई कोर्स शुरू किया जा रहा है।

स्कूलों में यह कोर्स 15 अप्रैल से प्रारंभ होगा। इस नई पहले से विद्यार्थी एआई की दुनिया से रुबरु होंगे। एआई के तहत मिलने वाले प्रशिक्षण के लिए विद्यार्थियों का पंजीकरण कराया जा रहा है। अब तक करीब 15 सौ विद्यार्थी अपना पंजीकरण करा चुके हैं।

### 20 घंटे का दिया जाएगा ऑनलाइन प्रशिक्षण

जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) कोर्स के माध्यम से एआई की मूल अवधारणाओं को बताया जाएगा। साथ ही शीन लर्निंग, डाटा एनालिसिस, एल्गोरिदम की समझ, नेचुरल लैंग्वेज प्रोसेसिंग, इमेज रिकग्निशन और ऑटोमेशन टूल्स के उपयोग जैसे महत्वपूर्ण विषयों के संबंध में जानकारी प्रदान की जाएगी। पंजीकरण कराने वाले विद्यार्थियों को 20 घंटे का ऑनलाइन प्रशिक्षण दिया जाएगा। कोर्स पूरा करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा। यह प्रमाण पत्र विद्यार्थियों के भविष्य के शैक्षणिक और व्यावसायिक अवसरों में सहायक सिद्ध होगा। डीआईओएस ने बताया कि यह प्रशिक्षण पूरी तरह से निशुल्क है। एआई अवेयरनेस प्रोग्राम में शामिल होने के लिए नौ अप्रैल तक पंजीकरण कराना अनिवार्य है।

जिले में 308 माध्यमिक शिक्षा परिषद के विद्यालय संचालित हैं। इनमें से 225 इंटर कॉलेज संचालित हैं। इन स्कूलों में करीब 60 हजार विद्यार्थी नामांकित हैं। जिले के 15 हजार विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) कोर्स में नामांकित करने का लक्ष्य रखा गया है। अब तक करीब 15 सौ विद्यार्थी ऑनलाइन पंजीकरण करा चुके हैं। पंजीकरण नौ अप्रैल तक होना है। अंतिम तिथि तक पंजीकरण कराने वाले विद्यार्थियों की संख्या बढ़ेगी। प्रशिक्षण के बाद विद्यार्थी एआई के क्षेत्र में नवीनतम ज्ञान प्राप्त कर सकेंगे।

> एआई अवेयरनेस प्रोग्राम विद्यार्थियों की गुणवत्ता को बढ़ाया। यह प्रशिक्षण तकनीकी क्षेत्रों में विद्यार्थियों के करियर की एक मजबूत नींव तैयार करेगा। प्रशिक्षण 15 अप्रैल से शुरू होगा।
> लालजी यादव, डीआईओएस।

# दो निरीक्षक समेत 16 पुलिस कर्मियों के कार्यक्षेत्र बदले

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** कानून व्यवस्था और दुरुस्त करने के लिए एसएसपी अंकिता शर्मा ने दो निरीक्षक समेत 16 उपनिरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है। तत्काल प्रभाव से अनुपालन करने को निर्देशित किया है। ललित कुमार को यातायात प्रभारी बनाया गया है। अपराध शाखा के निरीक्षक अनिल कुमार साइबर क्राइम सेल के प्रभारी और यहां के प्रभारी हरेंद्र कुमार को पुलिस लाइन भेजा गया है। पुलिस लाइन के उपनिरीक्षक राजकुमार सिंह को मूसाझाग का वरिष्ठ उपनिरीक्षक बनाकर भेजा है। कछला घाट के चौकी प्रभारी गौरव कुमार को पुलिस लाइन और उझानी कोतवाली के भूपेंद्र सिंह को वहां का चौकी इंचार्ज बनाया है। मुजरिया के वरिष्ठ उपनिरीक्षक रिंकू सिंह बगरैन चौकी प्रभारी बने और कचहरी चौकी इंचार्ज चमन गिरी को लाइन भेजा है। उनके स्थान पर उसहैत के भूप सिंह को इंचार्ज बनाया गया है। पुलिस लाइन के मामराज सिंह को थाना बिनावर, फैजगंज बेहटा के सुरेश पाल सिंह को कछला नाका का चौकी इंचार्ज बनाया है। यहां के चौकी इंचार्ज जगमेंद्र सिंह थाना मूसाझाग में तैनात किए गए। इनके अलावा बिसौली के जब्बार अली व सहसवान के यशपाल को मूसाझाग स्थानांतरित किया। यातायात प्रभारी रामलड़ैते राजपूत को यातायात पुलिस भेजा। वजीरगंज थाना कार्यालय के लाला सिंह पुलिस लाइन भेजे गए हैं।


## कार्यालय ग्राम पंचायत मझौआ हेतराम वि.खं. भुता (बरेली)

### निविदा आमंत्रण सूचना

समस्त पंजीकृत फर्मो एवं सामग्री के आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत की कार्य योजना के अनुसार वर्ष 2026–27 में पन्द्रहवां वित्त/सोलहवां वित्त/राज्य वित्त/जी राम जी योजना/एस एल डब्लू एम/एम बी एम, ओ एस आर तथा आईसीडीएस आदि से निर्माण कार्य सी सी रोड, इन्टरलॉकिंग, खडण्जा, नाली निर्माण कार्य/मरम्मत कार्य, मिट्टी कार्य, फर्नीचर दरी, एल.ई.डी. लाइटें व बल्ब स्थापना/अनुरक्षण हैण्डपम्प रिबोर/वॉल पेंटिंग कार्य सामुदायिक शौचालय निर्माण/मरम्मत/वाल पेंटिग आंगनवाडी में व अन्य मरम्मत, सोलर लाइट, शोक पिट, सार्वजनिक शौचालय निर्माण/मरम्मत, अंत्येष्टि स्थल निर्माण/मरम्मत, वृक्षारोपण, स्कूल कायाकल्प व मरम्मत पानी की टंकी निर्माण/मरम्मत समरसेबिल, पंचायत भवन की बाउंड्रीवॉल का निर्माण/मरम्मत, ई–रिक्शा क्रय, पंचायत भवन निर्माण/मरम्मत, सूचना बोर्ड की स्थापना, सफाई ठेली क्रय/मरम्मत जनसेवा केन्द्र (CSC) का निर्माण मरम्मत, खाद के पक्के गड्डों का निर्माण, पंचायत भवन हेतु डेस्कटॉप, प्रिन्टर, लेजर प्रिन्टर, डबल बैटरी, पंखे, सोलर पैनल, सीसीटीवी कैमरे अन्नपूर्णा (खाद्यान्न) भवन निर्माण, अन्य इलेक्ट्रॉनिक कार्य, चबूतरी, डिप निर्माण कार्य कराए जाने है उक्त कार्यो के लिए सामग्री क्रय हेतु ईट, रोड़ी, सीमेन्ट, रेत, बजरी, बजरफुट, लोहा, टाइल, पाइप, टोटी, स्टेशनरी, पटान हेतु मिट्टी फागिंग कार्य हेतु स्प्रे मशीन सफाई किट, स्कूल में फर्नीचर आदि वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलबन्द निविदाएं ग्राम पंचायत कार्यालय में 14.04.2026 को दोपहर 12 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जिन्हें उसी दिन 2 बजे निविदादाता अथवा उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोली जाएगी। निविदा को स्वीकार अथवा निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा।

प्रधान–रूकसाना बेगम  सचिव–अनिल कुमार


# टीबी की चपेट में आ रहे मधुमेह के 15 फीसदी रोगी

- प्रतिरोधक क्षमता कम होने पर फेफड़े होते हैं कमजोर
- पुरानी खांसी के मरीजों की जांच में हुआ खुलासा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** मधुमेह के मरीजों की जांच करने पर उनमें टीबी की पुष्टि हो रही है। कमजोर फेफड़े वाले मरीजों में प्रतिरोधक क्षमता कम होने पर उनमें करीब 15 प्रतिशत से अधिक मरीज टीबी के शिकार हो रहे हैं। क्षय रोग अधिकारी का कहना है कि पिछले एक महीने में 15 प्रतिशत से अधिक टीबी मरीज बढ़े हैं इसलिए टीबी मरीजों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी जा रही है।

मौसम के बदलाव के समय हर साल टीबी के मरीजों की संख्या मे वृद्धि होती है। जब सर्दी शुरू होती है तो अचानक टीबी के मरीज बढ़ने लगते हैं और फिर गर्मी शुरू होने पर मौसम के बदलते ही श्वास और मधुमेह रोगियों की परेशानी बढ़ जाती है। इनके बलगम और ब्लड की जांच कराने पर अधिकांश मरीजों में टीबी की पुष्टि होती है। इस समय मधुमेह के मरीजों की संख्या बढ़ रही है। पुराने बुखार से जूझ रहे मरीजों की प्रतिरोधक क्षमता कम हो जाती है उनकी जांच कराने पर 15 प्रतिशत से अधिक मरीजों में टीबी की पुष्टि होती है।


टीबी मरीजों को देखते जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. विनेश कुमार। • अमृत विचार

जिला क्षय रोग अधिकारी डा. विनेश कुमार ने बताया कि यदि किसी को पुरानी खांसी है। अधिक समय तक बुखार रहता है। या फिर शरीर की हड्डी में दर्द रहता है उनकी जांच कराने पर उनमें अधिकांश मरीजों को टीबी सामने आती है। बताया कि कमजोर इम्युनिटी पावर होते ही फेफड़ों में धब्बे शुरू हो जाते हैं। जिससे मरीज और अधिक कमजोर होने लगता है। उसके लिवर पर असर पड़ता है। अंदर से कमजोर होते ही व्यक्ति टीबी की चपेट में आ जाता है।

उन्होने बताया कि टीबी कई तरह की होती है। यदि अधिक समय तक किसी को बुखार रहता है तो उसके किसी हिस्से की हड्डी गलने लगती है वह भी टीबी होती है। फेफड़े और शरीर के अंदर कहीं पर भी गांठ हो तो वह भी टीबी के लक्षण माने जाते हैं। इसलिए बिना जांच कराए किसी को दवा नहीं दी जाती है।

### टीबी मरीजों को चिकित्सक की सलाह

टीबी मरीजों को अधिकतम छह माह तक दवा लेनी होती है। जिनके टीबी के शुरुआत से दवा शुरू कर दी जाए तो तीन या चार माह तक ही टीबी की दवा लेनी होती है। मरीज को आराम मिलने पर दवा बंद कर देता है इसलिए टीबी से पूरी तरह मुक्त नहीं हो पाता है। डॉक्टर की सलाह पर बीमार व्यक्ति को हर छह माह बाद ब्लड और बलगम की जांच करा लेनी चाहिए। श्वास रोगियों को बदलते मौसम में विशेष सावधानी बरतनी चाहिए।

# लोन के रुपये एजेंट ने बैंक में नहीं किए जमा

**विजय नगला, अमृत विचार :** थाना बिनावर क्षेत्र के गांव रंझौरा निवासी ईश्वर वती ने बताया कि उनके पति अंगनलाल ने भारतीय स्टेट बैंक से 10 लाख रुपये लोन लिया था। सिलहरी निवासी एजेंट रुपये जमा करने का दबाव बना रहा था। उनके पति ने 1.10 लाख रुपये बैंक में जमा करने को 20 दिसंबर 2025 को एजेंट को दिए। महिला के पति की 11 फरवरी 2026 को मौत हो गई। एजेंट ने उन्हें रुपये जमा करने की रसीद नहीं दी तो ईश्वरवती एजेंट के पास गईं लेकिन उसने रुपये लाने की बात कबूल नहीं की। महिला ने बैंक मैनेजर पर अभद्रता करके बैंक से भगाने का आरोप लगाया। महिला ने एजेंट के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक अरिहंत कुमार सिद्धार्थ ने बताया कि शिकायत मिली है। जांच की जा रही है।


## कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता बदायूँ–पीलीभीत वृत्त, लो0नि0वि0 बरेली

पत्रांकः 2823/7निविदा (पी0डी0)(ई0टेण्डर)–08/25–26  दिनांकः 30.03.2026

### अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना

1. महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, बदायूँ–पीलीभीत वृत्त, लो0नि0वि0, बरेली के द्वारा प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, बदायूँ के क्षेत्रान्तर्गत निम्न तालिका में अंकित विवरण के अनुसार ई–निविदा प्रतिशत दरों पर आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र बेवसाइट/पोर्टल पर दिनांक 09.04.2026 से दिनांक 17.04.2026 की मध्यान्ह 12:00 बजे तक उपलब्ध रहेगें एवं ई–निविदा की तकनीकी बिड दिनांक 17.04.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे ऑनलाइन खोली जायेगी।

| क्रम सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रू0) | बिड सिक्युरिटी (लाख रू0) | बिड डाक्यूमेन्ट का मूल्य (रू0) | कार्य पूर्ण करने का समय | फर्म/ठेकेदारों की आवश्यक पंजीकरण श्रेणी (Bridge Work) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1. | जनपद बदायूँ में दातागंज विधानसभा के अर्न्तगत लालपुर खादर लभारी सेटाडांडी मार्ग (अन्य जिला मार्ग) के किमी0–9 में स्थित दीर्घ सेतु पर सुरक्षात्मक कार्य एवं पैरापिट पेंटिंग का कार्य। | 50.50 | 4.55 | 2714.00 | 2 माह | A,B&C |
| 2. | जनपद बदायूँ में शेखूपुर विधानसभा के अर्न्तगत गुलाबगंज से उलाईखेड़ा खाम मार्ग पर 3×3 मी0 स्पान के लघु सेतु, पहुंच मार्ग का निर्माण। | 53.50 | 4.70 | 2714.00 | 6 माह | A,B&C |

2– निविदा दस्तावेज एवं निविदा हेतु आमंत्रण के विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर लॉग इन किया जा सकता है।

UP - 249269 दिनांक: 06/04/2026
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

(नरेश कुमार)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बदायूँ

(के0 के0 सिंह)
अधीक्षण अभियन्ता
बदायूँ–पीलीभीत वृत, लो0नि0वि0 बरेली


# सीएमओ के छापे में सीएचसी प्रभारी नदारद

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** स्वास्थ्य विभाग में मनमानी और लापरवाही पर अंकुश लगाने को प्रभारी सीएमओ ने आकस्मिक निरीक्षण शुरू कर दिए हैं। मंगलवार को उसावां और म्याऊं और जगत सीएचसी का निरीक्षण किया गया, जिसमें म्याऊ में चिकित्सा अधीक्षक गैरहाजिर थे। सीएमओ ने कारण बताओ नोटिस जारी कर कार्यवाही की बात कही है।

स्वास्थ्य विभाग में मनमानी और लापरवाही पर कभी कार्यवाही नहीं की गयी। जिससे अधिकांश सीएचसी प्रभारी समय से नहीं पहुंचते हैं। पीएचसी पर और बदतर स्थिति है। वहां तो दो तीन दिन बाद डाक्टर पहुंचते हैं। पूरी मनमानी के साथ काम करते हैं जिससे स्थानीय मरीजों को जिला अस्पताल आना पड़ता है। लेकिन अब सीएमओ के रिटायर होने के बाद प्रभारी सीएमओ डा. मोहन झा ने चार्ज संभाला है। डा. मोहन झा ने पिछले एक सप्ताह में तीन चिकित्सा अधीक्षकों के खिलाफ कार्यवाही की है। निरीक्षण में गैर हाजिर मिलने पर उनका एक एक दिन का वेतन काटा गया है। इसलिए अब स्वास्थ्य विभाग में कुछ बदलाव दिख रहा है। प्रभारी सीएमओ डा. मोहन झा मंगलवार को उसावां सीएचसी पहुंचे। वहां पर सुबह नौ बजे चिकित्सा अधीक्षक पहुंचे। सीएमओ ने समय का पालन करने के निर्देश दिए। कहा कि मरीजों को डॉक्टर का इंतजार करना पड़ रहा है। सीएचसी पर साफ सफाई के निर्देश दिए। उसके बाद सीएमओ सीएचसी म्याऊ पहुंचे। यहां पर सुबह 10 बजे तक सीएचसी प्रभारी डॉ. राजकुमार गंगवार नहीं पहुंचे थे। चिकित्सा अधीक्षक के गैर हाजिर होने पर सीएमओ ने नाराजगी जताई। कहा इस तरह लापरवाही बरती जा रही है। मरीजों को इंतजार करना पड़ रहा है। उन्होंने जिला मुख्यालय लौटते ही म्याऊ सीएचसी प्रभारी डा. राजकुमार को कारण बताओ नोटिस जारी करने की बात कही है।


सीएचसी जगत पर रजिस्टर चेक करते सीएमओ डॉ. मोहन झा • अमृत विचार

सीएमओ ने कहा कि अब किसी को बख्शा नहीं जाएगा। जो सीएचसी पर देर से पहुंचेगा उसके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। शासन की मंशा है कि हर मरीज को समय से इलाज दिया जाए। लेकिन यहां पर मनमानी की जा रही है अब ऐसा नहीं चलेगा। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जगत पर एमओआईसी डा मोहम्मद असलम मौजूद मिले। वहां पर करीब दर्जन भर मरीजों से बात की गयी। प्रसूताओं से भोजन और दवाओं के बारे में जानकारी की। डा. मोहम्मद असलम ने बताया कि यहां पर निरीक्षण में सबकुछ ठीक मिला।

### उसावां और म्याऊ में नहीं दिखे झोलाछाप

प्रभारी सीएमओ के उसावा और म्याऊ पहुंचते ही झोलाछापों ने अपनी दुकानें बंद कर दीं। जिससे वहां पर भर्ती मरीज परेशान हो गये। उसावां में मुख्य रोड पर एक बड़े अस्पताल को आनन फानन में बंद कर दिया गया। मरीजों को इधर उधर कर दिया गया। झोलाछापों की दुकानें बंद हो गयीं। उसी तरह म्याऊ में उसहैत रोड स्थित कुछ निजी अस्पताल आनन फानन में बंद हो गये। जब तक सीएमओ सीएचसी पर रहे तब तक एक भी अस्पताल नहीं खुला। मरीजों को बाहर कद दिया गया। सीएमओ के निकल जाने के बाद झोलाछापों ने दुकान खोली।


## कार्यालय मुख्य अभियन्ता, नगर निगम, बरेली

### ई–निविदा आमन्त्रण सूचना

पत्रांक : 02/मु.अभि./नि.वि./2026–27  दिनांक 07.04.26

ई–निविदा सूचना शासनादेश सं.–3890/नौ –5 –149सा/2019 नगर विकास अनुभाग–05 उ.प्र. शासन लखनऊ दिनांक 20 सितम्बर, 2019 के अनुपालन में ठेकेदारों से निर्माण कार्यो हेतु निविदायें टू बिड पद्धति (तकनीकी एवं वित्तीय) के माध्यम से निम्न प्रकार से आमंत्रित की जाती है। निविदा खोले जाने की तिथि में यदि अवकाश होगा तो निविदाएं अगले कार्य दिवस में खोली जायेंगी। ई–निविदा से सम्बन्धित प्रपत्र उत्तर प्रदेश की ई – प्रक्योरमेन्ट की वेबसाईट http://etender.up.nic.in व नगर निगम की बेवसाइट www.nagarnigambareilly.com पर देखी जा सकती है।

| प्रथम बार ई–निविदा आमंत्रित हेतु (क्रमांक सं. 01 से 20 तक) | |
|---|---|
| ई–निविदा डाउनलोड प्रारम्भ की तिथि/समय | 13.04.2026 - (03:00 PM) |
| ई–निविदा अपलोड प्रारम्भ की तिथि/समय | 13.04.2026 - (04:00 PM) |
| ई–निविदा अपलोड की अन्तिम तिथि/समय | 02.05.2026 - (03:00 PM) |
| ई–निविदा खोली जाने की तिथि/समय | 02.05.2026 - (04:00 PM) |
| फाईनेंशियल ई–निविदा खोली जाने हेतु | After Technical Evaluation |
| **प्रथम बार ई–निविदा आमंत्रित हेतु (क्रमांक सं. 21 से 41 तक)** | |
| ई–निविदा डाउनलोड प्रारम्भ की तिथि/समय | 15.04.2026 - (03:00 PM) |
| ई–निविदा अपलोड प्रारम्भ की तिथि/समय | 15.04.2026 - (04:00 PM) |
| ई–निविदा अपलोड की अन्तिम तिथि/समय | 04.05.2026 - (03:00 PM) |
| ई–निविदा खोली जाने की तिथि/समय | 04.05.2026 - (04:00 PM) |
| फाईनेंशियल ई–निविदा खोली जाने हेतु | After Technical Evaluation |

कार्यो का विवरण, नियम व शर्ते नगर निगम बरेली के वेबसाइट www.nagarnigambareilly.com पर ई–निविदा लिंक एवं ई–पोर्टल http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। किसी परिवर्तन, संशोधन व अतिरिक्त सूचनाओं के लिये उक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

मुख्य अभियन्ता
नगर निगम, बरेली

अमृत विचार

बरेली, बुधवार,8 अप्रैल 2026

बदायूं

# खरीद केंद्रों पर बारदाने की कमी के कारण गेहूं खरीद ठप

## पंजीकरण करा चुके किसान केंद्रों के काट रहे चक्कर, 30 मार्च से शुरू हो चुकी गेहूं की खरीद

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** जिले में एक दो क्रय केंद्रों को छोड़कर अन्य किसी पर गेहूं की खरीद शुरू नहीं हो सकी है। बारदाने की कमी के कारण गेहूं खरीद प्रक्रिया को विराम लगा हुआ है। खरीद न होने के कारण पंजीकरण कराने वाले किसान क्रय केंद्रों के चक्कर लगा रहे हैं। लेकिन उन्हें मायूस होकर लौटना पड़ रहा है।

जिले में गेहूं खरीद 30 मार्च से शुरू हो गई है। गेहूं खरीद के लिए 105 क्रय केंद्र मंडियों और निर्धारित स्थानों पर स्थापित किए गए है। इसके अलावा गांव गांव खरीद करने के लिए पांच मोबाइल टीमों को भी तैयार किया गया है। सरकार की ओर से गेहूं खरीद के लिए 2585 रुपये समर्थन मूल्य घोषित किया है। साथ ही छनाई लदाई को भी 20 रुपये प्रति क्विंटल किसानों को भुगतान किया जाएगा।



मंडी समिति स्थित क्रय केंद्र पर पसरा सन्नाटा। ● अमृत विचार

बिक्री करने वाले किसानों के खाते में 72 घंटे के अंदर भुगतान किया जाना है। गेहूं खरीद प्रक्रिया आधी अधूरी तैयारी के साथ शुरू कर दी गई। स्थापित किए गए क्रय केंद्रों पर मूल व्यवस्थाएं अधूरी हैं। बारदाने के अभाव में गेहूं खरीद प्रक्रिया शुरू नहीं हो सकी है। एक दो क्रय केंद्रों को छोड़ दिया जाए तो लगभग सभी क्रय केंद्रों पर सन्नाटा पसरा हुआ है। ककराला रोड स्थित मंडी समिति में दो क्रय केंद्र स्थापित किए गए हैं। इन केंद्रों पर सन्नाटे वाली स्थिति बनी हुई है। ऐसा हाल दातागंज, वजीरगंज और बिल्सी मंडी का बना हुआ है।

उझानी मंडी में गेहूं की खरीद की जा रही है। यहां पर अभी तक करीब 60 क्विंटल गेहूं खरीदा जा चुका है। शेष पर सन्नाटा पसरा हुआ है। जिन किसानों ने अपनी फसल बिक्री के लिए पंजीकरण करा रखा है। वह क्रय केंद्र बंद देखकर वापस लौट रहे हैं। या फिर आढ़तियों के हाथों अपनी फसल बेच दे रहे हैं। ककराला रोड स्थित मंडी में कुछ किसान क्रय केंद्र पर खड़े थे। रसूलपुर बिलहरी निवासी किसान जयसिंह, उपरैला निवासी राजाराम और रामधुन ने बताया कि उन्होंने गेहूं बेचने के लिए पंजीकरण कर रखा है। बोरा नहीं होने की वजह से तौल नहीं की जा रही है। मार्केटिंग इंस्पेक्टर आलोक भट्ट ने बताया कि बारदाना उपलब्ध नहीं हैं। जिसकी वजह से खरीद नहीं की जा रही है। बारदाना उपलब्ध होने के बाद तौल शुरू कर दी जाएगी।

**● एक-दो केंद्रों को छोड़कर लगभग सभी पर पसरा सन्नाटा**

> गेहूं खरीद की सभी तैयारियां हैं। बारदाना के लिए डिमांड की गई है। अभी गेहूं की कटाई और मड़ाई का काम चल रहा है। कम किसान ही अपनी फसल बेचने आ रहे हैं। किसानों का नियमानुसार गेहूं खरीदा जाएगा। -**अतुल वशिष्ठ**, डिप्टी आरएमओ।

## न्यूज ब्रीफ

### हादसे में बाइक सवार दंपती समेत 3 घायल

**करियामई, अमृत विचार** : उधैती थाना क्षेत्र के गांव सोरहा निवासी विजेंद्र सिंह मंगलवार को अपनी पत्नी और पांच साल के बेटे के साथ बाइक बदायूं शहर आ रहे थे। राजपुर रोशन नगर चौराहा पार कर फौजी मार्केट के सामने ट्रैक्टर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। दंपती और बच्चा सड़क पर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को रुदायन की सीएचसी ले जाया गया। जहां से जिला अस्पताल रेफर किया गया। आरोप है कि हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक ने अपने परिचितों को बुलाकर दंपती के साथ मारपीट की कोशिश की।

### राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की ब्लॉक इकाई का गठन

**बदायूं, अमृत विचार** : मंगलवार को राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की ब्लॉक इकाई उझानी का गठन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन ब्लॉक सभागार में हुआ। जिसमें सर्वसम्मति से सुरेंद्र सिंह को ब्लॉक अध्यक्ष, प्रशांत कुमार को ब्लॉक मंत्री, काजल दुबे को कोषाध्यक्ष नामित किया गया। इनके अलावा अन्य पदाधिकारी नामित किए गए। मनोनीत किए गए पदाधिकारियों को चुनाव अधिकारी मुकुल कुमार द्वारा पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई गई। इस मौके पर दुष्यंत कुमार रघुवंशी, प्रदीप कुमार आदि उपस्थित रहे।

### कहासुनी होने पर दो पक्षों के 10 लोग घायल

**बिल्सी, अमृत विचार** : कोतवाली क्षेत्र के बेहटा गुसाईं गांव निवासी शान मोहम्मद ने बताया कि उनके चचेरे भाई की बारात जा रही थी। इसी दौरान गांव के कुछ लोगों द्वारा की गई टिप्पणी को लेकर कहासुनी हो गई थी, जिसे मौके पर मौजूद लोगों ने शांत करा दिया। आरोप है कि जब बारात वापस लौटी, तब दूसरे पक्ष के लोगों ने इसी रंजिश के चलते लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इस मारपीट में शान मोहम्मद, सनद, हसीब, नसी मोहम्मद, शालिम खान, नईम समेत अन्य लोग घायल हो गए। दूसरे पक्ष से अरशद, असलम व तैमूर घायल हुए हैं। दोनों पक्षों ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाल मनोज कुमार सिंह ने बताया कि घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया है। तहरीर के आधार पर जांच की जा रही है।

# एक माह से फुंका ट्रांसफार्मर ग्रामीण परेशान

**उस्मानपुर, अमृत विचार** : विद्युत उपकेंद्र क्षेत्र के गांव कमालपुर जल्लूनगर में पिछले एक माह से ट्रांसफार्मर फुंका पड़ा है, जिससे पूरे गांव की विद्युत आपूर्ति ठप है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव कमालपुर जल्लू नगर में ट्रांसफार्मर रखा है। इससे पूरे गांव को बिजली दी जाती है। लेकिन गांव का ट्रांसफार्मर एक महीने से फुंका पड़ा है। ग्रामीणों ने बिजली विभाग से इसकी शिकायत भी की मगर ट्रांसफार्मर ठीक नहीं किया गया। आरोप है कि ट्रांसफार्मर फुंकने के बाद कई बार संबंधित विभाग को शिकायत की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। बिजली न होने से बच्चों की पढ़ाई और दैनिक कार्य प्रभावित हो रहे हैं। मोबाइल चार्जिंग तक के लिए लोगों को दूसरे गांवों का सहारा लेना पड़ रहा है। गांव के लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही ट्रांसफार्मर नहीं बदला गया तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। उन्होंने उच्चाधिकारियों से मामले का संज्ञान लेते हुए जल्द समाधान की मांग की है।

# आंबेडकर जयंती को लेकर पीस कमेटी की बैठक



पीस कमेटी बैठक में जयंती सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने का आह्वान करते एसपी देहात डॉ. ह्रदेश कठेरिया। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार** : डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती पर शांति व कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से कोतवाली सहसवान परिसर पीस कमेटी की बैठक हुई। जिसमें क्षेत्र के संभ्रांत लोगों ने शिरकत की। बैठक की अध्यक्षता करते एसपी देहात डॉ. ह्रदेश कठेरिया ने कहा कि जयंती परंपरागत, शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह, भ्रामक सूचना या सामाजिक तनाव फैलाने वाली गतिविधियों को पूरी तरह रोका जाए। सोशल मीडिया सहित किसी भी माध्यम से फैलने वाली गलत सूचनाओं पर कड़ी नजर रखी जाएगी और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

बुजुर्गों, युवाओं और समाजसेवियों ने आश्वासन दिया कि जयंती मनाने के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने में वे प्रशासन का पूरा सहयोग करेंगे। बैठकों से क्षेत्र में सकारात्मक माहौल बनता है और किसी भी अप्रिय घटना की संभावना न्यूनतम हो जाती है। सीओ अशोक कुमार सिंह , थाना प्रभारी धनंजय सिंह, मुजरिया थाना प्रभारी विदेश कुमार मुजरिया, जरीफनगर थाना प्रभारी सुमित शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# लेखपाल संघ के विनोद अध्यक्ष, विजेंद्र बने मंत्री

संवाददाता, बिल्सी

**अमृत विचार** : तहसील के लोक सभागार में मंगलवार को उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ उपशाखा बिल्सी की कार्यकारिणी का चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। चुनाव में सभी पदाधिकारी निर्विरोध चुने गए, जिससे संगठन में एकजुटता का संदेश गया। चुनाव प्रक्रिया चुनाव पर्यवेक्षक संदीप कुमार एवं चुनाव अधिकारी शोभित कुमार की देखरेख में कराई गई।

चुनाव परिणाम घोषित होते ही नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का फूल मालाओं से स्वागत किया गया। विनोद कुमार सिंह को लगातार दूसरी बार अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई, जबकि विजेंद्र पाल सिंह को चौथी बार मंत्री पद के लिए चुना है। अनुराग मणि त्रिपाठी को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, सूरज कुमार भारती को कनिष्ठ उपाध्यक्ष, दुर्गेश कुमार उपमंत्री, ओमेंद्र सिंह को कोषाध्यक्ष, नैंसी गुप्ता को आडीटर और मोहम्मद आरिश को संगठन मंत्री चुना है। सभी पदाधिकारियों ने संगठन के हित में कार्य करने और लेखपालों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्धता जताई। रणजीत सिंह, रामपाल शाक्य, प्रदीप कुमार, दिव्या भारती, ममता यादव, प्रेमपाल सिंह, राजीव कुमार गुप्ता, राजवीर सिंह यादव, हरिओम सिंह, सुशील कुमार, सूर्य कुमार आदि लेखपाल मौजूद रहे।

# जिपं अध्यक्ष ने दी योजनाओं की जानकारी

**बदायूं, अमृत विचार** : बस्ती ग्राम चलो अभियान के अंतर्गत मंगलवार को जिला पंचायत अध्यक्ष वर्षा यादव ने बिसौली नगर मंडल के शक्ति केंद्र सर्वा व अजनावर में स्वच्छता अभियान चलाया । साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया गया। घर-घर जनसम्पर्क कर आमजन को केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। पूर्व जिला उपाध्यक्ष दुर्गेश वार्ष्णेय, मंडल अध्यक्ष बिसौली नगर मनोज गुप्ता, मंडल अध्यक्ष बिसौली ग्रामीण सुनील कुमार सिंह, महामंत्री वैभव शर्मा, रामकुमार,सुमित, ग्राम प्रधान जय सिंह, आशा सक्सेना, गुंजन सक्सेना, सचिन जोहरी, बूथ अध्यक्ष कमल सक्सेना, बूथ अध्यक्ष कृष्ण वीर एवं स्थानीय कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# संविदा कर्मियों को वापस नहीं लेने पर आंदोलन

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार** : लखनऊ स्थित गांधी भवन प्रेक्षागृह में उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन निविदा संविदा कर्मचारी संघ के चतुर्थ द्विवार्षिक सम्मेलन में चेतावनी दी गई कि विभाग द्वारा हटाए गए विद्युत संविदा कर्मियों को जल्द काम पर वापस न लेने पर आर पार की लड़ाई लड़ी जाएगी। सम्मेलन में प्रदेश भर से हजारों की संख्या में विद्युत संविदा कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया। सम्मेलन के पहले दिन वक्ताओं ने विभाग के कर्मचारियों के हालातों के बारे में विस्तार से चर्चा की। इसके अलावा मजदूर कर्मचारी विरोधी श्रम संहिताओं और जनविरोधी नीतियों के बारे में विचार विमर्श किया गया।

मजदूरों कर्मचारियों के संघर्षों और एकता के बारे में बातचीत की गई। सम्मेलन के दूसरे दिन चुनाव अधिकारी के डी मिश्रा एवं डॉ.सतीश की निगरानी में चुनाव प्रक्रिया संपन्न हुई। जिसमें संघ के सदस्यों ने मोहम्मद खालिद को प्रदेश अध्यक्ष और हर्षवर्धन को प्रदेश उपाध्यक्ष एवं देवेंद्र कुमार पांडेय को प्रदेश महामंत्री निर्विरोध चुना है। वहीं मुकेश कठेरिया को मध्यांचल उपाध्यक्ष तथा राकेश कुमार को मध्यांचल संगठन मंत्री चुना गया है। इस मौके पर ठाकुर धीरेंद्र कुमार सिंह, तारुद्दीन, बबलू ,हरीश चंद्र यादव, अल्लाह नूर, मुसब्बिर अली सिद्दीकी, रामसेवक, महावीर यादव आदि साथी मौजूद रहे।




फूल माला पहने निर्वाचित पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# डिग्री कॉलेज में शुरू हुआ पांच दिवसीय रेंजर्स शिविर

**बदायूं, अमृत विचार** : राजकीय महिला महाविद्यालय में पांच दिवसीय रेंजर्स शिविर शुरू किया गया। जिसके प्रथम दिवस कॉलेज प्राचार्य डॉ वंदना द्वारा ध्वजारोहण किया। साथ ही शिविर की उपयोगिता बताई।

प्राचार्य ने सभी रेंजर्स को अपने कर्तव्य पथ पर दृढ़ता से आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में होप यूनिटी हेल्पिंग वेलफेयर फाउंडेशन के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण, सुरक्षा, स्वावलंबन एवं आत्मविश्वास विषय आधारित कार्यशाला का भी आयोजन किया गया। इस मौके पर हिबा बी, सुमैरा रहमान, अंशिका, कुमकुम, राशिका, निकिता, भूमि आदि रेंजर्स के साथ प्रवक्ता उपस्थित रहे।

सबसे पुराना स्थापित 1960
गुप्त रोगी रोजाना मिलें
हर जगह से परेशान रोगी मिले
नामर्दी, शीघ्रपतन, इच्छा की कमी
बिना ऑपरेशन
दर्द रहित उपचार
बबासीर
खूनी, वादी, बवासीर, भगन्दर
कांच का बिना ऑपरेशन
इलाज दर्द रहित
उत्तर प्रदेश के प्रसिद्ध टॉप नं. 1
डॉ. सी.पी. गुप्ता क्लीनिक
निकट जिला पंचायत चौपुला
कुतुबखाना रोड, बरेली
मो. 9259082174

# गर्भवती की देखरेख को दिया विशेष प्रशिक्षण

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** जिले में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर आकांक्षात्मक ब्लॉकों में कार्यरत एएनएम को हाई रिस्क प्रेग्नेंसी (एचआरपी) की पहचान और प्रबंधन के लिए दिए गए दो दिवसीय विशेष प्रशिक्षण का मंगलवार को समापन हो गया।

सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता ने बताया कि मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करना शासन की प्राथमिकताओं में शामिल है। जनपद के चारों आकांक्षात्मक ब्लॉकों में चिकित्सकों ने एएनएम को प्रशिक्षित किया। ताकि वे क्षेत्र में बेहतर और समयबद्ध स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करा सकें। एएनएम को हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की समय पर पहचान, उनकी नियमित निगरानी, उचित उपचार और आवश्यकतानुसार उच्च संस्थानों को रेफर करने की प्रक्रिया की जानकारी दी गई।

इसके साथ ही एनीमिया की जांच व उपचार, संतुलित आहार, पोषण परामर्श, प्रसव पूर्व जांच (एएनसी) और सुरक्षित संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेष फोकस रखा गया।

इस प्रशिक्षण के बाद एएनएम जमीनी स्तर पर अधिक प्रभावी ढंग से कार्य कर सकेंगी। इससे गर्भावस्था के दौरान होने वाली जटिलताओं की समय रहते पहचान संभव होगी और गंभीर मामलों में शीघ्र उपचार सुनिश्चित किया जा सकेगा। इससे मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी आने की उम्मीद है। प्रशिक्षण की गुणवत्ता की निगरानी डीएमएचसी लल्ला सिंह एवं जिला विशेषज्ञ सामुदायिक स्वास्थ्य अंशुमान पांडेय ने की।



बांकेगंज में प्रशिक्षण देते अधिकारी। ● अमृत विचार

**● आकांक्षात्मक ब्लॉकों में एएनएम को दिया दो दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न**

# मिशन कर्मयोगी साधना सप्ताह का समापन आज

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** मिशन कर्मयोगी साधना सप्ताह का 2 अप्रैल से शुरू हुआ विशेष अभियान अब अपने अंतिम चरण में पहुंच चुका है। 8 अप्रैल को इसका समापन होगा। संयुक्त शिक्षा निदेशक डॉ. प्रदीप कुमार सिंह के निर्देशन में माध्यमिक शिक्षा विभाग के तहत कार्यरत सभी मानव सम्पदा कोड धारक अधिकारी, शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को अभियान से जोड़ा है। निर्धारित ऑनलाइन पाठ्यक्रमों को समयबद्ध पूरा कराने के लिए सख्त निर्देश जारी किए गए हैं। अभियान की प्रभावी मॉनिटरिंग के लिए चार सदस्यीय टीम का गठन किया गया है, जिसकी अगुवाई मंडलीय विज्ञान प्रगति अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार कर रहे हैं। डॉ. दिनेश कुमार ने बताया कि अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए निगरानी की जा रही है।

# स्वास्थ्य दिवस पर लिया विज्ञान के साथ चलने का संकल्प

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार** : मंगलवार को राजकीय मेडिकल कॉलेज, के ओपीडी प्रांगण में विश्व स्वास्थ्य दिवस का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस दिवस का मुख्य उद्देश्य वैश्विक स्वास्थ्य मुद्दों के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना तथा लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करने के साथ ही विज्ञान के साथ चलने का संकल्प लिया गया।

कार्यक्रम का आयोजन नर्सिंग कॉलेज द्वारा उत्साह एवं सक्रिय सहभागिता के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राजकीय मेडिकल कॉलेज, के प्राचार्य डॉ. अरुण कुमार एवं नर्सिंग कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. श्रीनिवासन के स्वागत भाषण से हुआ। इस अवसर पर विश्व स्वास्थ्य संगठन की स्थापना के उपलक्ष्य में स्वास्थ्य एवं कल्याण के महत्व को रेखांकित करते हुए छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य जागरूकता अभियान, पोस्टर प्रतियोगिता तथा भूमिका-निर्वाह (रोल प्ले) जैसी रचनात्मक एवं ज्ञानवर्धक गतिविधियाँ प्रमुख रहीं। यह आयोजन निवारक स्वास्थ्य देखभाल के प्रति जागरूकता बढ़ाने, स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करने तथा सार्वजनिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने में नर्सों की महत्वपूर्ण भूमिका को उजागर करने में सफल रहा। कार्यक्रम का संचालन नर्सिंग कॉलेज की नर्सिंग ट्यूटर सोनी सिंह द्वारा किया गया।

**● स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए किया प्रेरित**

# सलेमपुर में मनाई गई महर्षि कश्यप की जयंती

संवाददाता, दातागंज

**अमृत विचार** : क्षेत्र के ग्राम सलेमपुर में महर्षि कश्यप की, जयंती मनाई गयी। कार्यक्रम का आयोजन कश्यप महासभा के जिला अध्यक्ष कुंवर धर्मेंद्र कश्यप एडवोकेट पूर्व जिला पंचायत सदस्य द्वारा कराया गया। कुंवर धर्मेंद्र कश्यप ने महर्षि कश्यप, महाराज गुहराज निषाद, महाराज हिरण्य कश्यप,वीर एकलव्य पर चर्चा की, साथ ही शिक्षा व समाज की दिशा दशा सुधार करने पर जोर दिया।

उन्होंने महर्षि कश्यप को सृष्टि रचयिता और महाराज हिरण्यकश्यप को महा प्रतापी राजा बताया। महाभारत का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने अपने गुरु को गुरु दक्षिणा में अंगूठा देने के बाद भी दो उंगलियों के दम पर तीर चलाना सीख लिया और अर्जुन को हराया, कुंवर धर्मेंद्र कश्यप ने मेहमानों और ग्रामीणों को बधाई दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व प्रधान कृष्ण पाल कश्यप ने की।

कार्यक्रम में रामखिलाड़ी कश्यप एडवोकेट व नत्थूराम कश्यप तथा विशिष्ट अतिथि हरीश मैथिल, जिला पंचायत सदस्य मधु कश्यप,सपा नेत्री संतोष कश्यप तथा विजेंद्र माथुर पूर्व फौजी आदि ने अपने विचारों द्वारा भगवान महर्षि कश्यप व महाराज हिरण्यकश्यप आदि महापुरुषों पर विस्तार से चर्चा की। इस मौके पर ग्राम प्रधान कामता प्रसाद कश्यप, सुखलाल कश्यप, सभासद हरपाल कश्यप, रामदास कश्यप, तुलाराम कश्यप, प्रेमपाल कश्यप बीडीसी, सोरन कश्यप,अर्जुन कश्यप पहलवान, डॉ. ओमेंद्र कश्यप, विजयवीर कश्यप, राजकुमार कश्यप, चरण सिंह कश्यप प्रधान, सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# शब्बीर गेट रोड पर घंटों जाम, फंसे रहे वाहन

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार** : सोमवार को शहर के बीचो बीच शब्बीर गेट रोड घंटों जाम के झाम में फंसा रहा। परशुराम चौक से कश्मीरी होटल तक सैकड़ो छोटे बड़े वाहन जाम में फंसे रहे। कुछ वाहन चालक दूसरे सड़क मार्ग से होकर गुजरे, दोपहर को जाम लगने से लोग परेशान रहे।

सुबह से साफ मौसम ने लोगों को घरों से बाहर निकलने को प्रेरित किया। शहर के सभी सड़कों पर ऑटो और ई रिक्शा दौड़ने से जगह जगह जाम लगा। सबसे देर तक शब्बीर गेट रोड पर जाम रहा। परशुराम चौक से कश्मीरी होटल तक करीब दो सौ से अधिक वाहन जाम में फंसे रहे। इस जाम के चलते स्थानीय दुकानदार भी परेशान रहे। कहीं से कोई निकल नहीं पा रहा था। जाम लगने से पंजाब नेशनल बैंक और सर्व यूपी ग्रामीण बैंक गेट तक बंद हो गए। बैंकों के गेट पर वाहनों की लंबी कतार काफी देर तक रही। शोर शराबा होने पर ट्रैफिक पुलिस ने मोर्चा संभाला। परशुराम चौक से वाहनों को आगे नहीं बढ़ने दिया। उधर कश्मीरी होटल चौराहे से पुलिस ने वाहनों को वापस करना शुरू कर दिया। जिसके दो घंटे बार कुछ स्थिति सामान्य हुई।

जाम लगने के कारण स्थानीय दुकानों पर ग्राहक भी नहीं पहुंच सके। जो ग्राहक दुकान पर थे वह वहीं पर फंस गए। इधर उधर निकलने की जगह नहीं मिली।

परशुराम चौक से रोडवेज जाने वाली सड़क पर भी वाहनों को रोका गया। उधर जोगीपुरा जाने वाली सड़क पर पुलिस ने कड़ा पहरा लगाया। जाम खुलने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली।




शब्बीर गेट रोड पर लगा जाम। ● अमृत विचार

**● परशुराम चौक पर रोके गए वाहन, दूसरी सड़कों से निकले**

### कलेक्ट्रेट चौराहे पर रही कड़ी चौकसी

कलेक्ट्रेट चौराहे पर सोमवार को करीब आधा दर्जन पुलिस कर्मियों को लगाया गया जिससे इधर से आने जाने वाले अधिकारियों को दिक्कत न हो। पिछले दिनो डीएम सहित कई अन्य अधिकारी जाम के चलते परेशान हुए। इसके बाद ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार किया गया। आज कड़ी चौकसी के चलते चौराहे पर कोई वाहन नहीं रुका।

### नवादा रोड पर लगा जाम

हर दिन की तरह पुलिस लाइन चौराहे से इंदिरा चौक तक कई बार जाम लगा। लेकिन आज यहां पर ट्रैफिक पुलिस की संख्या अधिक होने से जाम खुलता रहा। ओवरब्रिज रोड पर भी पुलिस ने पहले से ही वाहनों को रोक रोक का पास कराया जिससे स्थिति नियंत्रण में रही। नवादा रोड पर दास कॉलेज गेट पर बसों के पहिए थम गए। कुछ देर के लिए यहां पर भी सड़क पर जाम लगा लेकिन पुलिस की तत्परता से जाम जल्द ही खुल गया।

## फायरिंग का वीडियो वायरल, जांच में जुटी पुलिस

**बरेली, अमृत विचार :** सुभाषनगर क्षेत्र में एक युवक का तमंचे से फायरिंग करने का वीडियो वायरल हो रहा है। सुभाषनगर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। थाना इज्जतनगर क्षेत्र के परतापुर चौधरी निवासी सुमित कुमार ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि मढ़ीनाथ निवासी एक युवक रेस्टोरेंट चलाता है। उसका तमंचे से फायरिंग करते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। सुभाषनगर इंस्पेक्टर सतीश कुमार ने बताया कि वीडियो की जांच कराई जा रही है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार करके जेल भेजा जाएगा।

# जहरीले मांस ने ले ली 25 गिद्धों की जान

## गांव सिमरिया के पास एक खेत में कुत्ते का जहरीला शव खाने से मरे गिद्ध, 5 को बचाने में जुटा वन विभाग

**संवाददाता, भीरा (लखीमपुर खीरी)**



पिकअप में लदे मृत गिद्ध। ● अमृत विचार



खेतों में मृत पड़े गिद्ध। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** थाना भीरा क्षेत्र के गांव सिमरिया के पास एक खेत में कुत्ते की लाश खाने पहुंचे गिद्धों का झुंड कुछ ही मिनटों में मौत के आगोश में समा गया। इस घटना में 25 गिद्धों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पांच गिद्धों को गंभीर हालत में बचाकर उनका उपचार किया जा रहा है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मंगलवार दोपहर खेत में पड़ी कुत्ते की लाश पर अचानक गिद्धों का झुंड उतर आया। जैसे ही उन्होंने मांस खाना शुरू किया, कुछ ही देर में उनकी हालत बिगड़ने लगी। गिद्ध तड़पते हुए एक-एक कर जमीन पर गिरने लगे। देखते ही देखते पूरा खेत मृत और बेहोश गिद्धों से भर गया। ग्रामीणों ने तत्काल वन विभाग को सूचना दी। भीरा रेंज के रेंजर सतीश चंद्र वर्मा टीम के साथ मौके पर पहुंचे और राहत कार्य शुरू किया। टीम ने सभी गिद्धों को एकत्र कर उनकी स्थिति का निरीक्षण किया, जिसमें 25 गिद्ध मृत पाए गए, जबकि पांच गिद्धों की हालत अत्यधिक गंभीर थी। इन पांचों गिद्धों को रेंज कार्यालय ले जाया गया, जहां पशु चिकित्सकों की देखरेख में उनका इलाज शुरू किया गया।

रेंडर ने बताया कि समय से इलाज मिलने से पांचों की जान बच गई है। वन विभाग की प्रारंभिक जांच में सामने आई है कि कुत्ते को किसी अज्ञात व्यक्ति ने जहरीला पदार्थ खिलाया था, जिससे उसकी मौत हो गई। बाद में उसकी लाश को खेत में फेंक दिया। उसी जहरीले मांस को खाने से गिद्धों की सामूहिक मौत हो गई। वन विभाग ने मृत गिद्धों के नमूने सुरक्षित कर लिए हैं और पोस्टमार्टम कराया है। साथ ही आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि इस घटना के पीछे कौन जिम्मेदार है।

अधिकारियों ने सूचना उच्चाधिकारियों को दी है और कहा कि दोषियों के खिलाफ वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।गिद्ध पर्यावरण के महत्वपूर्ण सफाईकर्मी होते हैं, जो मृत पशुओं को खाकर बीमारियों के फैलाव को रोकते हैं। ऐसे में उनकी इस तरह सामूहिक मौत पर्यावरण संतुलन के लिए गंभीर खतरा मानी जा रही है।

### पोस्टमार्टम रिपोर्ट से खुलेगा मौत का राज

**लखीमपुर खीरी।** दुधवा टाइगर रिजर्व के बफरजोन की उपनिदेशक कीर्ति चौधरी ने बताया कि भीरा रेंज के सेमरिया में मंगलवार दोपहर खेत में करीब 25 गिद्ध मृत अवस्था में पाए गए हैं, जबकि 5 गिद्ध बेहोशी की हालत में मिले। बेहोश गिद्धों का उपचार पशु चिकित्सकों से कराया गया है। मृत गिद्धों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पशु चिकित्सक बुधवार को भीरा रेंज परिसर में पोस्टमार्टम करेंगे, जिसके लिए एक पैनल भी गठित किया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही गिद्धों की मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। प्राथमिक तौर पर आशंका है कि गिद्धों की मौत किसी जहरीले पदार्थ के सेवन से हुई है। पोस्टमार्टम के दौरान विसरा सुरक्षित कर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जाएगा।

## आयुष्मान आरोग्य मंदिर में सीएचओ से मारपीट

**बरेली, अमृत विचारः** सुभाषनगर थाना क्षेत्र के एक कॉलोनी की रहने वाली महिला ने बताया कि चौबारी गांव के आयुष्मान आरोग्य मंदिर में सीएचओ (कम्यूनिटि हेल्थ आफिसर) है। 7 मार्च को उसके फोन पर नए नंबर से व्हाट्सएप कॉल और मैसेज आए। कॉल करने वाले ने खुद को सरकारी डाक्टर बताया। उसने कहा कि वह आपके कार्यालय आयुष्मान आरोग्य मंदिर चौबारी में चेकिंग करने आया है। उस समय वह महेशपुर ठकुरान में डयूटी पर थी। कॉल आने के बाद वह अपने कार्यालय पहुंच गई। कुछ समय बाद वहां श्यामवीर निवासी चाऊ की बस्ती लाइनपार थाना मझौला जिला मुरादाबाद आया। उसने पुरानी रिलेशनशिप का हवाला देकर सारी चीजें उजागर करने की धमकी दी। आरोपी संबंध बनाने का दबाव बनाने लगा। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की। उसने पति व उसे झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। 3. 50 लाख रुपये रंगदारी मांगी। आरोपी श्यामवीर व उसकी पत्नी ने कई बार ब्लैकमेल कर रुपये लिए हैं।

**न्यायालय अपर कलेक्टर जिला खीरी**

वाद संख्या- टी-202510430002697

तारीख पेशी:- 16.04.2026

संतोष कुमार उपाध्याय आदि बनाम गौरीशंकर आदि

1. गौरीशंकर पुत्र जय नरायन राय 2. अरविन्द राय पुत्र गोरखनाथ राय 3. बृजनाथ राय पुत्र गोरखनाथ राय 4. दुर्गानाथ राय पुत्र गोरखनाथ राय 5. चन्दा राय पत्नी कृष्ण मोहन राय निवासीगण:- रायनगर, मजरा पिपरागूम परगना- श्रीनगर, जिला लखीमपुर खीरी 6. श्रीमान अध्यक्ष महोदय भूमि प्रबन्धक समिति लगड़ीपुर द्वारा ग्राम प्रधान लगड़ीपुर परगना- श्रीनगर जिला लखीमपुर खीरी 7. सरकार उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा श्रीमान जिला अधिकारी महोदय लखीमपुर-खीरी ...............प्रतिवादीगण

चूंकि उपरोक्त नामित ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि उक्त आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित के लिए 16.04.2026 को 10:00 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्यक रूपेण अनुदिष्ट अधिवक्ता द्वारा उपस्थित हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा। व अवधारित किया जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर सहित आज के दिवस को निकाली गयी।

**पेशकार**
**सदर कलेक्टर-खीरी**

## युवक के साथ मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**बरेली, अमृत विचार :** प्रेमनगर थाना क्षेत्र के फैय्याज बिल्डिंग के पास रहने वाले सलमान खान ने बताया कि 5 अप्रैल को रात 10 बजे अपनी मां को अस्पताल से देखकर घर आ रहा था। उसके घर के बाहर कुछ लड़के खड़े होकर नशा कर रहे थे। उसने लड़कों से घर से आगे बढ़कर शौक करने को कहा। लड़कों ने गाली गलौज करके उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। लाठी-डंडों और बेल्टों से पिटाई कर मुंह पर ईंट मारकर घायल कर दिया। युवक ने आरोपियों से अपनी जान का खतरा बताते हुए प्रेमनगर पुलिस से शिकायत की। प्रेमनगर पुलिस ने तहसीम, तहसीन, जुनेद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

**कार्यालय कृषि उत्पादन मण्डी समिति, बदायूं**

पत्रांक: कृ.उ.म.स./सफाई-2026/163 दिनांक: 04.04.2026

**सफाई निविदा आमंत्रण**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नवीन मण्डी स्थल बदायूं की वित्तीय वर्ष 2026-27 की दैनिक सफाई कार्य हेतु निविदायें GEM/2026/B/7415566 Date-04/04/2026 के माध्यम से दिनांक 15.04.2026 के सुबह 11:30 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इच्छुक व्यक्ति/फर्म/संस्था किसी भी कार्य दिवस में नियम/शर्तो एवं उपरोक्त के सम्बन्ध में पूर्ण जानकारी कार्यालय मण्डी समिति बदायूं से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त कर सकते हैं।

**अरविन्द चौहान**
**सचिव**

**सुरेश कुमार पाल**
**नगर मजिस्ट्रेट/सभापति**

**कार्यालय बरेली विकास प्राधिकरण, बरेली**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शुभ कक्कड़ पुत्र श्री रूद्रसरन कक्कड़ निवासी-103, सैदपुर हाकिन्स, कर्मचारी नगर रोड, बरेली द्वारा निर्माण स्थल प्लाट नम्बर-पी 5-25 (पार्ट) डी. डी. पुरम बरेली पर व्यवसायिक क्रिया के अन्तर्गत स्वीकृति हेतु शमन मानचित्र प्रस्तुत किया गया है। बरेली महायोजन-2031 के अनुसार स्थल का भू-उपयोग आवासीय में दर्शित है। उ.प्र. के विकास प्राधिकारियों हेतु मॉडल भवन निर्माण एवं विकास उपविधि तथा आदर्श (मॉडल) जोनिंग रेगुलेशन-2025 के प्रस्तर 15.3.2 के क्रम संख्या-2.3 के अन्तर्गत व्यवसायिक क्रिया हेतु भू-उपयोग में न्युनतम 12.00 मीटर चौड़े मार्ग पर अनुमन्य है। स्थल के सम्मुख 18.00 मीटर चौड़ा महायोजना मार्ग स्थित है।

आदर्श (मॉडल) जोनिंग रेगुलेशन-2025 के प्रस्तर 15.1.3 के बिन्दु संख्या- (iv) में उल्लेख है कि "महायोजना भू-उपयोग अथवा अनुमोदित ले-आउट में परिपभाषित भू-उपयोग के अतिरिक्त अन्य क्रियाओं की अनुज्ञा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार जनता से आपत्ति/सुझाव आमंत्रित करने के उपरांत दी जायेगी" उक्त के क्रम में जन-सामान्य को कोई आपत्ति/सुझाव देने है, तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर प्राधिकरण लिपिक श्री महेन्द्र पाल सिंह को प्राप्त करा सकते है। नियत अवधि के उपरांत प्राप्त होने वाली किसी भी आपत्ति/सुझाव को स्वीकार नहीं किया जायेगा।

**उपाध्यक्ष**
**बरेली विकास प्राधिकरण, बरेली।**

**कार्यालय बरेली विकास प्राधिकरण, बरेली**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती निशा गुप्ता पत्नी श्री संजीव कुमार एवं श्री संजीव कुमार पुत्र श्री हरिभूषण निवासी-होरिजन हारमोनी, सी-303 डेन्टल कालेज रोड, बरेली द्वारा प्लाट सं.-49, नवादा जोगियान, निर्माणनगर बरेली भूखण्ड क्षेत्रफल-292.79 वर्गमी पर व्यवसायिक क्रिया के अन्तर्गत स्वीकृति हेतु शमन मानचित्र प्रस्तुत किया गया है। बरेली महायोजना-2031 के अनुसार स्थल पर भू उपयोग आवासीय में दर्शित है। उ.प्र. के विकास प्राविधानों हेतु मॉडल भवन निर्माण एवं विकास उपविधि तथा आदर्श (मॉडल) जोनिंग रेगुलेशन-2025 के प्रस्तर 15.3.2 के क्रम संख्या-2.2 के अन्तर्गत व्यवसायिक क्रिया हेतु भू-उपयोग में न्यूनतम 24 मीटर चौड़े मार्ग पर अनुमन्य है। स्थल के सम्मुख 30.00 मीटर चौड़ा महायोजना मार्ग स्थित है।

आदर्श (मॉडल) जोंनिंग रेगुलेशन-2025 के प्रस्तर 15.1.3 के बिन्दु संख्या-(iv) में उल्लेख है कि "महायोजना भू-उपयोग अथवा अनुमोदित ले-आउट में परिभाषित भू-उपयोग के अतिरिक्त अन्य क्रियाओं की अनुज्ञा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार जनता से आपत्ति/सुझाव आमंत्रित करने के उपरान्त दी जाएगी।" उक्त के क्रम में जन-सामान्य को कोई आपत्ति/ सुझाव देने है, तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर प्राधिकरण लिपिक श्री महेन्द्र पाल सिंह को प्राप्त करा सकते है। नियत अवधि के उपरान्त प्राप्त होने वाली किसी भी आपत्ति/ सुझाव को स्वीकार नहीं किया जायेगा।

**उपाध्यक्ष**
**बरेली विकास प्राधिकरण, बरेली।**

**कार्यालय जिला कृषि अधिकारी, पीलीभीत**

पत्रांक: 34/खरीफ/प्रक्षेत्र छा.मि./नीलामी/2025-26 दिनांक: 04.04.2026

**नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जनपद के राजकीय कृषि बीज प्रक्षेत्र, शाहगढ़ एवं टांडा बिजैसी पर फसल वर्ष खरीफ 2025 में उत्पादित एवं उसके विधायनोपरान्त प्राप्त कुल धान छानस 253.77 कुं., धान मिक्चर 02.50 कुं. का निस्तारण जेम पोर्टल पर नीलामी प्रक्रिया द्वारा कराये जाने हेतु निविदायें आमंत्रित की जा रही है। उपरोक्त बिड की नियम एवं शर्ते निम्नवत् रहेगी:-

1. इच्छुक बोलीदाताओं को जेम पोर्टल पर बोली बोलने से पूर्व जमानत धनराशि रू 25000.00 (पच्चीस हजार मात्र) राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट को पदनाम जिला कृषि अधिकारी, पीलीभीत के नाम जमानत के रूप में जमा कराना अनिवार्य होगा। जमानत धनराशि नगद अथवा अन्य माध्यम से स्वेकार नहीं होगी। बिना जमानत राशि के नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति प्रदान नहीं की जायेगी।
2. बोली समाप्त होने के बाद जिसकी बोली सबसे अधिकतम होगी, उसे कुल बोली की धनराशि के 25 प्रतिशत भाग राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट पदनाम जिला कृषि अधिकारी, पीलीभीत के नाम से जमा करना अनिवार्य होगा।
3. उपरोक्त धान छानस/मिक्चर राजकीय कृषि बीज विधायन संयंत्र पीलीभीत पर किसी भी कार्य दिवस एवं कार्य अवधि में जाकर देखा जा सकता है।
4. बोलीदाता को खाद्यान्न क्रय विक्रय करने के लिए व्यापार कर (जी.एस.टी.) पंजीकरण प्रमाण-पत्र एवं पैन कार्ड की प्रमाणित छायाप्रति नीलामी समिति के मांगने पर अवलोकित करानी होगी।
5. सम्बन्धित फर्म के प्रतिनिधि के नीलामी में भाग लेने की दशा में फर्म के प्रोपराइटर द्वारा फोटोयुक्त निर्गत प्राधिकार-पत्र नीलामी समिति के समक्ष प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
6. नीलामी में आयी उच्चतम दरों की स्वीकृति सक्षम अधिकारी से प्राप्त होने के पश्चात् क्रेता को 07 दिवसों के अन्दर अवशेष धनराशि जमा स्टॉक उठाना करना अनिवार्य होगा, बोली स्वीकृत होने के उपरान्त शेष धनराशि का बैंक ड्राफ्ट अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय में जमा करने के उपरान्त तीन दिन के अन्दर स्टाक प्राप्त करना होगा। यदि उक्त समय अंतर्गत स्टाक नहीं उठाया जाता है तो प्रतिदिन रू. 2.00 प्रति कुं. की दर से अधिक वसूली की जायेगी। 10 दिन बाद जमा धनराशि जब्त कर ली जायेगी।
7. स्टाक की तुलाई, ढुलाई, पल्लेदारी आदि का वहन बोलीदाता द्वारा स्वयं उठायेंगे। नीलामी में दर्शायी गयी मात्रा घट-बढ़ सकती है।
8. नीलामी समिति को किसी भी स्तर पर नीलामी प्रक्रिया स्थगित/निरस्त करने का पूर्ण अधिकार है।
9. क्रेता को मण्डी शुल्क, व्यापार कर एवं अन्य करों का भुगतान यथा-आवश्यक नियमानुसार अलग से करते हुए, मण्डी समिति से प्राप्त रसीद की छायाप्रति अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय में उपलब्ध करानी होगा।
10. निर्धारित नियम व शर्तो के अतिरिक्त अन्य कोई शर्त मान्य नहीं होगी। किसी भी प्रकार का विवाद होने की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र जनपद पीलीभीत होगा।

**नरेन्द्र पाल**
**जिला कृषि अधिकारी**
**पीलीभीत**

# डिजिटल अरेस्ट मम्मी-पापा को मासूम बेटे ने बचाया

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**



पिता संजय सक्सेना के साथ तन्मय।

**अमृत विचारः** साइबर अपराधियों के जंजाल में फंसे बरेली के सक्सेना दंपती को उनके 13 साल के बेटे ने बर्बाद होने से बचा लिया। कक्षा 8 में पढ़ने वाले छात्र तन्मय ने न सिर्फ 10 घंटे से डिजिटल अरेस्ट मम्मी-पापा को मुक्त कराया, बल्कि खुद को एटीएस अफसर बताकर और पुणे कोर्ट का फर्जी वारंट भेजकर आतंकित कर रहे क्रिमिनल की बातचीत भी रिकार्डिंग कर ली। पता होते ही पुलिस ने लेडी टीचर व उसके पति के बैंक अकाउंट फ्रीज कर पैसे की निकासी रुकवाकर लाखों का साइबर फ्रॉड नहीं होने दिया।

मासूम तन्मय बरेली में थाना सुरखा बानखाना की रहने वाली प्राइवेट टीचर रोशी सक्सेना का बेटा है और रामपुर गार्डन स्थित शांति इंटर कॉलेज का छात्र है। पुलिस के अनुसार, टीचर के पति संजय सक्सेना के मोबाइलद पर सोमवार को दिन के तीन 3 बजे अज्ञात नंबर से वीडियो कॉल आई थी। खुद को एटीएस बताकर कॉल करने वाले ने उनसे कहा कि जांच में आपके परिवार का आतंकी कनेक्शन मिला है। पुणे, महाराष्ट्र के कोर्ट का फर्जी वारंट भी भेजा और धमकाकर डिजिटल अरेस्ट करते हुए बैंक खाते की डिटेल हासिल कर लीं। संजय-रोशी का बेटा तन्मय अखबारों में सायबर फ्रॉड की खबरें पढ़ता रहता था। उसके कॉलेज टीचर ने भी इस बारे में जागरुक कर रखा था।

**कार्यालय नगर पंचायत अल्हागंज जनपद-शाहजहांपुर**

पत्रांक: 03/न.प.अ./ई.नि.सू./2025-26 दिनांक: 07.04.2026

**ई-निविदा सूचना**

समस्त ठेकेदारों को सूचित किया जाता है वित्तीय वर्ष 2025-26 में 15 वां वित्त आयोग एवं राज्य वित्त आयोग से स्वीकृत कार्य की प्राप्त धनराशि से निर्माण कार्य हेतु दिनांक 09.04.2026 से दिनांक 30.04.2026 को पूर्वान्ह 11:00 बजे तक ऑनलाइन ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है। जिसकी समस्त कार्यवाही वेवसाइट www.etender.up.nic.in पर की जायेगी। आमंत्रित ई-निविदायें दिनांक 30.04.2026 को दोपहर 12:00 बजे अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में खोली जायेगी। टेण्डर को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा तथा लिये गये निर्णय पर किसी भी न्यायालय में जाने का अधिकार नहीं होगा।

| | |
|---|---|
| बिड प्रकाशित करने की तिथि | दिनांक 09.04.2026 को पूर्वान्ह 11:00 बजे |
| ऑनलाइन बिड अपलोड करने की तिथि | दिनांक 09.04.2026 से 30.04.2026 को पूर्वान्ह 11:00 बजे तक |
| बिड अपलोड करने की अन्तिम तिथि | दिनांक 30.04.2026 को पूर्वान्ह 11:00 बजे तक |
| बिड खुलने की तिथि | दिनांक 30.04.2026 को दोपहर 12:00 बजे |

**एच.एन. उपाध्याय**
**अधिशासी अधिकारी**

**शिवानी वर्मा**
**अध्यक्ष**

**कार्यालय नगर पंचायत कटरा जनपद शाहजहांपुर**

पत्रांक: 06/ई-निविदा/न.पं.क./2026-27 दिनांक: 07.04.2026

**निविदा सूचना**

नगर पंचायत कटरा, जनपद शाहजहांपुर द्वारा अधिशासी अधिकारी/प्रशासक महोदय के स्वीकृति आदेशानुसार तथा शासन द्वारा स्वीकृत अनुसार पं. दीनदयाल उपाध्याय मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना तथा अन्त्येष्टि स्थल विकास योजना के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि के सापेक्ष स्वीकृत निर्माण कार्य हेतु पात्र ठेकेदारों से उनकी पंजीकरण सीमा तक पूर्ण प्रतिशत आधारा दरों पर ई-निविदा पद्धति से ई-टेण्डर की वेबसाईट www.etender.up.nic.in के माध्यम से निम्नलिखित टेण्डर शेड्यूल के अनुसार ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। प्रतिभूति की धनराशि केवल राष्ट्रीयकृत बैंक की एफ.डी.आर. और ऑनलाइन के रूप में देय होगी जिसे अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत कटरा शाहजहांपुर के पदनाम से बंधक कराना अनिवार्य होगा।

| क्र. | विवरण | प्रारम्भ दिनांक व समय | अंतिम दिनांक व समय |
|---|---|---|---|
| 1. | निविदा देखने/डाउनलोड/खरीदने की तिथि व समय | 08.04.2026 दोपहर 01:00 बजे से | 28.04.2026 सायं 05:00 बजे तक |
| 2. | बिड समाप्ति की तिथि व समय | - | 28.04.2026 सायं 05:00 बजे तक |
| 3. | बिड खोलने की तिथि व समय | 29.04.2026 प्रात: 11:00 बजे से | - |

सुरेन्द्र कुमार, लिपिक, नगर पंचायत कटरा, शाहजहांपुर

शिवलाल राम, अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत कटरा, शाहजहांपुर

रजनीश मिश्रा, प्रशासक, नगर पंचायत कटरा, शाहजहांपुर

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड लोनिवि बदायूं।

पत्रांक 960/निविदा/2025-26 दिनांक 30/03/2026

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

1. महामहिम राज्यपाल उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बदायूँ के क्षेत्रान्तर्गत निम्न तालिका में अंकित विवरण के अनुसार ई-निविदा प्रतिशत दरो पर आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र साईट/पोर्टल पर दिनांक 09.04.2026 से दिनांक 17.04.2026 मध्यान्ह 12.00 बजे तक उपलब्ध रहेगें एवं तकनीकी बिड दिनांक 17.04.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे खोली जायेगी।

| क्र0 स0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रू.) | धरोहर धनराशि (लाख रू.) | निविदा मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ठेकेदार की पात्रता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 2 | विभागीय हॉट मिक्स प्लांट (बरेली मथुरा मार्ग के किमी 133 कछला घाट के पास स्थित) पर राज्य मार्ग, प्रमुख जिला मार्ग एवं अन्य जिला मार्गों पर पॉट होल्स / पैच मरम्मत हेतु ग्रिट आपूर्ति का कार्य। | 10.00 | 1.0 | 856 | 6 Month | A, B, C & D (Road work) |
| 3 | विभागीय हॉट मिक्स प्लांट (बरेली मथुरा मार्ग के किमी 133 कछला घाट के पास स्थित) पर ग्रामीण मार्गों पर पॉट होल्स / पैच मरम्मत हेतु ग्रिट आपूर्ति का कार्य। | 10.00 | 1.0 | 856 | 6 Month | A, B, C & D (Road work) |

2. निविदा दस्तावेज एवं निविदा हेतु आमंत्रण के विस्तृत नियम एवं शर्तो हेतु वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर लॉग इन किया जा सकता है।

UP - 249268 दिनांक: 06/04/2026
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

(नरेश कुमार)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लोनिवि, बदायूँ

## मंडल में अब तक 22 सौ क्विंटल गेहूं खरीद शाहजहांपुर सबसे आगे

**बरेली, अमृत विचारः** खाद्य एवं विपणन विभाग के राज्यमंत्री अतुल शर्मा और प्रमुख सचिव रणवीर प्रसाद की समीक्षा बैठक में यह तथ्य सामने आया कि मंडल के चारों जिलों में अब तक 2228 क्विंटल गेहूं की सरकारी खरीद हो चुकी है, जिसमें शाहजहांपुर सबसे आगे है। राज्यमंत्री ने अन्य जिलों को भी रफ्तार बढ़ाने के निर्देश दिए।

● **खाद्य एवं विपणन विभाग के राज्यमंत्री और प्रमुख सचिव ने गेहूं खरीद की ऑनलाइन समीक्षा की**

मंडल के बरेली, शाहजहांपुर, पीलीभीत और बदायूं जिलों में छह सरकारी एजेंसियों के 536 क्रय केंद्र गेहूं की खरीद कर रहे हैं। बैठक के दौरान राज्यमंत्री अतुल शर्मा ने अधिकारियों को सख्त चेतावनी दी कि खरीद प्रक्रिया में बिचौलियों की रत्ती भर भी जगह नहीं होनी चाहिए। उन्होंने आरएफसी डा. मनिकंडन. ए और आरएमओ सचिन कुमार से चारों जिलों में उपलब्ध बोरों का डेटा तलब किया और निर्देश दिए कि यदि स्टॉक में कमी आए, तो तत्काल कोटेदारों से समन्वय कर बोरों की व्यवस्था करें। राज्यमंत्री ने दो टूक कहा कि अन्नदाता को नमी या संसाधनों का बहाना बनाकर परेशान न किया जाए। किसी केंद्र से किसान को बिना तौल लौटाया गया, तो संबंधित केंद्र प्रभारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। भीषण गर्मी को देखते हुए केंद्रों पर पानी और छाया की समुचित व्यवस्था की जाए। भुगतान के मामले में राज्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि डीबीटी के माध्यम से पैसा सीधे किसान के खाते में समय से पहुंचना चाहिए। प्रमुख सचिव ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे स्वयं केंद्रों का औचक निरीक्षण करें ताकि तौल में पारदर्शिता बनी रहे। बैठक में चारों जिलो के डिप्टी आरएमओ, एजेंसियों के प्रभारी आदि मौजूद रहे।

### शाहजहांपुर आगे, बदायूं फिसड्डी

**बरेली, अमृत विचारः** सरकारी क्रय केंद्रों पर गेहूं खरीद में शाहजहांपुर 837 क्विंटल गेहूं खरीद के साथ सबसे आगे है। बदायूं में अब तक सिर्फ 25 क्विंटल गेहूं खरीद हुई। बरेली के क्रय केंद्रों पर 660 क्विंटल गेहूं खरीद हो चुकी है। वहीं पीलीभीत 706 क्विंटल गेहूं खरीद के साथ दूसरे नंबर पर है।

## रिश्वत लेते पकड़े गए खनन कर्मचारी की हालत बिगड़ी

**बरेली, अमृत विचारः** किला थाना क्षेत्र के रोठा गांव निवासी वेद प्रकाश ने बताया कि उसने सीज ट्रैक्टर ट्राली को छुड़ाने और जुर्माना संबंधी पत्रावली जिलाधिकारी कार्यालय में दी थी। आरोप लगाया कि खनन विभाग में तैनात चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी महमूद रजा खां काम कराने के नाम पर 10 हजार रुपये मांग रहा था। शिकायत मिलने के बाद एंटी करप्शन की ट्रैप टीम ने सोमवार को महमूद खां निवासी परसाखेड़ा थाना सीबीगंज को खनन अधिकारी कार्यालय से 10 हजार रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार कर लिया और कोतवाली ले गई।

**कार्यालय नगर पंचायत खुदागंज जनपद शाहजहाँपुर**

पत्रांक: 05/न.पं.खु./2026-27 दिनांक: 07.04.2026

**विज्ञप्ति**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि "स्वच्छ भारत मिशन" (नगरीय) के अन्तर्गत नगर के समस्त नागरिकों, दुकानदारों, व्सवसायियों, शासकीय/अर्द्धशासकीय कार्यालयों को शासन के आदेशासनुसार नगर में घर, दुकान, प्रतिष्ठान, शासकीय/अर्द्धशासकीय कार्यालयों में निर्मित सेप्टिक टैंक को IS:2470, IS: 2470 Part 1 एवं IS: 2470 Part 2 के मानक के अनुसार निर्मित कराया जाना आवश्यक है, एवं सैप्टेज प्रबंधन के अंतर्गत नगर पंचायत के समस्त भवन स्वामियों ध्नगरिकों को सूचित किया जाता है कि समस्त शौचालय सेप्टिक टैंक से संयोजित है, उक्त सेप्टिक टैंक को खाली कराने हेतु, समय-समय पर सरकार द्वारा निर्धारित नियमों के तहत कार्यवाही अनिवार्य रूप से निम्नानुसार सुनिश्चित करेंगे ।

1. सेप्टिक टैंक को उपभोक्ता द्वारा 03 वर्ष से 05 वर्ष में एक बार खाली कराया जाना अनिवार्य है, न कराये जाने पर 500रू (पांच सौ रूपये) जुर्मने की कार्यवाही की जायेगी।
2. सेप्टिक टैंक भरे होने पर तत्काल ही खाली कराया जाना सुनिश्चित करेंगे जिससे किसी भी स्थिति में मल/फीकल स्लज नालियों में प्रवाहित ना हो।
3. सभी प्राइवेट डीस्लजिंग ऑपरेटर से अनुरोध है कि वह नगर पंचायत खुदागंज, कार्यालय में अपना पंजीकरण आवश्यक करा लें अन्यथा की स्थिति में उन पर SWM Rule 2026 के अन्तर्गत नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।
4. मैनुअल स्कैवेंजिंग पूर्णतय: प्रतिबंधित है तथा कोई भी कर्मचारी या व्यक्ति मैनुअली सीवर या सेप्टिक टैंक को खाली करते हुए/कराते हुए पाया जाता है तो उस पर रू0 2000 (दो हजार रूपये) का अर्थदण्ड एवं नियमानुसार दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी ।
5. सेप्टिक टैंक के मलवा/स्लज के निस्तारण में लगे समस्त सफाई मित्र व पंजीकृत स्लज ऑपरेटर बिना किसी सेप्टिक गियर अथवा इक्विपमेंट के सेप्टिक टैंक/सीवर में कार्य करते हुए पाए जाते हैं। तो सफाई मित्र, सीवर सेप्टिक वाहन स्वामी वाहन/व्यावसायिक आवास स्वामी के विरूद्ध नगर पंचायत खुदागंज द्वारा SWM Rule 2026 के विहित प्रावधानों के अंतर्गत कार्यवाही की जाएगी ।
6. किसी भी दशा में अवैध, अपंजीकृत तथा सीधे श्रमिकों से सेप्टिक टैंको को खाली व साफ न कराया जाए, कराए जाने पर उस पर नियमानुसार दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी ।
7. सेप्टिक टैंक खाली कराते समय निकलने वाली फीकल स्लज को खुले में ना बहाए।
8. उपभोक्ताओं टैंकर संचालको द्वारा यदि एकत्रित फीकल स्लज/अनुपचारित फीकल स्लज को खुले/नाले में बहाया जाता है तो उस स्थिति में मा0 राष्ट्रीय हरित अभिकरण के नियमों को उल्लंघन मानते हुए प्रथम बार में 5000 रू (पांच हजार रूपये) एवं पुनरावृत्ति होने पर 50000 रू (पचास हजार रूपये) तक का जुर्माना लगाया जा सकता है।
9. नगर पंचायत खुदागंज जनपद शाहजहाँपुर सीमांतर्गत सभी सेप्टिक टैंक को IS:2470, IS: 2470 Part 1 एवं IS: 2470 Part 2 के मानक के अनुसार निर्मित न कराये जाने पर 000 रू (एक हजार रूपये ) अर्थदण्ड किया जा सकता है।
10. नगर पंचायत खुदागंज, शाहजहांपुर मे द्वारा अपनी सीवर सक्शन मशीन से नगर पंचायत सीमान्तर्गत सेप्टिक टैंक खाली कराए जाने हेतु शुल्क 2000 रू. (दो हजार रूपये) प्रति ट्रिप देय होगा।
11. नगर पंचायत खुदागंज, शाहजहांपुर के सीमान्तर्गत सेप्टिक टैंक खाली कराए जाने हेतु निम्न हेल्पलाइन नंबर 14420/1533 तथा मो. नं. 8189078073 पर संपर्क किया जा सकता है।
12. साफ-सफाई सम्बन्धित कोई भी सुझाव एवं शिकायत हेतु हेल्पलाइन नंबर 1533 तथा मो. नं. 8189078073 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत खुदागंज, शाहजहांपुर**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत खुदागंज, शाहजहांपुर**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, बीसलपुर जिला पीलीभीत**

पत्रांक: 445(ii)/न.प.परि.बी./2025-26 दिनांक: 18.01.2026

**विज्ञप्ति**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि "स्वच्छ भारत मिशन" (नगरीय) के अन्तर्गत नगर के समस्त नागरिकों, दुकानदारों, व्सवसायियों, शासकीय/अर्द्धशासकीय कार्यालयों को शासन के आदेशासनुसार नगर में घर, दुकान, प्रतिष्ठान, शासकीय/अर्द्धशासकीय कार्यालयों में निर्मित सेप्टिक टैंक को IS:2470, IS: 2470 Part 1 एवं IS: 2470 Part 2 के मानक के अनुसार निर्मित कराया जाना आवश्यक है, एवं सैप्टेज प्रबंधन के अंतर्गत नगर पालिका के समस्त भवन स्वामियों/नगरिकों को सूचित किया जाता है कि समस्त शौचालय सेप्टिक टैंक से संयोजित है, उक्त सेप्टिक टैंक को खाली कराने हेतु, समय-समय पर सरकार द्वारा निर्धारित नियमों के तहत कार्यवाही अनिवार्य रूप से निम्नानुसार सुनिश्चित करेंगे ।

1. सेप्टिक टैंक को उपभोक्ता द्वारा 03 वर्ष से 05 वर्ष में एक बार खाली कराया जाना अनिवार्य है, न कराये जाने पर 500रू (पांच सौ रूपये) जुर्मने की कार्यवाही की जायेगी।
2. सेप्टिक टैंक भरे होने पर तत्काल ही खाली कराया जाना सुनिश्चित करेंगे जिससे किसी भी स्थिति में मल/फीकल स्लज नालियों में प्रवाहित ना हो।
3. सभी प्राइवेट डीस्लजिंग ऑपरेटर से अनुरोध है कि वह नगर पालिका परिषद बीसलपुर, कार्यालय में अपना पंजीकरण आवश्यक करा लें अन्यथा की स्थिति में उन पर SWM Rule 2016 के अन्तर्गत नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।
4. मैनुअल स्कैवेंजिंग पूर्णतय: प्रतिबंधित है तथा कोई भी कर्मचारी या व्यक्ति मैनुअली सीवर या सेप्टिक टैंक को खाली करते हुए/कराते हुए पाया जाता है तो उस पर रू0 2000 (दो हजार रूपये) का अर्थदण्ड एवं नियमानुसार दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी ।
5. सेप्टिक टैंक के मलवा/स्लज के निस्तारण में लगे समस्त सफाई मित्र व पंजीकृत स्लज ऑपरेटर बिना किसी सेप्टिक गियर अथवा इक्विपमेंट के सेप्टिक टैंक/सीवर में कार्य करते हुए पाए जाते हैं। तो सफाई मित्र, सीवर सेप्टिक वाहन स्वामी वाहन/व्यावसायिक आवास स्वामी के विरूद्ध नगर पालिका परिषद बीसलपुर द्वारा SWM Rule 2016 के विहित प्रावधानों के अंतर्गत कार्यवाही की जाएगी ।
6. किसी भी दशा में अवैध, अपंजीकृत तथा सीधे श्रमिकों से सेप्टिक टैंको को खाली व साफ न कराया जाए, कराए जाने पर उस पर नियमानुसार दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी ।
7. सेप्टिक टैंक खाली कराते समय निकलने वाली फीकल स्लज को खुले में ना बहाए।
8. उपभोक्ताओं टैंकर संचालको द्वारा यदि एकत्रित फीकल स्लज/अनुपचारित फीकल स्लज को खुले/नाले में बहाया जाता है तो उस स्थिति में मा0 राष्ट्रीय हरित अभिकरण के नियमों को उल्लंघन मानते हुए प्रथम बार में 5000 रू (पांच हजार रूपये) एवं पुनरावृत्ति होने पर 50000 रू (पचास हजार रूपये) तक का जुर्माना लगाया जा सकता है।
9. नगर पालिका परिषद बीसलपुर जनपद पीलीभीत सीमांतर्गत सभी सेप्टिक टैंक को IS:2470, IS: 2470 Part 1 एवं IS: 2470 Part 2 के मानक के अनुसार निर्मित न कराये जाने पर 000 रू (एक हजार रूपये ) अर्थदण्ड किया जा सकता है।
10. नगर पालिका परिषद बीसलपुर के द्वारा अपनी सीवर सक्शन मशीन से नगर पंचायत सीमान्तर्गत सेप्टिक टैंक खाली कराए जाने हेतु शुल्क 2000 रू. (दो हजार रूपये) प्रति ट्रिप देय होगा।
11. नगर पालिका परिषद बीसलपुर के सीमान्तर्गत सेप्टिक टैंक खाली कराए जाने हेतु निम्न हेल्पलाइन नंबर 14420/1533 तथा मो. नं. 8189078059 पर संपर्क किया जा सकता है।
12. साफ-सफाई सम्बन्धित कोई भी सुझाव एवं शिकायत हेतु हेल्पलाइन नंबर 1533 तथा मो. नं. 8189078059 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद बीसलपुर, पीलीभीत**

## अन्य फैसले

### गोरखपुर में बनेगा वानिकी एवं औद्यानिकी विश्वविद्यालय

**अमृत विचार, लखनऊ:** कैबिनेट बैठक में गोरखपुर में उत्तर प्रदेश वानिकी एवं औद्यानिकी विश्वविद्यालय की स्थापना को मंजूरी दे दी गई। इसके लिए "उत्तर प्रदेश वानिकी एवं औद्यानिकी विश्वविद्यालय अध्यादेश-2026" के प्रख्यापन को स्वीकृति प्रदान की गई है। वन, पर्यावरण, जंतु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. अरुण कुमार सक्सेना ने बताया कि यह विश्वविद्यालय गोरखपुर के कैम्पियरगंज क्षेत्र में लगभग 50 हेक्टेयर भूमि पर स्थापित किया जाएगा। प्रस्तावित विश्वविद्यालय में वानिकी, औद्यानिकी, वन्य जीव संरक्षण, जलवायु परिवर्तन, प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन, एग्रोफॉरेस्ट्री, फल एवं बागवानी सहित कई आधुनिक विषयों में बीएससी, एमएससी, पीएचडी और डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालित किए जाएंगे। इसका उद्देश्य वनावरण बढ़ाना व जैव विविधता संरक्षण को मजबूत करना है।

### ग्रेटर नोएडा को मिला मेट्रो विश्वविद्यालय

**अमृत विचार, लखनऊ:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में ग्रेटर नोएडा में निजी क्षेत्र के अंतर्गत 'मेट्रो विश्वविद्यालय' की स्थापना को मंजूरी दे दी गई। उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने बताया कि यह विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय अधिनियम, 2019 के तहत स्थापित किया जाएगा। प्रायोजक संस्था सनहिल हेल्थकेयर प्रा.लि. द्वारा 26.1 एकड़ भूमि पर यह विश्वविद्यालय विकसित किया जाएगा। मंत्री ने बताया कि सभी वैधानिक प्रक्रियाओं के परीक्षण के बाद प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई है और इसके लिए अधिनियम की अनुसूची में संशोधन करते हुए 'उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय (संशोधन) अध्यादेश, 2026' लागू किया जाएगा। मंत्री ने बताया कि इस विश्वविद्यालय की स्थापना से प्रदेश में गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा के नए अवसर उपलब्ध होंगे। यहां आधुनिक पाठ्यक्रम, तकनीकी शिक्षा और रोजगारपरक प्रशिक्षण पर विशेष जोर दिया जाएगा, जिससे युवाओं को सीधे रोजगार से जोड़ा जा सके।

# महापुरुषों के स्मारकों का सरकार करेगी संरक्षण

## डॉ. बीआर आंबेडकर मूर्ति विकास योजना को मंजूरी, 403 करोड़ रुपये से हर विधानसभा क्षेत्र में 10 स्मारकों का होगा विकास

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**कैबिनेट के निर्णय**

- स्मारकों को जनोपयोगी केंद्र के रूप में भी विकसित किया जाएगा

**अमृत विचार:** प्रदेश में महापुरुषों की विरासत को सहेजने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए योगी सरकार ने हर विधानसभा क्षेत्र में 10 स्मारकों के विकास का निर्णय लिया है। कैबिनेट बैठक में 'डॉ. बीआर आंबेडकर मूर्ति विकास योजना' को स्वीकृति दी गई। इसके तहत महापुरुषों, समाज सुधारकों और सांस्कृतिक विभूतियों की मूर्तियों का संरक्षण व सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी।

योगी सरकार बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर के साथ-साथ संत रविदास, कबीर, ज्योतिबा फुले, महर्षि वाल्मीकि समेत अन्य महापुरुषों की मूर्तियों का व्यापक सौंदर्यीकरण करेगी। इसके साथ ही आगामी 14 अप्रैल को प्रदेश की सभी विधानसभा क्षेत्रों में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। यहां स्थानीय जनप्रतिनिधि (सांसद, विधायक, एमएलसी) जनता को इस योजना और चयनित स्थलों के बारे में जानकारी भी देंगे।

योगी सरकार की यह पहल मूर्ति स्थलों को केवल प्रतीकात्मक स्थान न बनाकर उन्हें जानकारीपरक और जन उपयोगी केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण मानी जा रही है। इसके अंतर्गत 31 दिसंबर 2025 तक स्थापित मूर्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित कर उनके आसपास के क्षेत्र का सर्वांगीण विकास किया जाएगा।

समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने बताया कि योजना के तहत प्रदेश के सभी 403 विधानसभा क्षेत्रों में 10-10 स्मारकों का विकास किया जाएगा। प्रति स्मारक 10 लाख रुपये की लागत तय की गई है। इसके अंतर्गत कुल 403 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इन स्मारकों के आसपास बाउंड्रीवॉल, छत्र निर्माण, सौंदर्यीकरण, हरियाली का विकास और प्रकाश व्यवस्था की जाएगी। यह पहल न केवल ऐतिहासिक धरोहरों को सुरक्षित करेगी, बल्कि उन्हें जनोपयोगी केंद्र के रूप में भी विकसित करेगी।

योजना का उद्देश्य सिर्फ मूर्तियों की सुरक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि उनके आसपास के क्षेत्रों को विकसित कर स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी सृजित करना है। निर्माण कार्यों के जरिए ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।



राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में लिए गए निर्णयों की जानकारी देते मंत्री सुरेश खन्ना, संदीप सिंह, असीम अरुण, डॉ. अरुण कुमार सक्सेना और दयाशंकर सिंह। अमृत विचार

## विस्थापित परिवारों को भूमिधर का मिलेगा अधिकार

**अमृत विचार, लखनऊ:** योगी सरकार ने कैबिनेट बैठक में एक अहम निर्णय लेते हुए जनपद पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, रामपुर और बिजनौर में भारत-पाकिस्तान विभाजन के समय विस्थापित होकर आए हजारों परिवारों को भूमिधर अधिकार प्रदान करने की मंजूरी दी। इसके लिए उप्र. राजस्व संहिता (द्वितीय संशोधन) अध्यादेश, 2026 के माध्यम से उप्र. राजस्व संहिता, 2006 में संशोधन किया गया है, जिसके तहत पात्र परिवारों को असंक्रमणीय अधिकार दिए जाएंगे। दशकों से स्वामित्व के अभाव में ये परिवार खेती के लिए बैंक ऋण लेने और सरकारी खरीद केंद्रों पर उपज बेचने में कठिनाइयों का सामना कर रहे थे। अब इस निर्णय से उन्हें अपनी जमीन का कानूनी मालिकाना हक मिलेगा, जिससे वे आसानी से ऋण प्राप्त कर सकेंगे और सम्मानजनक तरीके से अपनी फसल बेच पाएंगे। यह कदम न केवल इन परिवारों को कानूनी सुरक्षा देगा, बल्कि उनके आर्थिक सशक्तीकरण और सामाजिक सम्मान को भी सुनिश्चित करेगा।

## कानपुर देहात में बसाए जाएंगे 99 हिंदू बंगाली परिवार

**अमृत विचार, लखनऊ:** पूर्वी पाकिस्तान (बांग्लादेश) से विस्थापित हिन्दू बंगाली परिवारों के पुनर्वास से जुड़े प्रस्ताव को भी योगी कैबिनेट ने कार्योत्तर अनुमोदन दे दिया। इसके तहत जनपद मेरठ के मवाना तहसील क्षेत्र से संबंधित 99 परिवारों को कानपुर देहात की रसूलाबाद तहसील के ग्राम भैंसाया और ताजपुर तरसौली में पुनर्वासित किया जाएगा। साथ ही इनके लिए लीज रेंट 1 रुपये निर्धारित करते हुए पट्टे के प्रारूप को भी स्वीकृति दी गई है। यह निर्णय पूर्व में 2021 में 63 विस्थापित परिवारों के पुनर्वास के लिए निर्धारित प्रावधानों के आधार पर लिया गया है। राष्ट्रीय हरित अधिकरण के निर्देशों और प्रकरण की तात्कालिकता को देखते हुए पहले ही प्रशासनिक स्तर पर कार्यवाही की जा चुकी थी, जिस पर अब कैबिनेट ने मुहर लगा दी है। इससे प्रभावित परिवारों को वैध आवासीय अधिकार मिलने के साथ उनके पुनर्वास की प्रक्रिया सुचारु रूप से पूरी हो सकेगी।

# पीपीपी मॉडल पर 49 बस अड्डों का होगा कायाकल्प

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- एयरपोर्ट जैसी सुविधाओं से लैस होंगे बस स्टेशन, 4000 करोड़ निवेश का अनुमान

**अमृत विचार:** प्रदेश में बस अड्डों को आधुनिक स्वरूप देने की दिशा में बड़ा फैसला लेते हुए कैबिनेट ने पीपीपी मॉडल पर 49 बस स्टेशनों के विकास को मंजूरी दे दी है।

परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने बताया कि इन बस स्टेशनों को एयरपोर्ट की तर्ज पर विकसित किया जाएगा, जहां यात्रियों को शॉपिंग मॉल, सिनेमाघर, वीआईपी लाउंज और आधुनिक सुविधाएं मिलेंगी। उन्होंने कहा कि यह परियोजना डीबीएफओटी मॉडल पर लागू होगी, जिससे राज्य सरकार पर कोई वित्तीय बोझ नहीं आएगा। निवेशकों को आकर्षित करने के लिए पात्रता शर्तों में भी बदलाव किए गए हैं, जिससे अधिक से अधिक निजी भागीदारी सुनिश्चित हो सके।

परिवहन मंत्री ने बताया कि परियोजना को पूरा करने की समय सीमा 5 से बढ़ाकर 8 वर्ष कर दी गई है, जबकि कार्य प्रारंभ करने की अवधि 6 माह से बढ़ाकर 12 माह कर दी गई है। साथ ही तकनीकी पात्रता और नेटवर्थ से जुड़े मानकों को भी निवेशक अनुकूल बनाया गया है। पहले चरण में 23 बस स्टेशन पहले ही स्वीकृत किये जा चुके हैं। कुल 52 जनपद योजना से आच्छादित होंगे।

### अन्य अहम फैसले

- हाथरस, बुलंदशहर और बलरामपुर में नए बस अड्डों के लिए भूमि हस्तांतरण
- नरौरा में डिपो वर्कशॉप और तुलसीपुर में देवीपाटन मंदिर क्षेत्र में आधुनिक बस स्टेशन
- बस अड्डों को विकसित किया जाएगा आर्थिक गतिविधि केंद्र के रूप में

## गंभीर अपराधों में अब नहीं मिलेगी राहत, अध्यादेश को मिली मंजूरी

**अमृत विचार, लखनऊ:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में उप्र. दंड विधि (अपराधों का शमन और विचारणों का उपशमन) संशोधन अध्यादेश-2026 को मंजूरी दे दी गई। इस फैसले के तहत अब गंभीर अपराधों में राहत या स्वतः समाप्ति (एबेट) की व्यवस्था पर रोक लगेगी। कैबिनेट के निर्णय के अनुसार, अधिनियम 1979 की धारा-9 में संशोधन करते हुए यह स्पष्ट किया गया है कि गैर-समझौता योग्य (नॉन-कंपाउंडेबल) अपराध, अनिवार्य कारावास वाले अपराध और दोहराए गए (सब्सीक्वेंट) अपराध अब स्वतः समाप्त नहीं होंगे। यह निर्णय उच्चतम न्यायालय में लंबित मामले के निर्देशों के अनुरूप लिया गया है, जिससे कानून व्यवस्था को और सख्त बनाया जा सके।

वहीं अब तक मोटर वाहन अधिनियम के तहत कई मामलों में समय बीतने पर कार्रवाई स्वतः समाप्त हो जाती थी, लेकिन नए संशोधन के बाद ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों को भी राहत नहीं मिलेगी और उनके खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी।

## प्रदेश के 25 लाख युवाओं को मिलेंगे फ्री टैबलेट

**लखनऊ, अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में युवाओं के लिए बड़ी सौगात का फैसला लिया गया। स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तीकरण योजना के तहत प्रदेश के छात्र-छात्राओं को निःशुल्क वितरण के लिए 25 लाख टैबलेट खरीदने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई है। सरकार जल्द ही खरीद प्रक्रिया पूरी कर वितरण शुरू करेगी। वित्त वर्ष 2025-26 के लिए इस योजना में 2000 करोड़ का प्रावधान किया गया है, जबकि अनुमानित कुल खर्च करीब 3000 करोड़ तक पहुंच सकता है, जिसका पूरा भार राज्य सरकार उठाएगी। औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नंदी ने बताया कि इस योजना का लाभ स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा, तकनीकी शिक्षा, स्वास्थ्य शिक्षा, आईटीआई और कौशल विकास कार्यक्रमों से जुड़े छात्रों व प्रशिक्षुओं को मिलेगा।

**कार्यालय ग्राम पंचायत मझौआ हेतराम वि.खं. भुता (बरेली)**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

समस्त पंजीकृत फर्मो एवं सामग्री के आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत की कार्य योजना के अनुसार वर्ष 2026-27 में पन्द्रहवां वित्त/सोलहवां वित्त/राज्य वित्त/जी राम जी योजना/एस एल डब्लू एम/एम बी एम, ओ एस आर तथा आईसीडीएस आदि से निर्माण कार्य सी सी रोड, इन्टरलॉकिंग, खडण्जा, नाली निर्माण कार्य/मरम्मत कार्य, मिट्टी कार्य, फर्नीचर दरी, एल.ई.डी. लाइटें व बल्ब स्थापना/अनुरक्षण हैण्डपम्प रिबोर/वॉल पेंटिंग कार्य सामुदायिक शौचालय निर्माण/मरम्मत/वाल पेंटिग आंगनवाडी में व अन्य मरम्मत, सोलर लाइट, शोक पिट, सार्वजनिक शौचालय निर्माण/मरम्मत, अंत्येष्टि स्थल निर्माण/मरम्मत, वृक्षारोपण, स्कूल कायाकल्प व मरम्मत पानी की टंकी निर्माण/मरम्मत समरसेबिल, पंचायत भवन की बाउंड्रीवॉल का निर्माण/मरम्मत, ई-रिक्शा क्रय, पंचायत भवन निर्माण/मरम्मत, सूचना बोर्ड की स्थापना, सफाई ठेली क्रय/मरम्मत जनसेवा केन्द्र (CSC) का निर्माण मरम्मत, खाद के पक्के गड्डों का निर्माण, पंचायत भवन हेतु डेस्कटॉप, प्रिन्टर, लेजर प्रिन्टर, डबल बैटरी, पंखे, सोलर पैनल, सीसीटीवी कैमरे अन्नपूर्णा (खाद्यान्न) भवन निर्माण, अन्य इलेक्ट्रॉनिक कार्य, चबूतरी, डिप निर्माण कार्य कराए जाने है उक्त कार्यो के लिए सामग्री क्रय हेतु ईट, रोड़ी, सीमेन्ट, रेत, बजरी, बजरफुट, लोहा, टाइल, पाइप, टोटी, स्टेशनरी, पटान हेतु मिट्टी फागिंग कार्य हेतु स्प्रे मशीन सफाई किट, स्कूल में फर्नीचर आदि वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलबन्द निविदाएं ग्राम पंचायत कार्यालय में 14.04.2026 को दोपहर 12 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जिन्हें उसी दिन 2 बजे निविदादाता अथवा उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोली जाएगी। निविदा को स्वीकार अथवा निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा।

प्रधान-रूकसाना बेगम सचिव-अनिल कुमार

# 21 प्रशिक्षु आईएएस अफसरों की तैनाती

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रदेश में 2025 बैच के 21 प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों को विभिन्न जिलों में तैनाती दे दी गई है। ये अधिकारी 17 अप्रैल 2026 के बाद संबंधित जनपदों में असिस्टेंट कलेक्टर/प्रशिक्षु मजिस्ट्रेट के रूप में कार्यभार ग्रहण करेंगे।

जिन अधिकारियों को तैनाती दी गई है, उनमें शक्ति दुबे को लखनऊ, आदित्य सिंह को वाराणसी, अर्पित गुप्ता को कानपुर नगर, श्रेयांश मिश्रा को प्रयागराज, अनन्या सिंह को गोरखपुर, आयुषी वर्मा को मेरठ, अभिषेक यादव को आगरा, साक्षी श्रीवास्तव को अयोध्या, रोहित सिंह को बरेली, प्रिया चौहान को झांसी, विवेक कुमार को मुरादाबाद, हिमांशु तिवारी को सहारनपुर, नेहा गुप्ता को अलीगढ़, शुभम सिंह को गाजियाबाद, रितिका मिश्रा को बलिया, राहुल पांडेय को जौनपुर, अंकित त्रिपाठी को आजमगढ़, पूजा सिंह को प्रतापगढ़, सौरभ यादव को फतेहपुर, गौरव शुक्ला को सीतापुर तथा निशा यादव को देवरिया में तैनात किया गया है।

### आशीष गोयल और सुंदरम को अतिरिक्त प्रभार

प्रदेश सरकार ने वरिष्ठ आईएअएस डॉ. आशीष कुमार गोयल को उनके वर्तमान दायित्वों के साथ अपर मुख्य सचिव, ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत विभाग, उत्तर प्रदेश शासन का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। डॉ. गोयल वर्तमान में यूपी पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड, पावर ट्रांसमिशन कॉरपोरेशन, यूपीएसएलडीसी और राज्य विद्युत उत्पादन निगम समेत कई अहम पदों की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। वहीं, प्रमुख सचिव श्रम एवं सेवायोजन विभाग डॉ. एमकेएस सुंदरम को भी अतिरिक्त जिम्मेदारी देते हुए प्रमुख सचिव, प्राविधिक शिक्षा विभाग का प्रभार सौंपा गया है।

## जेडएफडी योजना से सड़क हादसों में बची 450 की जान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- डीजीपी राजीव कृष्ण ने प्रेसवार्ता में योजना के तीन माह की रिपोर्ट प्रस्तुत की

**अमृत विचार:** प्रदेश में सड़क सुरक्षा को लेकर लागू 'जेडएफडी (शून्य मृत्यु ड्राइव)' योजना का सकारात्मक असर देखने को मिला है। डीजीपी राजीव कृष्ण ने बताया कि 1 जनवरी 2026 से शुरू इस योजना के तहत तीन महीनों में 450 से अधिक लोगों की जान बचाई गई है।

यह योजना प्रदेश के 7 पुलिस कमिश्नरेट और 68 जिलों के 487 हादसा संभावित थानों में लागू की गई थी। इसका उद्देश्य अधिक दुर्घटना वाले क्षेत्रों में सख्त निगरानी और कार्रवाई के जरिए हादसों को कम करना है।

त्रैमासिक समीक्षा में सामने आया कि 2025 की तुलना में 2026 में सड़क दुर्घटनाओं में 7.43% की कमी आई है। वहीं मृतकों की संख्या में 11.55% और घायलों में 8.05% गिरावट दर्ज की गई है।

प्रदेश की 88 प्रशासनिक इकाइयों में से 63.6% 'ग्रीन जोन' में आ गई हैं, जबकि मौतों के मामले में 75% इकाइयों में सुधार हुआ है। योजना के तहत 573 क्रैश कंट्रोल टीमें गठित की गई हैं, जिन्हें स्पीड लेजर गन, ब्रेथ एनालाइजर और अन्य आधुनिक उपकरण दिए गए हैं। ये टीमें चिन्हित मार्गों पर लगातार निगरानी और प्रवर्तन कर रही हैं। डीजीपी के अनुसार, "जहां ज्यादा हादसे, वहां ज्यादा कार्रवाई" के सिद्धांत पर काम करते हुए प्रतिदिन औसतन 5 लोगों की जान बचाई जा रही है। साथ ही तकनीकी निगरानी, प्रशिक्षण और सख्त एसओपी के जरिए सड़क सुरक्षा को और मजबूत किया जा रहा है।

**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता**
**बदायूँ-पीलीभीत वृत्त, लो0नि0वि0 बरेली**

पत्रांक: 2823/7निविदा (पी0डी0)(ई0टेण्डर)-08/25-26 दिनांक: 30.03.2026

अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना

1. महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, बदायूँ-पीलीभीत वृत्त, लो0नि0वि0, बरेली के द्वारा प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, बदायूँ के क्षेत्रान्तर्गत निम्न तालिका में अंकित विवरण के अनुसार ई-निविदा प्रतिशत दरों पर आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र बेवसाइट/पोर्टल पर दिनांक 09.04.2026 से दिनांक 17.04.2026 की मध्यान्ह 12:00 बजे तक उपलब्ध रहेगें एवं ई-निविदा की तकनीकी बिड दिनांक 17.04.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे ऑनलाइन खोली जायेगी।

| क्रम सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रू0) | बिड सिक्युरिटी (लाख रू0) | बिड डाक्यूमेन्ट का मूल्य (रू0) | कार्य पूर्ण करने का समय | फर्म/ठेकेदारों की आवश्यक पंजीकरण श्रेणी (Bridge Work) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1. | जनपद बदायूँ में दातागंज विधानसभा के अर्न्तगत लालपुर खादर लभारी सेटाडांडी मार्ग (अन्य जिला मार्ग) के किमी0-9 में स्थित दीर्घ सेतु पर सुरक्षात्मक कार्य एवं पैरापिट पेंटिंग का कार्य। | 50.50 | 4.55 | 2714.00 | 2 माह | A,B&C |
| 2. | जनपद बदायूँ में शेखूपुर विधानसभा के अर्न्तगत गुलाबगंज से उलाईखेड़ा खाम मार्ग पर 3×3 मी0 स्पान के लघु सेतु, पहुंच मार्ग का निर्माण। | 53.50 | 4.70 | 2714.00 | 6 माह | A,B&C |

2- निविदा दस्तावेज एवं निविदा हेतु आमंत्रण के विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर लॉग इन किया जा सकता है।

UP - 249269 दिनांक: 06/04/2026
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

(नरेश कुमार)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बदायूँ

(के0 के0 सिंह)
अधीक्षण अभियन्ता
बदायूँ-पीलीभीत वृत, लो0नि0वि0 बरेली

## अब एआई की निगरानी में होंगी भर्ती परीक्षाएं, इंटीग्रेटेड कंट्रोल रूम शुरू

**अमृत विचार, लखनऊ/ प्रयागराज:** उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग ने परीक्षाओं को पूरी तरह नकलविहीन और पारदर्शी बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए प्रयागराज स्थित कार्यालय में अत्याधुनिक इंटीग्रेटेड कमांड कंट्रोल रूम की स्थापना की है। इसका उद्घाटन आयोग के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार ने किया। इस कंट्रोल रूम के जरिए अब प्रदेश भर के परीक्षा केंद्रों की रियल टाइम निगरानी की जाएगी। प्रत्येक परीक्षा कक्ष और वहां मौजूद अभ्यर्थियों पर एआई आधारित कैमरों से नजर रखी जाएगी, जिससे किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि को तुरंत चिन्हित किया जा सके। नई व्यवस्था के तहत अभ्यर्थियों की उपस्थिति और सत्यापन बायोमैट्रिक सिस्टम से होगा, जिसका सीधा डेटा कंट्रोल रूम में उपलब्ध रहेगा। इससे फर्जीवाड़े और डमी कैंडिडेट की आशंका लगभग खत्म हो जाएगी।

**पहल** | प्रदेश के 20 शहरों में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में 172 मार्ग चिन्हित

# सी-आरटीसी योजना शुरू, जाम से मिलेगी निजात

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार:** प्रदेश में बढ़ती ट्रैफिक जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर यातायात निदेशालय ने "सिटी रिड्यूसिंग ट्रैफिक कंजेशन" (सी-आरटीसी) यानी "शहरी ट्रैफिक जाम कम करना" योजना लागू कर दी है। इसे पायलट प्रोजेक्ट के रूप में 20 शहरों में शुरू किया गया है, जहां 172 प्रमुख मार्गों को चिन्हित कर यातायात को सुगम बनाने की रणनीति तैयार की गई है।

बढ़ते शहरीकरण, जनसंख्या और वाहनों की संख्या के चलते शहरों में जाम की समस्या गंभीर हो चुकी है। इससे समय की बर्बादी के साथ ईंधन खपत और वायु प्रदूषण भी बढ़ रहा है। कई बार एंबुलेंस और फायर ब्रिगेड जैसी आपात सेवाएं भी प्रभावित होती हैं। इन्हीं चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए यह योजना लागू की गई है, जिसका मुख्य उद्देश्य पीक आवर्स में यात्रा समय को कम करना है।

योजना के तहत सात पुलिस कमिश्नरेट और 13 जिलों को शामिल किया गया है। कमिश्नरेट क्षेत्रों के 74 और अन्य जिलों के 98 मार्गों को चिन्हित किया गया है।

### एक रूट-एक मार्शल व्यवस्था

योजना में 'एक रूट-एक मार्शल' व्यवस्था लागू की गई है। प्रत्येक चिन्हित मार्ग के लिए एक जिम्मेदार अधिकारी (रूट मार्शल) तैनात किया जाएगा, जो ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने के लिए जवाबदेह होगा। ये अधिकारी निरीक्षक या उपनिरीक्षक स्तर के होंगे।

### एआई तकनीक का उपयोग

योजना में एआई आधारित तकनीक का उपयोग किया जाएगा। इसके जरिए रियल टाइम में जाम की स्थिति, ट्रैवल टाइम और यातायात के पैटर्न का विश्लेषण किया जाएगा। अधिकारियों को मोबाइल के माध्यम से तत्काल जानकारी मिलेगी और उसी आधार पर सुधारात्मक कदम उठाए जाएंगे। लक्ष्य है कि पीक आवर्स में अधिकतम ट्रैवल टाइम को कम से कम 20 प्रतिशत तक घटाया जाए।

### पांच 'ई' मॉडल पर अमल

जाम से निपटने के लिए 'पांच ई' मॉडल अपनाया गया है, जिसमें- जागरूकता, सख्त प्रवर्तन, तकनीकी सुधार, अतिक्रमण हटाना और ई-रिक्शा संचालन का सुव्यवस्थित प्रबंधन शामिल हैं।

**कार्यालय मुख्य अभियन्ता, नगर निगम, बरेली**

**ई-निविदा आमन्त्रण सूचना**

पत्रांक : 02/मु.अभि./नि.वि./2026-27 दिनांक 07.04.26

ई-निविदा सूचना शासनादेश सं.-3890/नौ -5 -149सा/2019 नगर विकास अनुभाग-05 उ.प्र. शासन लखनऊ दिनांक 20 सितम्बर, 2019 के अनुपालन में ठेकेदारों से निर्माण कार्यो हेतु निविदायें टू बिड पद्धति (तकनीकी एवं वित्तीय) के माध्यम से निम्न प्रकार से आमंत्रित की जाती है। निविदा खोले जाने की तिथि में यदि अवकाश होगा तो निविदाएं अगले कार्य दिवस में खोली जायेंगी। ई-निविदा से सम्बन्धित प्रपत्र उत्तर प्रदेश की ई - प्रक्योरमेन्ट की वेबसाईट http://etender.up.nic.in व नगर निगम की बेवसाइट www.nagarnigambareilly.com पर देखी जा सकती है।

| | |
|---|---|
| **प्रथम बार ई-निविदा आमंत्रित हेतु (क्रमांक सं. 01 से 20 तक)** | |
| ई-निविदा डाउनलोड प्रारम्भ की तिथि/समय | 13.04.2026 - (03:00 PM) |
| ई-निविदा अपलोड प्रारम्भ की तिथि/समय | 13.04.2026 - (04:00 PM) |
| ई-निविदा अपलोड की अन्तिम तिथि/समय | 02.05.2026 - (03:00 PM) |
| ई-निविदा खोली जाने की तिथि/समय | 02.05.2026 - (04:00 PM) |
| फाईनेंशियल ई-निविदा खोली जाने हेतु | After Technical Evaluation |
| **प्रथम बार ई-निविदा आमंत्रित हेतु (क्रमांक सं. 21 से 41 तक)** | |
| ई-निविदा डाउनलोड प्रारम्भ की तिथि/समय | 15.04.2026 - (03:00 PM) |
| ई-निविदा अपलोड प्रारम्भ की तिथि/समय | 15.04.2026 - (04:00 PM) |
| ई-निविदा अपलोड की अन्तिम तिथि/समय | 04.05.2026 - (03:00 PM) |
| ई-निविदा खोली जाने की तिथि/समय | 04.05.2026 - (04:00 PM) |
| फाईनेंशियल ई-निविदा खोली जाने हेतु | After Technical Evaluation |

कार्यो का विवरण, नियम व शर्ते नगर निगम बरेली के वेबसाइट www.nagarnigambareilly.com पर ई-निविदा लिंक एवं ई-पोर्टल http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। किसी परिवर्तन, संशोधन व अतिरिक्त सूचनाओं के लिये उक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

मुख्य अभियन्ता
नगर निगम, बरेली

## धमकियों का युद्ध

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष अब कूटनीतिक संतुलन, अंतर्राष्ट्रीय कानून और वैश्विक नैतिकता की भी कठोर परीक्षा बन चुका है। डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ईरान को 'एक रात में खत्म कर देने' की धमकी संघर्ष को एक खतरनाक मोड़ पर ले आया है। यह बयान केवल सैन्य शक्ति का प्रदर्शन नहीं, बल्कि मनोवैज्ञानिक दबाव की रणनीति भी है, जिसका उद्देश्य विरोधी को भयभीत कर वार्ता की मेज पर लाना है। पिछले छह हफ्तों में हजारों हमलों के बावजूद यदि निर्णायक सफलता नहीं मिली, तो 'एक रात' में लक्ष्य प्राप्त कर लेने का ट्रंप का दावा राजनीतिक बयानबाजी है। यह संकेत है कि युद्ध अपेक्षा से अधिक लंबा और जटिल होने की दशा में, अमेरिकी नेतृत्व पर त्वरित परिणाम दिखाने का दबाव है। सबसे चिंताजनक नागरिक अवसंरचना को निशाना बनाने की खुली धमकी है।

अंतर्राष्ट्रीय मानवीय कानून- विशेषतः जेनेवा कन्वेंशन स्पष्ट रूप से नागरिकों और उनके बुनियादी ढांचे को युद्ध से अलग रखने की अपेक्षा करता है। पॉवर प्लांट, जल आपूर्ति और परिवहन नेटवर्क पर हमले न केवल मानवीय संकट को जन्म देते हैं, बल्कि उन्हें युद्ध अपराध की श्रेणी में भी रखा जा सकता है। यदि किसी देश की रणनीति नागरिकों पर दबाव बनाकर सरकार को झुकाने की हो, तो यह आधुनिक युद्ध के स्वीकृत सिद्धांतों के विरुद्ध है। ऐसे में ट्रंप का यह कहना कि वे 'युद्ध अपराध' के सवाल को लेकर चिंतित नहीं हैं, वैश्विक व्यवस्था के लिए गंभीर संकेत और अंतर्राष्ट्रीय नियम-आधारित व्यवस्था को चुनौती है। सवाल उठता है कि क्या वैश्विक संस्थाएं, जैसे संयुक्त राष्ट्र ऐसी स्थिति में प्रभावी हस्तक्षेप कर सकती है? यथार्थ यह है कि महाशक्तियों के खिलाफ इन संस्थाओं की क्षमता सीमित होती है। राजनीतिक हित, वीटो शक्ति और भू-राजनीतिक समीकरण अक्सर न्यायिक कार्रवाई को बाधित कर देते हैं। संघर्ष के लगातार बढ़ते दायरे के दौरान पाकिस्तान, तुर्की और मिस्र जैसे देश मध्यस्थता की कोशिश कर रहे हैं, किंतु ईरान का तीव्र प्रतिकार और अमेरिका की आक्रामक रणनीति इसकी त्वरित सफलता की संभावना सीमित करती है। यह संघर्ष अब प्रतिष्ठा और शक्ति संतुलन का प्रश्न बन चुका है, समझौता करना दोनों पक्षों के लिए राजनीतिक रूप से कठिन है। ऐसे समय में भारत की भूमिका पर भी प्रश्न उठते हैं। भारत के ईरान, अमेरिका और खाड़ी देशों सभी से महत्वपूर्ण संबंध हैं। फिर भी, इस संकट में भारत अपेक्षाकृत शांत दिखाई देता है। यह रणनीतिक संयम का हिस्सा हो सकता है, लेकिन अब जब स्थिति अत्यंत गंभीर हो चुकी है, भारत को सक्रिय कूटनीतिक पहल पर विचार करना चाहिए। भारत के लिए प्राथमिकताएं स्पष्ट होनी चाहिए। ऊर्जा सुरक्षा, प्रवासी भारतीयों की सुरक्षा और क्षेत्रीय स्थिरता। इसके साथ ही, भारत एक जिम्मेदार वैश्विक शक्ति के रूप में संवाद और शांतिपूर्ण समाधान की वकालत कर सकता है।

यह संघर्ष मात्र सैन्य शक्ति से सुलझता नहीं दीख रहा। धमकियों और विनाश की भाषा अल्पकालिक लाभ भले दे, पर दीर्घकाल में यह वैश्विक अस्थिरता बढ़ाएगी। आज आवश्यकता है, संतुलित नेतृत्व, अंतर्राष्ट्रीय कानून के सम्मान और वास्तविक कूटनीति की, अन्यथा यह युद्ध एक ऐसे दुष्चक्र में फंस सकता है, जिससे निकलना कठिन हो जाएगा।

### प्रसंगवश

## सेहत और पर्यावरण को नुकसान पहुंचा रहे स्ट्रा

हम-सब अपने पसंदीदा पेय ठंडी कॉफी, ताज़ा नींबू पानी या कोक को पीने के लिए स्ट्रॉ का इस्तेमाल बिना एक पल सोचे कर लेते हैं। ये हमें सुविधाजनक, साफ़-सुथरा और सुरक्षित लगता है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि यह छोटा-सा प्लास्टिक या पेपर स्ट्रॉ हमारी सेहत और पर्यावरण दोनों को चुपचाप नुकसान पहुंचा रहा है? इन छोटे से स्ट्रॉ का केवल कुछ मिनटों के लिए इस्तेमाल होता है, इसलिए इनसे होने वाले नुकसान की कोई चर्चा ही नहीं हो पाती, लेकिन दुनिया भर में हर दिन इस्तेमाल किए जाने वाले स्ट्रा समुद्र तट और महासागर की सफाई के दौरान सबसे आम कचरे में से एक होते हैं।

अपने छोटे और हल्के आकार के कारण स्ट्रॉ की शायद ही कभी रीसायक्लिंग होती हो। ये नदियों, समुद्रों और कचरा स्थलों (लैंडफिल) में पहुंच जाते हैं, जहां ये सैकड़ों साल तक बने रह सकते हैं। राजधानी के पर्यावरणविद् और उद्यमी गुरसेव चावला कहते हैं, 'भारत में हमारी बड़ी आबादी और बढ़ते कैफ़े कल्चर के कारण स्ट्रॉ का उपयोग तेज़ी से बढ़ रहा है, जिससे समस्या और गंभीर हो रही है।'



विवेक शुक्ला

पूर्व सूचना अधिकारी यूएई एंबेसी

कुछ साल पहले, दुनिया के कई हिस्सों में प्लास्टिक स्ट्रॉ पर प्रतिबंध लगना शुरू हुआ, जिसका लोगों ने स्वागत किया। इसके बाद पेपर और मकई से बने प्लास्टिक के स्ट्रॉ बाज़ार में आए और उन्हें 'पर्यावरण के अनुकूल' विकल्प के रूप में देखा गया, लेकिन लोगों की धारणा और वास्तविकता के बीच अंतर है।

चावला ने इस विषय पर गहराई से रिसर्च की। कई देशों का दौरा किया। उन्होंने जो पाया, वह चौंकाने वाला और चिंताजनक था। अपनी शोध की यात्रा ने उन्हें 'कार्मापैक्स' नामक कंपनी शुरू करने के लिए प्रेरित किया, जो गन्ने के अपशिष्ट से बने स्ट्रॉ बनाती है। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि उन्होंने आमतौर पर इस्तेमाल होने वाले स्ट्रॉ के पीछे छिपी सच्चाइयों के बारे में जागरूकता बढ़ाने का काम किया।

प्रख्यात चिकित्सक और इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (IMA) के पूर्व अध्यक्ष डॉ. विनय अग्रवाल कहते हैं, 'कई पेपर स्ट्रॉ में रसायन होते हैं, जिन्हें 'फॉरएवर केमिकल्स' भी कहा जाता है। ये आसानी से नष्ट नहीं होते और लंबे समय तक पर्यावरण और हमारे शरीर में बने रह सकते हैं। इन्हें नष्ट करने के लिए विशेष औद्योगिक परिस्थितियों की जरूरत होती है, जो भारत के अधिकांश शहरों में उपलब्ध नहीं हैं।' प्लास्टिक स्ट्रॉ सबसे अधिक इस्तेमाल होने वाली एकल-उपयोग (सिंगल-यूज़) वस्तुओं में से एक हैं। जब ये गर्मी, धूप या नींबू पानी जैसे अम्लीय पेय के संपर्क में आते हैं, तो ये माइक्रोप्लास्टिक नामक छोटे कण छोड़ जाते हैं। माइक्रोप्लास्टिक बहुत छोटे प्लास्टिक कण होते हैं, जो हमारे भोजन और पेय के माध्यम से हमारे शरीर में प्रवेश कर सकते हैं। प्लास्टिक में ऐसे रसायन भी होते हैं, जो हमारे हार्मोन को प्रभावित कर सकते हैं और समय के साथ हमारी सेहत को तबाह करने लगते हैं। एक स्ट्रॉ भले ही नुकसानदेह न लगे, लेकिन इसके नियमित इस्तेमाल से इसका प्रभाव बढ़ता जाता है और यह एक गंभीर चिंता का कारण बन सकता है।

यह दिखाता है कि केवल प्लास्टिक को किसी अन्य सामग्री से बदलना पर्याप्त नहीं है। विकल्प वास्तव में सुरक्षित और टिकाऊ होना चाहिए। यहीं पर गन्ने के बगैस खोई) से बने स्ट्रॉ एक बेहतर विकल्प के रूप में सामने आते हैं। (ये लेखक के निजी विचार हैं।)



दुनिया में कुछ भी पूरी तरह से गलत नहीं होता। रुकी हुई घड़ी भी दिन में दो बार सही समय दिखाती है।

**पाउलो कोएल्हो, ब्राजीलियन लेखक**

## अजरबैजान से भारत के सुधरते रिश्ते और भविष्य





दिग्विजय सिंह

कानपुर

ऑपरेशन सिंदूर को लेकर भारत और अजरबैजान के द्विपक्षीय संबंधों में आया तनाव अब कम होने लगा है। ईरान युद्ध से उपजे संकट से उबरने में भारत की मदद अजरबैजान भी कर रहा है। उसने न सिर्फ कच्चे तेल की आपूर्ति बढ़ाई है, बल्कि ईरान से दो सौ से अधिक भारतीय नागरिकों की सुरक्षित वापसी में भी मदद की है। अजरबैजान, पाकिस्तान का स्वाभाविक मित्र है और हर मोर्चे पर पाकिस्तान की हां में हां मिलाता है। बीते वर्ष ऑपरेशन सिंदूर के दौरान अजरबैजान ने पाकिस्तान को रक्षा उपकरणों की आपूर्ति की थी। साथ ही ऑपरेशन सिंदूर की उसने निंदा कर भारत की नाराजगी मोल ली थी, हालांकि अब वह रिश्तों को सुधारना चाहता है, इसीलिए दोनों देशों के प्रतिनिधिमंडल की बैठकें भी हो रही हैं।

आर्मेनिया और अजरबैजान के बीच दुश्मनी जगजाहिर है। दोनों देशों के बीच कई बार युद्ध भी हो चुका है। भारत सरकार आर्मेनिया को हथियार उपलब्ध कराता है। यूरोप का यह छोटा सा देश भारत का सबसे बड़ा हथियार आयातक देश है। इस देश ने 'पिनाका मल्टीपल-लॉन्च रॉकेट सिस्टम और आकाश एंटी-एयरक्राफ्ट सिस्टम का सौदा भी किया। आर्मेनिया द्वारा भारत से हथियारों की कुल खरीद 600 मिलियन डॉलर के पार तक जा चुकी है, जबकि आर्मेनिया लंबे समय तक रूसी हथियारों पर निर्भर रहा है। उसने रूस से इस्कंदर मिसाइल सिस्टम, सु-30एसएम लड़ाकू विमान, वायु रक्षा प्रणाली और मल्टीपल रॉकेट लॉन्चर जैसे उन्नत सिस्टम खरीदे थे। 2020 में अजरबैजान के साथ नागोर्नो-काराबाख युद्ध के बाद आर्मेनिया ने रूस से किनारा किया और वह भारत से सामरिक रिश्ते बनाने में जुट गया। अब यह रिश्ता अपने शिखर पर है।

ऑपरेशन सिंदूर को लेकर भारत और अजरबैजान के द्विपक्षीय संबंधों में आया तनाव अब कम होने लगा है। अजरबैजान ने न सिर्फ कच्चे तेल की आपूर्ति बढ़ाई है, बल्कि ईरान से दो सौ से अधिक भारतीय नागरिकों की सुरक्षित वापसी में भी मदद की है।

यही वजह है कि अजरबैजान सरकार भारत से नाराज रहती है और पाकिस्तान का साथ देती है। वह संयुक्त राष्ट्र संघ समेत तमाम मंचों पर तुर्किए के साथ मिलकर पाकिस्तान का समर्थन करती है और भारत की नीतियों पर सवाल उठाती है, हालांकि भारत विरोध के उसके इस कदम से उसे न सिर्फ आर्थिक नुकसान हुए, बल्कि भारत समर्थक कई देशों से उसके रिश्ते सामान्य नहीं रहे। भारतीय पर्यटक बड़े पैमाने पर अजरबैजान के पर्यटन स्थलों का भ्रमण करने के लिए जाते रहे हैं, लेकिन ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान को रक्षा उपकरणों की आपूर्ति से उनकी संख्या में कमी आई।

अजरबैजान पर्यटन बोर्ड ने हाल ही में जो आंकड़े जारी किए, उसके अनुसार पिछले साल भारत से अजरबैजान जाने वाले पर्यटकों की संख्या में 56 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। इससे न सिर्फ अजरबैजान की अर्थव्यवस्था पर असर पड़ा है, बल्कि उसकी साख पर भी बट्टा लगा है। ऐसे में अब धीरे-धीरे वहां की सत्ता में बैठे लोगों को अपनी गलती का अहसास होने लगा है. इसलिए वे भारत से संबंध सुधारना चाहते हैं और इसी के तहत अब वह मदद को आगे आए हैं। भारत और अजरबैजान के संबंध ऐतिहासिक रूप से महत्वपूर्ण रहे हैं, पर पाकिस्तान के कारण इसमें कई बार उतार-चढ़ाव देखने को मिलता रहा है।

अजरबैजान सरकार से भारत ने फिर से ऊर्जा निर्यात शुरू कर दिया है। भारत सरकार भी अजरबैजान से रिश्ते सामान्य करना चाहती है, क्योंकि अजरबैजान, भारत के लिए ऊर्जा सुरक्षा, दक्षिण काकेशस में भू राजनीतिक संतुलन के दृष्टिकोण से महत्वपूर्व है। यूरोप का यह छोटा सा देश जरूर है, लेकिन भारत की यूरेशिया तक कनेक्टिविटी बढ़ाने और 'इंटरनेशनल नॉर्थ-साउथ ट्रांसपोर्ट कॉरिडोर' के लिए रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण है। कहा जाता है कि अजरबैजान, यूरोप और एशिया के चौराहे पर स्थित है, इसलिए भारत भी नहीं चाहता कि इस महत्वपूर्ण देश से उसके रिश्ते में ज्यादा कड़वाहट आए, हालांकि भारत किसी भी सूरत में आर्मेनिया को भी नाराज नहीं करेगा, क्योंकि वह भारत का स्वाभाविक मित्र राष्ट्र है। भारत का प्रत्येक मंच पर समर्थन करता है। साथ ही सबसे बड़ा हथियार आयातक देश भी है।

आर्मेनिया ने भी ईरान से भारतीय नागरिकों को सुरक्षित निकालने में भारत की बड़ी मदद की है, हालांकि हाल के कुछ महीने में पाकिस्तान के साथ उसके रिश्ते में सुधार आया है। अब भारत सरकार को अपनी कूटनीति के आधार पर न सिर्फ अजरबैजान और आर्मेनिया को साधे रखना है, बल्कि यह भी सुनिश्चित करना है कि उसका स्वाभाविक मित्र राष्ट्र आर्मेनिया, पाकिस्तान के पाले में न जाए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ईरान-अमेरिका युद्ध में जिस तरह मित्र राष्ट्र इजरायल, अमेरिका और ईरान को साध रहे हैं, वैसे ही वे इन दोनों देशों को भी अपने साथ रखने में कामयाब होंगे।

अजरबैजान का पाकिस्तान से अलग होना बहुत जरूरी है। जिस तरह पर्यटकों की संख्या वहां घटी है और आर्थिक रूप से झटका लगा है, उससे तो यही लगता है कि अब अजरबैजान पुनः सार्वजनिक मंच पर पाकिस्तान के समर्थन में आवाज उठाने की हिमाकत नहीं करेगा। साथ ही वह भारत के समर्थन में खड़ा नजर आएगा। 200 से अधिक भारतीय नागरिकों की सुरक्षित वापसी में मदद करके उसने इस बात के संकेत दे दिए हैं और पाकिस्तान को भी बता दिया है कि वह इस्लामाबाद का साथ तभी तक दे पाएगा जब तक कि उसके अपने हित प्रभावित नहीं होंगे। वैसे भी अजरबैजान और इजरायल की दोस्ती अच्छी है। ऐसे में अजरबैजान पर भारत से रिश्ते सुधारने का दबाव इजरायल की तरफ से भी है। उम्मीद की जानी चाहिए कि यह रिश्ते आने वाले दिनों में मजबूत होंगे।

### आमने सामने




अगर भारत एक और झूठा फ्लैग ऑपरेशन करने की कोशिश करता है, तो हम इसे कोलकाता तक ले जाएंगे। भारत, पाकिस्तान को दोषी ठहराने के लिए झूठे फ्लैग ऑपरेशन की योजना बना रहा है।

**-ख्वाजा आसिफ**
रक्षा मंत्री
पाकिस्तान

पाकिस्तान के रक्षामंत्री को ऐसा भड़काऊ बयान नहीं देना चाहिए था। 55 साल पहले उन्हें इसके परिणाम भुगतने पड़े थे, जब पाकिस्तान दो हिस्सों में बंट गया था। अगर वे बंगाल पर नजर डालने की कोशिश करेंगे, तो पता नहीं इस बार पाकिस्तान कितने हिस्सों में बंटेगा।

**-राजनाथ सिंह**
रक्षा मंत्री, भारत



## स्त्रियों पर बंदिश फिर इसे अक्षमता बताता है समाज



सत्य प्रकाश नायक

एक्टिविस्ट

रात के ग्यारह बजे एक व्यक्ति बिजली के खंभे पर चढ़ा है। नीचे अंधेरा है और ऊपर करंट का खतरा। तस्वीर के साथ लिखा है कि जिस दिन महिलाएं भी ऐसे काम करेंगी, उस दिन सच्ची बराबरी होगी। पहली नज़र में यह तर्क सीधा लगता है, लेकिन क्या वास्तव में बराबरी का अर्थ केवल वही काम करना है, जो दिखाई देता है। क्या जोखिम ही समानता की अंतिम कसौटी है, या यह सवाल ही अधूरा है। कभी-कभी हम तस्वीरों से निष्कर्ष निकाल लेते हैं, पर तस्वीरें अक्सर कहानी का आधा हिस्सा ही दिखाती हैं। जो दिखाई देता है, वह श्रम है; जो नहीं दिखाई देता, वह त्याग है और बराबरी की चर्चा में त्याग का अदृश्य होना ही, सबसे बड़ी विडंबना है।

इतिहास बताता है कि स्त्रियों को लंबे समय तक शिक्षा, संपत्ति और पेशेवर अवसरों से दूर रखा गया। जब संस्थानों के दरवाज़े बंद थे, तब उनकी अनुपस्थिति को उनकी अक्षमता माना गया। उन्नीसवीं सदी में एक महिला को चिकित्सा शिक्षा पाने के लिए पुरुष की पहचान अपनानी पड़ी, क्योंकि महिलाओं के लिए मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश वर्जित था। पहले रास्ते बंद किए गए, फिर पूछा गया कि महिलाएं दिखती क्यों नहीं। यह बराबरी नहीं थी, यह संरचनात्मक असमानता थी।

स्त्रियों को लंबे समय तक शिक्षा, संपत्ति और पेशेवर अवसरों से दूर रखा गया। जब संस्थानों के दरवाजे बंद थे, तब उनकी अनुपस्थिति को उनकी अक्षमता माना गया।

भेदभाव अचानक वयस्कता में शुरू नहीं होता। वह बचपन से शुरू होता है। लड़कों को खिलौनों में गाड़ियां, औज़ार और बाहर की दुनिया दी जाती है। लड़कियों को रसोई सेट और गुड़िया। लड़कों को चढ़ना, गिरना, जोखिम लेना सिखाया जाता है। लड़कियों को संभलकर चलना और सीमाओं में रहना। धीरे-धीरे यह सामाजिक प्रशिक्षण उनके आत्मविश्वास, आकांक्षाओं और निर्णय लेने की क्षमता को आकार देता है। जब बचपन से ही यह संदेश दिया जाए कि कुछ काम 'तुम्हारे लिए नहीं हैं', तो बड़े होकर अवसरों की असमानता केवल परिणाम होती है, कारण नहीं।

कार्य विभाजन भी तटस्थ नहीं है। समाज ने कामों को 'पुरुष' और 'महिला' श्रेणियों में बांट दिया। भारी मशीन, निर्माण, तकनीकी मरम्मत पुरुषों के हिस्से में गई। देखभाल, सफाई, खाना बनाना, बच्चों और बुज़ुर्गों की जिम्मेदारी महिलाओं के हिस्से में। यह बटवारा जैविक कम और सामाजिक अधिक था। पर समय के साथ इसे प्राकृतिक मान लिया गया।

भारतीय समाज में यह असमानता और जटिल हो जाती है। संयुक्त राष्ट्र और यूनिसेफ से जुड़े आकलनों के अनुसार ग्रामीण भारत में पानी लाने की जिम्मेदारी का लगभग 70 प्रतिशत हिस्सा महिलाओं पर है। वे रोज़ कई किलोमीटर पैदल चलती हैं और घंटों कतार में खड़ी रहती हैं। यह श्रम शारीरिक रूप से कठिन है, लेकिन इसे जोखिमपूर्ण कार्यों की श्रेणी में नहीं रखा जाता, क्योंकि यह घर के दायरे से जुड़ा है और इसके बदले वेतन नहीं मिलता।

भारत के टाइम यूज़ सर्वे 2019 के अनुसार महिलाएं, पुरुषों की तुलना में कई गुना अधिक समय अवैतनिक घरेलू और देखभाल कार्यों में लगाती हैं। ऑब्ज़र्वर रिसर्च फाउंडेशन के विश्लेषण के अनुसार भारतीय महिलाएं, पुरुषों से लगभग आठ गुना अधिक समय देखभाल कार्यों में देती हैं। यदि एक पुरुष प्रतिदिन एक घंटा देता है, तो एक महिला औसतन आठ घंटे देती है। यह केवल समय का अंतर नहीं यह अवसर का अंतर है। जब किसी व्यक्ति का अधिकांश समय अवैतनिक जिम्मेदारियों में व्यतीत होता है, तो वह प्रशिक्षण, कौशल विकास, नेटवर्किंग या जोखिमपूर्ण पेशों में प्रवेश के लिए आवश्यक तैयारी कैसे करेगा।

नेशनल काउंसिल ऑफ एप्लाइड इकोनॉमिक रिसर्च के अध्ययन से संकेत मिलता है कि यदि घरेलू जिम्मेदारियां संतुलित रूप से बांटी जाएं, तो महिला श्रम भागीदारी लगभग छह प्रतिशत तक बढ़ सकती है। यह वृद्धि केवल सांख्यिकीय परिवर्तन नहीं होगी; यह लाखों महिलाओं की आर्थिक स्वतंत्रता का मार्ग खोलेगी। मैकिंज़ी ग्लोबल इंस्टीट्यूट का अनुमान है कि महिलाओं की पूर्ण आर्थिक भागीदारी से वैश्विक अर्थव्यवस्था में खरबों डॉलर की वृद्धि संभव है। अवसर केवल समय से नहीं रुकते। वे मानसिकता से भी रुकते हैं। अनेक घरों में आज भी लड़कियों की गतिशीलता सीमित की जाती है। देर शाम बाहर रहना, दूर शहर में प्रशिक्षण लेना, फील्ड जॉब करना, जोखिमपूर्ण काम सीखना, इन सब पर प्रश्नचिह्न लगाया जाता है। परिवार की प्रतिष्ठा, सुरक्षा और परंपरा का तर्क दिया जाता है।

परिणामस्वरूप लड़कियां धीरे-धीरे अपने सपनों को छोटा करना सीख जाती हैं। लगातार यह सुनना कि तुम नाज़ुक हो, तुम कमजोर हो, तुम्हें सुरक्षा की ज़रूरत है, केवल बाहरी रोक नहीं है; यह भीतर भी घर कर लेता है। मनोवैज्ञानिक स्तर पर आत्मविश्वास क्षीण होता है। कई महिलाएं अवसर मिलने पर भी स्वयं को उस भूमिका के योग्य नहीं मानतीं। जब समाज बार-बार सीमाएं खींचता है, तो व्यक्ति उन सीमाओं को अपनी पहचान का हिस्सा समझने लगता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

### सोशल फोरम

## कमलपुर की महानता

एक बार मैं कमलपुर राज्य में गया। जब वहां के राजा के साथ भ्रमण पर निकला, तो कुछ देर बाद ही मुझे अपनी नाक पर रुमाल रखना पड़ा। 'आपके यहां गंदगी कुछ जियादे ही है श्रीमान!'

'क्या कह रहे हैं। हमारे यहां रोज सफाई होती है। यहां का सूबेदार खुद यह काम करता है। वह भी रोज। बिना नागा किए हुए! इस वक्त भी वह सफाई कार्य में लगा होगा! आप चलकर खुद ही देख लें महोदय!'



अनूप मणि त्रिपाठी

लेखक

इसी के साथ राजा ने सारथी को दिशा परिवर्तन का आदेश दिया। आदेश मिलते ही रथ दूसरी दिशा की ओर चल पड़ा। हम जैसे-जैसे आगे बढ़ रहे थे, दुर्गंध से मेरा दम घुटा जाता था। कुछ दूर जाने के बाद मैंने देखा कि उनका सूबेदार अपनी भाषा में जोर-जोर से कुछ बक रहा है, पर सामने मुझे कोई नजर न आता था। मैंने उधर-उधर देखने की कोशिश की पर मुझे कोई नहीं दिखा।

अंत में हारकर मैंने राजा से पूछा, 'आपका सूबेदार ये किससे बात कर रहा है? मुझे तो कोई नजर नहीं आ रहा श्रीमान!'

राजा बोला,' यह जो पहाड़ देख रहे हैं, मेरा काबिल सूबेदार उसी से बात कर रहा है।' मुझे बहुत हैरत हुई। मुझे तो वहां कोई पहाड़ नजर नहीं आया। पर मैं नहीं जानता था कि आगे महाहैरत मेरा इंतजार कर रही है। 'क्षमा करें मान्यवर! पर मुझे तो कोई पहाड़ नजर नहीं आ रहा!' मैंने राजा को अपनी दुविधा बताई।

राजा ने मेरी मुंडी पकड़ी और अपनी उंगली से सामने की ओर इशारा करते हुए बोला, 'वो रहा पहाड़। इतना ऊंचा तो है!'

'श्रीमान यह तो कूड़े का ढेर है!' मैं लगभग चीखते हुए बोला।

'पहाड़ जितना तो ऊंचा है!'

'मगर कूड़े के पहाड़ से कह क्या रहा है आपका सूबेदार!'

'वह कह रहा है कि अकड़ मत भइये! एक दिन तो तुझे यहां से भागना होगा! एक दिन तुझे यहां से जाना होगा!'

'और ये कब से कह रहा!' मैंने खुद को संभालते हुए पूछा।

'तकरीबन आठ-दस साल तो हो ही गए होंगे!'

'लोगों को दिक्कत नहीं होती क्या!' मैंने राजा से हैरत से पूछा।

'महोदय! किसी भी चीज को लंबा चलाना-खींचना होता है बस, एक दिन वह आदत में बदल जाती है। फिर चाहे गंदगी हो या युद्ध!' अपनी नाक से खुशबूदार रुई के फाहे निकालते हुए आगे बोला, 'देख लीजिए! यहां सिर्फ आपकी नाक पर रुमाल है।'

वाकई वहां मेरी नाक पर ही रुमाल था।

**-फेसबुक वॉल से**

### सामयिकी

## जलवायु परिवर्तनः पान की पारंपरिक खेती पर खतरा

राजस्थान के भरतपुर जिले की बयाना तहसील के कुछ गांव आजकल किसी रिपोर्ट के आंकड़े नहीं, बल्कि एक धीमी त्रासदी की तरह सामने आते हैं। कभी यहां पान की बेलें सिर्फ खेतों में नहीं, लोगों की जिंदगी में भी लहलहाती थीं। आज वही बेलें सिकुड़ गई हैं और उनके साथ सिकुड़ गई है, एक पूरे समुदाय की आर्थिक और सामाजिक दुनिया। एक आज ये गांव खाली हो रहे हैं। वहां के ग्रामीण कामकाज के लिए बड़े शहरों में पलायन कर गए हैं।

पिछले दिनों मैंने जब इस इलाके के बारे में सुना था, तो एक बात बार-बार मन में आ रही थी कि क्या सचमुच यह सिर्फ मौसम की मार है? या फिर हम अपनी जिम्मेदारियों को 'जलवायु परिवर्तन' जैसे बड़े शब्दों के पीछे छिपा रहे हैं? यह सच है कि मौसम बदल गया है। सर्दियां पहले जैसी नहीं रही हैं, गर्मियां झुलसा देती हैं और बारिश अपने समय पर नहीं आती। पान जैसी नाजुक फसल के लिए यह बदलाव जानलेवा साबित हुआ है। मैं जब इस इलाके में गया, तो गांवों की समृद्ध अर्थ व्यवस्था को उजड़े हुए पाया। खरैरी, बागरैन और खानखेड़ा गांवों के किसान बताते हैं कि पहले पान की एक बेल पंद्रह फीट तक जाती थी, अब सात-आठ फीट पर ही दम तोड़ देती है। पत्ते कम हो गए हैं और जो हैं, वे भी अक्सर दागदार या जले हुए मिलते हैं।



अमरपाल सिंह वर्मा

वरिष्ठ पत्रकार

कहानी यहीं खत्म नहीं होती है। असल कहानी वहां से शुरू होती है, जहां किसान मौसम से लड़ते-लड़ते थक जाता है और फिर उसे अहसास होता है कि इस लड़ाई में वह अकेला है। कोई उसके साथ नहीं है। पान की खेती आज भी फसल बीमा के दायरे से बाहर है। यह एक ऐसी हकीकत है, जिसे सुनकर हैरानी नहीं, बल्कि चिंता होनी चाहिए। बड़ा सवाल यह है कि जब जोखिम बढ़ रहा है, तब सुरक्षा का दायरा क्यों नहीं बढ़ता? क्या हमारी नीतियां केवल गेहूं-चावल जैसी मुख्यधारा की फसलों तक सीमित रह गई हैं? या फिर हम उन फसलों को नजरअंदाज कर रहे हैं, जो भले ही राष्ट्रीय आंकड़ों में बड़ी न दिखें, लेकिन स्थानीय ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं?

बयाना का खरैरी गांव इसका जीता-जागता उदाहरण है। कभी यहां पान की वजह से इतनी रौनक थी कि बैंक की मुख्य शाखा तक खुल गई थी। आज हालात ऐसे हैं कि यह बैंक भी अपना बोरिया-बिस्तर समेट चुका है। यह सिर्फ एक आर्थिक गिरावट नहीं, बल्कि एक पूरे दौर के खत्म होने की निशानी है। इसके बाद आता है पलायन। गांव के युवा अब खेतों में नहीं, शहरों की भीड़ में मिलते हैं। बड़े शहरों में कोई सिक्योरिटी गार्ड है, कोई हलवाई के यहां काम कर रहा है, कोई ऑटो चला रहा है। यह बदलाव सिर्फ पेशे का नहीं, बल्कि पहचान का भी है। जो लोग कभी अपने खेतों के दम पर समृद्ध थे, वे अब शहरों में मजदूरों की कतार का हिस्सा बन गए हैं।

सवाल यह भी है कि क्या हम गांवों को धीरे-धीरे खाली होते देखने के आदी हो चुके हैं? सरकार की भूमिका पर बात करना यहां जरूरी है, लेकिन इसे केवल आलोचना के रूप में नहीं, बल्कि जिम्मेदारी के रूप में देखना चाहिए। अगर किसी क्षेत्र में सदियों पुरानी खेती खत्म होने के कगार पर है, तो क्या यह सिर्फ किसानों की समस्या है? या यह नीति-निर्माताओं के लिए भी एक चेतावनी है? पान की खेती को अगर बीमा, अनुदान, प्रशिक्षण और बाजार से जोड़ा जाता, तो शायद हालात यह न होते। आसपास मंडी नहीं है, परिवहन की सुविधा कमजोर है। ऐसे में किसान अपनी उपज बेचने के लिए दूर-दराज के शहरों पर निर्भर हैं। (ये लेखक के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।



# इंसानियत सिखाती कठपुतलियां

आदिम काल से लेकर आज तक मनुष्य अपने फुर्सत के समय में किसी न किसी तरह के मनोरंजन के साधनों को अपनाता रहा है। कठपुतली नाट्य कला मनुष्य द्वारा अपनाए जाने वाले साधनों में एक स्वस्थ, संदेशप्रद, शालीन, सभ्य, नैतिकता से ओतप्रोत और मानवीय मूल्यों का बोध कराने वाले मनोरंजन के साधनों के रूप में सदियों से जानी जाती रही हैं। परंतु आधुनिक दौर में तकनीकी, प्रौद्योगिकी, मशीनीकरण ने हस्तकला आधारित मनोरंजन के साधनों और औजारों को बुरी तरह ध्वस्त कर दिया। तेजी से पांव पसारती उपभोक्तावादी संस्कृति टीवी, फिल्म, वेबसीरिज, तरह-तरह के धारावाहिकों, कानफोड़ू डीजे कल्चर के चक्कर और घनचक्कर में लोगों ने कठपुतली नाट्य कला को भूला दिया। मोबाइल और लैपटॉप पर होने वाली चैटिंग और विविध प्रकार के गेमो ने तो कठपुतली नाट्य कला को लगभग हाशिए पर धकेल दिया।



मनोज कुमार सिंह
साहित्यकार

## वर्द्धन वंश ने दिया संरक्षण


सामान्यतः पुतलों का प्रयोग हमारे देश के किसान अपने खून-पसीने की कमाई फसल की रक्षा के लिए करते हैं। अपनी चुनी हुई सरकार, चुने हुए जनप्रतिनिधियों के खिलाफ अपने आक्रोश को अभिव्यक्त करने के लिए जनता द्वारा पुतला दहन का कार्यक्रम आमतौर पर देखा जा सकता है। हर वर्ष दशहरा के अवसर पर रावण का पुतला दहन करने का रिवाज सदियों पुराना है। परंतु पुतला के माध्यम नाट्यकला कौशल का उल्लेख ईसापूर्व चौथी शताब्दी में पाणिनी कृत अष्टाध्यायी के नटसूत्र में मिलता है। एक पौराणिक मान्यता के अनुसार भगवान शिव ने काठ की मूर्ति में प्रवेश कर पार्वती जी का मन बहलाकर इस नाट्यकला को शुरुआत किया था। सिंहासन बत्तीसी में भी विक्रमादित्य के सिंहासन की बत्तीस पुतलियों का उल्लेख मिलता है। यह सर्वविदित तथ्य है कि राजतंत्रीय परंपराओं में हर कला का विकास राजमहलों की अनुकंपा पर निर्भर था। भारत वर्द्धन वंश के शासकों ने कठपुतली नाट्यकला को संरक्षण और प्रश्रय दिया। वर्द्धन वंश के शासकों के शासन काल में इस कला का फैलाव भारत से पूर्वी एशिया के देशों इंडोनेशिया, थाईलैंड, म्यान्मार, जावा श्रीलंका इत्यादि में हुआ।

## कहानी कहने का सहज और आकर्षक माध्यम

कठपुतली नाट्य कला के सिद्धहस्त कलाकार परदे के पीछे से सुतली, धागे या रस्सी के सहारे मंच पर प्लास्टर ऑफ पेरिस की बनी कठपुतलियों पर जब अपनी जादुई उंगलियों को फेरते हैं, तो कठपुतलियां जीते-जागते इंसानों की तरह बोल उठती हैं। मंच पर कठपुतलियों का मनमोहक नृत्य और अभिनय दर्शकों का मन बरबस मोह लेता है। किसी कथा, कथानक और कहानी कहने का सहज सरल और आकर्षक माध्यम है कठपुतली नाट्य कला। नाट्यकला और रंगमंच के इतिहास का अवलोकन करने पर ज्ञात होता है कि कठपुतली नाट्य कला स्वस्थ मनोरंजन के सरल, सहज, सशक्त और आकर्षक माध्यम के रूप में अत्यंत प्राचीन काल से विश्व के अधिकांश हिस्सों मे व्याप्त रही है। कालक्रमेण कठपुतली नाट्य कला स्वस्थ मनोरंजन के साथ-साथ ज्ञान-विज्ञान का समुचित बोध कराने, शिक्षा, सूचना और विचारों के संप्रेषण का माध्यम तथा इससे जुड़े कलाकारों के आजीविका का साधन बन गई। हमारे जनजीवन और लोक मनोरंजन से लगभग मृतप्राय : हो रही है। कठपुतली नाट्य कला के माध्यम से शिक्षण कार्य को रोचक बनाया जा सकता है। कुप्रथाओं, कुरीतियों और अन्य सामाजिक समस्याओं को मिटाने के लिए कठपुतली विधा बेहतरीन माध्यम हो सकती है।







## फ्रांस से शुरू हुई दिवस मनाने की परंपरा

कठपुतली नाट्य कला के विकास, संबर्द्धन और सशक्तिकरण को ध्यान में रखकर कठपुतली दिवस मनाने का विचार सर्वप्रथम ईरान के कठपुतली नाट्य मर्मज्ञ और प्रस्तोता जावेद जोलपाघरी ने प्रस्तुत किया। वर्ष 2000 में मांडेबुर्ग में 18 वीं Union Internationale de la Marionnetee (UNIMA) सम्मेलन के दौरान यह प्रस्ताव विचार हेतु रखा गया। दो वर्ष बाद इस प्रस्ताव को जून 2002 के जून महीने में अटलांटा में काउंसिल द्वारा सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिया गया। सर्वप्रथम फ्रांस में वर्ष 2003 में विश्व कठपुतली दिवस मनाया गया, तब से कठपुतली दिवस मनाने का चलन-चलन संपूर्ण विश्व में फैलने लगा।

## शिक्षण में निभा सकती है महती भूमिका

अपनी अद्वितीय संप्रेषण दक्षता और ग्रहणशीलता के कारण कठपुतली नाट्य कला प्राथमिक स्तर तथा उच्च प्राथमिक स्तर के विद्यार्थियों के लिए शिक्षण-प्रशिक्षण का सशक्त और लोकप्रिय माध्यम हो सकती हैं। पौराणिक और ऐतिहासिक विभूतियों के जीवन चरित्र पर आधारित कठपुतली नाट्य कला के प्रदर्शन से चरित्र निर्माण में सहायता मिल सकती हैं। मनोरंजन के नित नवीन विकसित होते माध्यमों के कारण कठपुतली नाट्य कला लगभग विलुप्ति के कगार पर है। इसके साथ ही साथ इसके माध्यम से आजीविका चलाने वाले लोगों के समक्ष भरण-पोषण का संकट खड़ा हो गया है। नृत्य कला, चित्रकला , मूर्तिकला और संगीत कला को समिश्रित किए कठपुतली नाट्यकला भारतीय समाज में अत्यंत प्राचीन काल से चलन-कलन में रही है।



## संरक्षण के लिए समाज की जागरूकता जरूरी

पारंपरिक भारतीय कठपुतली नाट्यकला में पौराणिक कथाओं, मिथकों और कहानियों जैसे अमर सिंह राठौड़, पृथ्वीराज, लैला मजनूं, शीरी फरहाद तथा भारतीय इतिहास के विभिन्न कालखंडों के महापुरुषों राजा हरिश्चंद्र, भक्त पूरन मल, श्रवण कुमार, भर्तृहरि, सती-सावित्री इत्यादि के चरित्र को आधार बनाकर मंचन किया जाता था। आज इसका समसामयिक प्रयोग प्रौढ़ शिक्षा, परिवार नियोजन, विज्ञापन इत्यादि में किया जाता है। उत्तर भारत में राजस्थान में कठपुतली नाट्यकला आज भी लोकप्रिय है। लोक जागरण के सशक्त माध्यम कठपुतली नाट्यकला को फिर से व्यापक, विस्तारित और लोकप्रिय बनाने की आवश्यकता है।

साहित्यकार मुंशी प्रेमचंद की माटी के सपूत राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय से प्रशिक्षित उत्कृष्ट रंगकर्मी श्री मिथिलेश दुबे अपनी संस्था क्रिएटिव पपेट थिएटर के माध्यम से 'मोहन से महात्मा' कठपुतली नाट्य कला का देश के विभिन्न हिस्सों में मंचन करते आ रहे हैं। मिथिलेश दूबे जी विगत आठ वर्षों से कठपुतली नाट्य कला पर गंभीरता से कार्य कर रहे हैं। मिथिलेश दूबे जी स्वाधीनता आंदोलन के नायकों के व्यक्तित्व पर आधारित कथानक तैयार कर कठपुतली नाट्य कला का मंचन देश के विभिन्न शहरों में करते आ रहे हैं। इसके अतिरिक्त प्रौढ़ शिक्षा, परिवार नियोजन, नारी सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण से संबंधित विषयों पर कथानक तैयार कर मंचन का कार्य करते हैं। जिन सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और पर्यावरणीय समस्याओं को लेकर देश के अधिकांश बुद्धिजीवी बहस करते हैं। इन समस्याओं को कठपुतली नाट्य कला के माध्यम से हम जनमानस को सहजता से समझा सकते हैं। इस तरह कठपुतली नाट्य कला के माध्यम से देश की विविध समस्याओं के प्रति जनमानस को जागरूक कर सकते हैं। इसके साथ कठपुतली नाट्य कला के माध्यम से स्वस्थ मनोरंजन के साथ-साथ अपने समाज के नैतिक मूल्यों, आदर्शों और मर्यादाओं को समाज स्थापित, विस्तारित, व्यापक और मजबूत कर सकते हैं। इस नाट्यकला के माध्यम से भारतीय समाज में व्याप्त कुरीतियों, कुप्रथाओं और असंगत रूढ़ियों को दूर किया जा सकता है। वैसे तो कठपुतली नाट्य कला का फैलाव प्रशांत महासागर के पूर्वी छोर से पश्चिमी छोर तक पाया जाता हैं, परंतु आधुनिक दौर में भारत में यह कला बेहद संकट के दौर से गुजर रही हैं।

कठपुतली नाट्य कला को विगत वर्षों में स्कील इंडिया कार्यक्रम से जोड़ा गया है, जिसके माध्यम से कलाप्रेमी युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराया जा सके। कठपुतली नाट्य कला को संरक्षित करने के लिए जन जन में जागरूकता लाई जाए तथा स्वस्थ सामाजिक एवं सांस्कृतिक परिवेश निर्मित किया जा सके।

---

अनोखी परंपरा



## पीढ़ियों का विश्वास: राम जन्म कुंडली वाचन

राजस्थान के बीकानेर शहर में एक ऐसी अनूठी धार्मिक परंपरा जीवित है, जो समय के साथ न केवल संरक्षित रही है, बल्कि आज भी लोगों की गहरी आस्था का केंद्र बनी हुई है। तेलीवाड़ा चौक स्थित रघुनाथ मंदिर में पिछले लगभग 125 वर्षों से भगवान श्रीराम की जन्म कुंडली के वाचन की परंपरा निरंतर निभाई जा रही है। यह परंपरा केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि स्थानीय सांस्कृतिक विरासत का सशक्त प्रतीक भी है। इस परंपरा की सबसे विशेष बात यह है कि कुंडली वाचन का दायित्व पीढ़ी दर पीढ़ी एक ही परिवार द्वारा निभाया जाता रहा है। वर्षों से चली आ रही इस परंपरा में न केवल धार्मिक अनुशासन दिखाई देता है, बल्कि परिवार की उस निष्ठा का भी परिचय मिलता है, जिसने इसे समय की धारा में बहने नहीं दिया। मंदिर परिसर में स्थापित वीर हनुमान जी की प्रतिमा के समक्ष यह अनुष्ठान विधिवत संपन्न होता है, जहां श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित होकर इसे श्रद्धा के साथ देखते और सुनते हैं।

कुंडली वाचन से पूर्व पूरे विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की जाती है। इसके बाद भगवान को अर्पित प्रसाद को भक्तों में वितरित किया जाता है। प्रसाद के रूप में पंचामृत और पंजीरी का विशेष महत्व है। पंचामृत को दूध, दही, केसर और पंचमेवा से तैयार किया जाता है, जिसकी मात्रा भी इस आयोजन की भव्यता को दर्शाती है। करीब 9 क्विंटल पंचामृत श्रद्धालुओं के बीच बांटा जाता है। यह केवल प्रसाद वितरण नहीं, बल्कि सामूहिक सहभागिता और श्रद्धा का उत्सव बन जाता है। इस परंपरा का महत्व केवल धार्मिक आस्था तक सीमित नहीं है। यह बीकानेर की उस सांस्कृतिक पहचान को भी उजागर करती है, जिसमें परंपराओं को सहेजकर अगली पीढ़ियों तक पहुंचाने का भाव निहित है। बदलते समय और आधुनिक जीवनशैली के बीच भी इस तरह की परंपराओं का जीवित रहना इस बात का प्रमाण है कि समाज अपनी जड़ों से कितना गहराई से जुड़ा हुआ है। इस प्रकार, बीकानेर का यह रघुनाथ मंदिर न केवल एक आस्था का केंद्र है, बल्कि वह स्थान भी है, जहां इतिहास, परंपरा और विश्वास एक साथ जीवंत रूप में दिखाई देते हैं।

---

लोकायन

## रंग, रिश्ते और रिवाजों का जनजातीय उत्सव

गुजरात के उत्तर-पूर्वी अंचल में जब रंग, संगीत और उत्साह एक साथ सजीव हो उठते हैं, तब कवंत का जनजातीय उत्सव अपने पूरे वैभव के साथ सामने आता है। यह केवल एक पर्व नहीं, बल्कि रथवा जनजाति के जीवन, संस्कृति और सामूहिक आनंद का जीवंत उत्सव है, जिसमें परंपरा और उल्लास का अनोखा संगम देखने को मिलता है। कवंत का यह आयोजन दरअसल एक बड़े सामाजिक मिलन का रूप ले लेता है। दूर-दराज के गांवों से लोग सजे-धजे परिधानों में यहां पहुंचते हैं और अपने रिश्तों को नया आयाम देते हैं। इस दौरान विवाह संबंधों पर चर्चा करना एक अहम पहलू होता है, जहां परिवार आपसी सहमति और परंपराओं के अनुसार रिश्तों की नींव रखते हैं। साथ ही, वस्तुओं का आदान-प्रदान भी इस उत्सव का हिस्सा होता है, जो सामुदायिक जीवन की आत्मनिर्भरता और सहयोग की भावना को दर्शाता है। इस उत्सव की सबसे आकर्षक झलक इसके पारंपरिक लोक नृत्यों में देखने को मिलती है। ढोल-नगाड़ों और लोक वाद्यों की थाप पर युवक-युवतियां जब समूह में थिरकते हैं, तो पूरा वातावरण ऊर्जा और उल्लास से भर उठता है। उनके रंग-बिरंगे परिधान, पारंपरिक आभूषण और लयबद्ध नृत्य इस उत्सव को और भी मनमोहक बना देते हैं। संगीत यहां केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि सांस्कृतिक अभिव्यक्ति का माध्यम बन जाता है। कवंत की खासियत यह भी है कि यह अब केवल स्थानीय उत्सव नहीं रह गया है। इसकी ख्याति देश-विदेश तक पहुंच चुकी है।

हर वर्ष बड़ी संख्या में विदेशी पर्यटक और अनिवासी भारतीय इस अनूठे जनजातीय उत्सव को देखने के लिए यहां आते हैं। उनके लिए यह अनुभव किसी जीवंत सांस्कृतिक संग्रहालय से कम नहीं होता, जहां वे भारत की आदिवासी परंपराओं को करीब से महसूस कर पाते हैं। बदलते समय के बावजूद कवंत अपनी मूल पहचान को सहेजे हुए है। यह उत्सव आज भी उस सरल, सामूहिक और आनंदमय जीवनशैली की झलक प्रस्तुत करता है, जो आधुनिकता की दौड़ में कहीं खोती जा रही है। यही कारण है कि कवंत न केवल एक त्योहार है, बल्कि वह परंपरा, पहचान और समुदाय की एक ऐसी जीवित कहानी है, जो हर साल नए उत्साह के साथ दोहराई जाती है।



---

आर्ट गैलरी

## यशोदा और कृष्ण : भारतीय कला की पुनर्पहचान

कला जगत की ताजा खबर यह है कि वैक्सीन उद्योग के अरबपति सायरस पूनावाला ने राजा रवि वर्मा की प्रसिद्ध कृति "यशोदा और कृष्ण" को 17 .9 मिलियन डॉलर (लगभग 1672 करोड़ रुपये) में खरीदकर भारतीय चित्रकला की नीलामी का नया रिकॉर्ड स्थापित किया। यह नीलामी 1 अप्रैल को मुंबई स्थित सैफ्रौनआर्ट में हुई, जहां इस कृति ने अनुमानित मूल्य से कहीं अधिक बोली प्राप्त की और एम . एफ . हुसैन की कृति "ग्राम यात्रा" को मिली उच्चतम बोली का पिछला रिकॉर्ड तोड़ दिया। इस तरह यह चित्र दक्षिण एशियाई कला के लिए दूसरी सबसे महंगी कृति बन गयी है। हालांकि पहला स्थान 2017 में बिकी एक बौद्ध मूर्ति के पास है। पूनावाला ने इसे "राष्ट्रीय धरोहर" बताते हुए कहा कि वे इसे समय-समय पर सार्वजनिक प्रदर्शन के लिए उपलब्ध कराते रहेंगे।

यह कृति रवि वर्मा के करियर के उस शिखर काल की है, जिसमें पाश्चात्य यथार्थवादी शैली और भारतीय पौराणिक विषयों का अद्भुत समन्वय दिखाई देता है। उल्लेखनीय है कि रवि वर्मा उन कलाकारों में शामिल हैं, जिन्हें 1972 के भारतीय कानून के तहत 'राष्ट्रीय धरोहर' घोषित किया गया है, जिसके कारण उनकी कृतियां देश से बाहर नहीं जा सकतीं हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, यह बिक्री भारतीय कला बाजार के परिपक्व होने और देश के भीतर सांस्कृतिक विरासत को सुरक्षित रखने की बढ़ती प्रवृत्ति का सुखद संकेत है।



सुमन कुमार सिंह
कलाकार/कला लेखक

"यशोदा और कृष्ण" शीर्षक वाली यह कृति केवल एक ग्रामीण दृश्य नहीं है, बल्कि भारतीय सांस्कृतिक स्मृति, भक्ति-परंपरा और मातृत्व के गहन प्रतीकवाद से समृद्ध एक दृश्य-आख्यान बन जाती है। राजा रवि वर्मा ने इस चित्र में पौराणिक कथा को लोकजीवन के सहज परिवेश में रूपायित कर उसे एक नई यथार्थवादी संवेदना प्रदान की है। चित्र में माता यशोदा को एक साधारण ग्रामीण स्त्री के रूप में प्रस्तुत किया गया है, जो गाय का दूध निकाल रही हैं। उनके पीछे बालक कृष्ण का स्नेहपूर्ण आलिंगन मातृत्व और बाल-क्रीड़ा की आत्मीयता को व्यक्त करता है। यहां कृष्ण कोई अलौकिक, चमत्कारिक देवता नहीं, बल्कि एक चंचल, स्नेहमय बालक के रूप में दिखाई देते हैं-यही रवि वर्मा की सबसे बड़ी विशेषता है, अर्थात् देवत्व का मानवीकरण।





कला-इतिहास की दृष्टि से यह चित्र भारतीय भक्ति आंदोलन की उस परंपरा को दृश्य रूप देता है, जिसमें ईश्वर को एक सुलभ, प्रेमपूर्ण और मानवीय रूप में अनुभव किया जाता है। विदित है कि यशोदा-कृष्ण संबंध वैष्णव भक्ति परंपरा में 'माधुर्य' और 'वात्सल्य' भाव का प्रमुख उदाहरण है। इस चित्र में वात्सल्य रस की अभिव्यक्ति अत्यंत स्वाभाविक और प्रभावशाली है-यशोदा का शांत, ममत्वपूर्ण चेहरा और कृष्ण का स्नेहिल स्पर्श इस भाव को मूर्त रूप देते हैं।

तकनीकी दृष्टि से, चित्र में प्रकाश और छाया का सूक्ष्म उपयोग, शरीर की आयतनात्मकता और वस्त्रों की यथार्थपरक बनावट यूरोपीय अकादमिक शैली की देन है, किंतु विषय-वस्तु, भाव और प्रतीक पूरी तरह भारतीय हैं। गौ यहां केवल एक पशु नहीं, बल्कि 'गौ-माता' के रूप में भारतीय सांस्कृतिक प्रतीक है- समृद्धि, पोषण और पवित्रता का संकेत।

राजा रवि वर्मा के चित्रों में एक और महत्वपूर्ण पहलू उभरता है-पौराणिक आख्यानों का लोक-रूपांतरण। कृष्ण, जो सामान्यतः वृंदावन के दिव्य नायक या अवतार के रूप में चित्रित होते हैं, यहां एक ग्रामीण बालक के रूप में उपस्थित हैं। इससे दर्शक के साथ उनका संबंध अधिक आत्मीय और निकट हो जाता है। इस प्रकार, रवि वर्मा ने धार्मिक कथा को सामाजिक यथार्थ के साथ जोड़कर उसे जनसामान्य के अनुभव का हिस्सा बना दिया। आलोचनात्मक दृष्टि से देखें तो यह चित्र उस सांस्कृतिक परियोजना का हिस्सा है, जिसमें औपनिवेशिक काल में भारतीय पहचान को पुनर्परिभाषित करने का प्रयास किया जा रहा था। यशोदा और कृष्ण के माध्यम से 'भारतीय मातृत्व' और 'आदर्श बालक' की छवि गढ़ी गई, जो एक सांस्कृतिक आदर्श का निर्माण करती है।

अंततः "यशोदा और कृष्ण" केवल एक चित्र नहीं, बल्कि भारतीय जीवन-दर्शन, भक्ति-संवेदना और सांस्कृतिक प्रतीकों का समन्वित रूप है। राजा रवि वर्मा ने इस पेंटिंग के माध्यम से यह सिद्ध किया कि पौराणिक कथाएं केवल अलौकिक नहीं, बल्कि मानवीय अनुभवों के माध्यम से भी उतनी ही प्रभावशाली ढंग से व्यक्त की जा सकती हैं। यही कारण है कि यह कृति आज भी सौंदर्य, भाव और अर्थ- तीनों स्तरों पर अत्यंत प्रासंगिक बनी हुई है।

| बाजार | सेंसेक्स ↑ | निफ्टी ↑ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 74,616.58 | 23,123.65 |
| बढ़त | 509.73 | 155.40 |
| प्रतिशत में | 0.69 | 0.68 |

सोना 1,53,200 प्रति 10 ग्राम

चांदी 2,40,000 प्रति किलो

अमृत विचार
बरेली, बुधवार ,8 अप्रैल 2026
www.amritvichar.com



## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**–तुलसी 2655, राज श्री 2050, फ़ॉर्चून कि. 2780, रविन्द्रा 2670, फॉर्चुन 13kg 2440, जय जवान 2185, सचिन 2350, सूरज 2185, अवसर 2145, उजाला 2200, गृहणी 13 kg 2190, क्लासिक (kg) 2560, मोर 2390, चक्र टिन 2625, ब्लू 2440, आशीर्वाद मस्टर्ड 2530, स्वास्तिक 2610

**किराना**–निजामाबाद हल्दी 16000–18000, जीरा 25500, लाल मिर्च 21500–24000, धनिया 14000–18000, अजवायान 14000–19000, मेथी 7000–8000 सौंफ 11000–20000, सोंठ 33000, (प्रतिकि0) लौंग 850–1000, बादाम 750–1050, काजू 2 पीस 830, किसमिस पीली 330–380, मखाना 800–1150

**चावल–(प्रति कु0)**–डबल चाबी सेला 10200, स्पाइस 7000, शरबती कच्ची 6250, शर्बती स्टीम 6450, मंसूरी 4300, महबूब सेला 4850, गौरी रॉयल 9800, राजभोग 7450, हरी पत्ती ( 1kg,5kg ) 10900, हरी पत्ति नेचुरल 9900, गौरी स्पेशल 9400, गौरी प्रीमियम 10900, सूमो 4000, गौरी डिलाइट 9300, मंसूरी पनघट 4350,लाडली 4300

**दाल दलहन**–मूंग दाल इंदौर 9900, मूंग धोवा 10100, राजमा चित्रा 11500–13000, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली 7250–7450 मलका दाल 7450–9600, मलका छाँटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 8800–9800, मसूर दाल छोटी 10300–11600, दाल उड़द दिल्ली 11200, उड़द साबुत दिल्ली 10500, उड़द धोवा इंदौर 12700, उड़द धोवा 9800–11500,चना काला 7150, दाल चना 7250, दाल चना मोटी 7100, मलका विदेशी 7200, रूपकिशोर बेसन 7500, चना अकोला 6600, डबरा 6800–8400, सच्चा मोती 8700, मोटा सफेद 9800, अरहर गोला मोटा 8800, अरहर पटका मोटा 9500, अरहर कोरा मोटा 9800, अरहर पटका छोटा 11100–11800, अरहर कोरी छोटी 12800

**चीनी**– पीलीभीत 4300, बहेड़ी 4260, रोज़ा 4260

## बरेली सर्राफा

**दाम प्रति 10 ग्राम**– सोना पक्के आभूषण 150000, सोना गिन्नी 146000, चांदी ( पक्की) 2350 (अनुमानित )

## बिजनेस ब्रीफ

### ट्राई ने किया कम कीमत के मोबाइल प्लान का प्रस्ताव

**नयी दिल्ली।** दूरसंचार नियामक ट्राई ने मंगलवार को दूरसंचार परिचालकों के लिए यह अनिवार्य किये जाने का प्रस्ताव किया कि वे केवल कॉल और एसएमएस सेवाओं के लिए कम कीमत पर मोबाइल प्लान जारी करें। इसकी कीमत मौजूदा विशेष शुल्क वाउचर की तुलना में कम हो, जिनमें डेटा (इंटरनेट) सुविधा भी शामिल है।

# 24 हजार करोड़ के औद्योगिक निवेश प्रस्तावों को मंजूरी

## आठ औद्योगिक इकाइयों को मिलेगा एलओसी, कई जिलों में परियोजनाएं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में प्रदेश में करीब 24,000 करोड़ के निवेश प्रस्तावों को मंजूरी दे दी गई। इन प्रस्तावों के तहत राज्य के विभिन्न जिलों में आठ बड़ी औद्योगिक इकाइयां स्थापित की जाएंगी, जिनसे हजारों युवाओं को प्रत्यक्ष रोजगार मिलने की संभावना है।

औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल नंदी ने बताया कि सरकार की ओर से इन कंपनियों को जल्द ही लेटर ऑफ कंफर्ट जारी किए जाएंगे, जिससे परियोजनाओं के धरातल पर उतरने की प्रक्रिया तेज होगी। मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में नए भारत का नया उत्तर प्रदेश आज देश का ग्रोथ इंजन बनने की ओर अग्रसर है। बड़ी संख्या में निवेशक प्रदेश में निवेश के लिए स्वयं आगे आ रहे हैं। प्रत्येक निवेश प्रस्ताव को धरातल पर साकार करना हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

- हजारों को मिलेगा रोजगार, यूपी बना निवेशकों की पहली पसंद

### इन जिलों में लगेंगी उद्योग इकाइयां

इन निवेश प्रस्तावों के तहत शाहजहांपुर, गोरखपुर, ग्रेटर नोएडा, प्रयागराज, हाथरस, यमुना एक्सप्रेसवे क्षेत्र और मुरादाबाद में औद्योगिक इकाइयों की स्थापना होगी। इससे क्षेत्रीय संतुलित विकास को भी बढ़ावा मिलेगा।

### इन कंपनियों को मिली कैबिनेट से मंजूरी

ओएफबी टैंक प्रा. लि. – शाहजहांपुर में एग्रो केमिकल प्लांट (589.98 करोड़)
इंडिया ग्लाइकोल्स लि. – गोरखपुर में एथेनॉल प्लांट (669.93 करोड़)
सीईएसी ग्रीन पावर – सोलर सेल प्लांट (3805 करोड़)
बिसलेरी इंटरनेशनल – प्रयागराज में बेवरेज प्लांट (269.31 करोड़)
एजीआई ग्रीन पैक – हाथरस में एल्युमिनियम कैन यूनिट (1128.72 करोड़)
इंटीग्रेटेड बैटरीज इंडिया – यमुना एक्सप्रेसवे पर सोलर सेल यूनिट (1146 करोड़)
त्रिवेणी इंजीनियरिंग – मुरादाबाद में एथेनॉल यूनिट (237 करोड़)
अवाडा इलेक्ट्रो – संशोधित निवेश 13,640.79 करोड़

# शेयर बाजार में चौथे दिन भी तेजी, सेंसेक्स 510 अंक चढ़ा, निफ्टी हुआ 23 हजारी

## मानक ब्रेंट क्रूड 0.71 % टूटकर 109 डॉलर प्रति बैरल पर आया

मुंबई, एजेंसी



स्थानीय शेयर बाजारों में मंगलवार को लगातार चौथे कारोबारी सत्र में तेजी जारी रही। इससे बीएसई सेंसेक्स 510 अंक चढ़ गया और एनएसई निफ्टी 23,000 अंक के पार पहुंच गया। कच्चे तेल के दाम में नरमी और दुनिया के अन्य बाजारों में तेजी से निवेशकों की धारणा मजबूत हुई। इसके अलावा, आईटी शेयरों में लिवाली से भी बाजार में सुधार हुआ।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 509.73 अंक यानी 0.69 प्रतिशत बढ़कर 74,616.58 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, यह ऊंचे में 74,686.32 अंक तक गया और नीचे में 73,282.41 अंक तक आया। इससे बाजार में 1,403.91 अंक का उतार-चढ़ाव आया। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 155.40 अंक यानी 0.68 प्रतिशत चढ़कर 23,123.65 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में से टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, एचसीएल टेक, इन्फोसिस, भारती एयरटेल, सन फार्मा और हिंदुस्तान यूनिलीवर प्रमुख रूप से लाभ में रहीं।

दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में इंटरग्लोब एविएशन, अदाणी पोर्ट्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा और टाइटन शामिल हैं। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.71 प्रतिशत टूटकर 109 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर आ गया।

बीएसई में सूचीबद्ध शेयरों में 2,671 में बढ़त दर्ज की गई, जबकि 1,555 शेयरों में गिरावट आई और 155 शेयर के भाव अपरिवर्तित रहे। एशिया के अन्य बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की और चीन का शंघाई कम्पोजिट बढ़त के साथ बंद हुए। हांगकांग में अवकाश के कारण बाजार बंद थे। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर के कारोबार में सकारात्मक रुख था।

# संकट प्रभावित कारोबारों को 2.5 लाख करोड़ की ऋण गारंटी योजना पर विचार

## नेशनल क्रेडिट गारंटी ट्रस्टी कंपनी देगी बैंक ऋण पर यह गारंटी

नयी दिल्ली, एजेंसी

सरकार पश्चिम एशिया संकट से प्रभावित कारोबारों, विशेषकर सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) को राहत देने के लिए 2.5 लाख करोड़ रुपये की ऋण गारंटी योजना लाने पर विचार कर रही है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। इस योजना के तहत अमेरिका-ईरान संघर्ष के कारण उधारकर्ताओं द्वारा ऋण चुकाने में चूक होने की स्थिति में उधारदाताओं को 100 करोड़ रुपये तक के ऋणों पर करीब 90 प्रतिशत की ऋण गारंटी प्रदान की जाएगी। बैंक ऋण पर यह गारंटी नेशनल क्रेडिट गारंटी ट्रस्टी कंपनी (एनसीजीटीसी) देगी जो सरकार की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी है। इस योजना के लिए सरकार को करीब 17,000 करोड़ से 18,000 करोड़ रुपये का प्रावधान करना होगा।

सूत्रों ने बताया कि ऐसी ही योजना कोविड-19 वैश्विक महामारी के दौरान भी लागू की गई थी, जो काफी सफल रही और विभिन्न क्षेत्रों के कई कारोबारों को काम जारी रखने एवं बकाया चुकाने में मदद मिली। सरकार ने मई 2020 में आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत आपात ऋण गारंटी योजना (ईसीएलजीएस) शुरू की थी। इसका उद्देश्य कोविड-19 वैश्विक महामारी से उत्पन्न व्यवधान के बीच पात्र एमएसएमई और अन्य कारोबारी इकाइयों को परिचालन देनदारियां पूरी करने और कारोबार फिर से शुरू करने में मदद देना था।

इस योजना के तहत अर्थव्यवस्था के करीब सभी क्षेत्रों को शामिल किया गया था और पात्र उधारकर्ताओं को दिए गए ऋण पर सदस्य ऋणदाता संस्थानों को 100 प्रतिशत गारंटी प्रदान की गई थी। योजना की संरचना ऐसी थी कि उधारकर्ताओं को ऋण आसानी से मिल सके। ऋणदाता संस्थान उधारकर्ता के मौजूदा ऋण के आधार पर पूर्व-स्वीकृत ऋण देते थे। अतिरिक्त ऋण के लिए नया मूल्यांकन नहीं किया जाता था। इसके अलावा ऋण पर ब्याज दर की अधिकतम सीमा तय की गई थी ।

# भारत-न्यूजीलैंड 24 अप्रैल को कर सकते हैं एफटीए पर हस्ताक्षर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर 24 अप्रैल को यहां हस्ताक्षर होने की संभावना है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। इस समझौते से भारतीय निर्यातकों को द्वीपीय देश के बाजार में अपने उत्पादों के लिए शुल्क-मुक्त पहुंच मिलेगी और अगले 15 वर्ष में करीब 20 अरब डॉलर का निवेश आने की उम्मीद है।

दोनों देशों ने इस व्यापार समझौते पर बातचीत पूरी होने की घोषणा पिछले वर्ष 22 दिसंबर को की थी। इस समझौते का लक्ष्य अगले पांच वर्ष में द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ाकर पांच अरब डॉलर करना है। अधिकारी ने बताया कि इस समझौते पर भारत मंडपम में 24 अप्रैल को हस्ताक्षर किए जाने की संभावना है।

## काम की बात

# EMI का बोझ ऐसे करें कम

कारोबार डेस्क



कर्ज लेना जितना आसान है, लेकिन उसकी अदायगी एक चैलेंज। बाकी खर्चों के साथ ईएमआई देना कई बार मुश्किल हो जाता है। दरअसल EMI केवल एक पेमेंट नहीं, बल्कि लाइफस्टाइल का हिस्सा बन चुकी है। घर, गाड़ी, मोबाइल, यहां तक कि छुट्टियों तक,हर चीज EMI पर मिल रही है। परेशानी तब शुरू होती है जब महीने की सैलरी आती है और कुछ ही दिनों में बैंक के डेबिट मैसेज से आपको तनाव होने लगता है। यदि आप भी अपनी ईएमआई से परेशान हैं, तो आपके काम की बात है।

### EMI कम करने के 5 स्मार्ट तरीके

- **सबसे पहले कौन सा लोन खत्म करें?**
  –आप हमेशा सबसे महंगा लोन खत्म करें। क्रेडिट कार्ड और पर्सनल लोन का ब्याज सबसे ज्यादा होता है, ऐसे में इन्हें खत्म करना जरूरी है।
- **क्या ईएमआई कम कर सकते हैं?**
  –हां लाइफस्टाइल के हिसाब से इसको कम कर सकते हैं। अगर EMI ज्यादा लग रही है, तो बैंक से बात करें। लोन की अवधि बढ़वा सकते हैं, EMI कम हो जाएगी। दूसरे बैंक में भी बैलेंस ट्रांसफर कर सकते हैं।
- **खर्च कंट्रोल कैसे करें?**
  –यहां काम आता है 50–30–20 फॉर्मूला। 50% जरूरी खर्च, 30% शौक, 20% बचत। याद रखिए कि अगर EMI ज्यादा है, तो सबसे पहले शौक वाले खर्च कम करें।
- **बोनस का सही उपयोग कैसे करें?**
  –बोनस को खर्च मत करें, लोन खत्म करने में लगाएं। अगर आप हर साल थोड़ा–थोड़ा प्री–पेमेंट करते हैं, तो आपका लोन जल्दी खत्म हो सकता है। इससे ब्याज कम लगेगा और टेंशन भी घटेगी।
- **इमरजेंसी फंड क्यों जरूरी हैं?**
  –अक्सर अचानक खर्च EMI को बिगाड़ देता है। इसके अलावा मेडिकल खर्च, नौकरी जाने का खतरा या अचानक अन्य कोई आवश्यकता के लिए इमरजेंसी फंड जरूरी होता है।

### लोन कंसोलिडेशन भी कर सकते हैं

- आसान भाषा में अपनी एक से अधिक ईएमआई को मिलाकर एक EMI कर लेना लोन कंसोलिडेशन कहलाता है। अगर आपके पास कई हाई इंटरेस्ट लोन हैं (जैसे क्रेडिट कार्ड, पर्सनल लोन), तो कंसोलिडेशन फायदेमंद हो सकता है, अगर :

–**ब्याज दर कम हो जाए :** नए लोन का इंटरेस्ट पुराने से कम हो।
–EMI **मैनेज करना आसान हो :** कई की जगह एक ईएमआई रह जाए।
–**कैश फ्लो सुधरे :** हर महीने कुछ पैसा बचने लगे।
–**क्रेडिट स्कोर बेहतर हो :** समय पर एक EMI भरना आसान होता है। इससे क्रेडिट स्कोर बेहतर होता है।

- **एक बात याद रखिए**–लोन आपकी आवश्यकता पूरी करता है। EMI आपकी जिम्मेदारी है, उसे बोझ बनाना आपकी गलती। लोन चुकाने में अनुशासन पालन करें। ईएमआई कम दिखाने के चक्कर में कुल लागत की गणना करना न भूलें।

### फॉक्सवैगन के टाइगुन के नए संस्करण का उत्पादन

**नयी दिल्ली।** वाहन विनिर्माता स्कोडा ऑटो फॉक्सवैगन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने मंगलवार को फॉक्सवैगन टाइगुन के नए संस्करण का उत्पादन पुणे स्थित अपने संयंत्र में शुरू करने की घोषणा की। कंपनी ने एक बयान में कहा कि नया टाइगुन मॉडल समूह की 'मेक इन इंडिया, फॉर इंडिया एंड द वर्ल्ड' रणनीति को मजबूत करेगा और भारत को वैश्विक उत्पादन एवं निर्यात केंद्र के रूप में स्थापित करने में मदद करेगा।


# रसोई गैस के बाद अब पीएनजी के दाम भी बढ़े

नई दिल्ली, एजेंसी



पश्चिम एशिया संकट के कारण रसोई गैस (एलपीजी) के बाद अब पाइपलाइन के जरिये किचन तक आने वाली प्राकृतिक गैस (पीएनजी) के दाम भी बढ़ गये हैं। दिल्ली-एनसीआर के साथ कानपुर, मेरठ, अजमेर जैसे कई शहरों में घरों में पीएनजी की आपूर्ति करने वाली कंपनी इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (आईजीएल) ने एक अप्रैल से पीएनजी की कीमत बढ़ाकर दिल्ली में 49.59 रुपये प्रति मानक घन मीटर (एससीएम) कर दिया है। इससे पहले एक जनवरी 2026 से इसकी कीमत 47.89 रुपये प्रति एससीएम थी। इस प्रकार राष्ट्रीय राजधानी में पीएनजी 1.70 रुपये प्रति एससीएम महंगी हो गयी है।

एनसीआर के दूसरे शहरों में भी कीमत 1.70 रुपये प्रति एससीएम बढ़ाई गयी है जबकि दूसरे शहरों में पीएनजी एक रुपये महंगी की गयी है। नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गाजियाबाद में एक एससीएम पीएनजी की कीमत 47.76 रुपये से बढ़ाकर 49.46 रुपये कर दी गयी है।



## पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव महासंग्राम



# असम के सीएम सबसे भ्रष्ट, कांग्रेस गठबंधन को मिलेगा बहुमत : खरगे

गुवाहाटी, एजेंसी



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मंगलवार को दावा किया कि असम विधानसभा चुनाव में विपक्षी गठबंधन 126 सीटों में से 72-73 सीटें जीतकर सरकार बनाएगा। उन्होंने संवाददाता सम्मेलन में यह भी कहा कि असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा भारत में 'सबसे भ्रष्ट' नेता हैं तथा उनके खिलाफ लगे आरोपों पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत को टिप्पणी करनी चाहिए।

खरगे ने दावा किया कि कांग्रेस के नेतृत्व वाला गठबंधन असम में अगली सरकार बनाने जा रहा है। हम 72-73 सीटें जीतेंगे। कांग्रेस अध्यक्ष ने भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर मुख्यमंत्री शर्मा पर निशाना साधा। खरगे ने आरोप लगाया कि भारत में कोई भी मुख्यमंत्री उनके जैसा अहंकारी नहीं है। हिमंत विश्व शर्मा केवल अपने परिवार के विकास के लिए काम कर रहे हैं। वह चाय, स्कूल, कोयला, अंडा, जमीन, सुपारी, हर चीज में सिंडिकेट चला रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि शर्मा के कैबिनेट का हर सदस्य भ्रष्ट है और उन सभी के पास हजारों करोड़ रुपये की संपत्ति है।

# बंगाल में भाजपा का सत्ता में आना तय घुसपैठियों को वापस भेजेंगे : शाह

## घुसपैठियों के स्वागत को रेड कार्पेट बिछाती है कांग्रेस

पाथरकांडी (असम), एजेंसी



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि पश्चिम बंगाल में 'परिवर्तन' निश्चित है। इस राज्य में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सत्ता में आते ही सभी घुसपैठियों को उनके देशों में वापस भेज दिया जाएगा। शाह ने यहां एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए यह भी दावा किया कि कांग्रेस ने असम की बराक घाटी में अवैध प्रवासियों को शरण दी, जिससे उन्होंने श्रीभूमि, सिलचर और कछार में अपना दबदबा बना लिया।

उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) का विरोध इसलिए करती है क्योंकि उसे पता है कि यह कानून सुनिश्चित करेगा कि राज्य में कोई घुसपैठिया न रहे। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश से सताए गए हिंदू इस कानून के दायरे में आते हैं...कांग्रेस इसका विरोध करती है, लेकिन पार्टी मुस्लिम घुसपैठियों के स्वागत के लिए रेड कार्पेट बिछाती है। शाह ने कहा कि भारत कोई धर्मशाला नहीं है और देश में घुसपैठियों के लिए कोई जगह नहीं है। गृहमंत्री ने कहा कि पश्चिम बंगाल में 'परिवर्तन' तय है। जैसे ही भाजपा राज्य में सत्ता में आएगी, असम, त्रिपुरा और बंगाल से सभी घुसपैठियों को उनके देशों में वापस भेज दिया जाएगा।

हैलाकांडी में एक अन्य रैली को संबोधित करते हुए शाह ने दावा किया कि कांग्रेस ने असम में मुस्लिम छात्रों के लिए 700 मदरसे बनाए, लेकिन भाजपा ने उनमें से 402 को प्राथमिक विद्यालयों में बदल दिया ताकि उन्हें भी आधुनिक शिक्षा मिल सके।

# प. बंगाल : एसआईआर के बाद वोटर लिस्ट से हटे करीब 91 लाख नाम

**कोलकाता, एजेंसी।** निर्वाचन आयोग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, पश्चिम बंगाल में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के बाद वा से करीब 91 लाख मतदाताओं के नाम हटा दिए गए हैं। मतदाता सूची पुनरीक्षण प्रक्रिया पूरी होने के बाद राज्य के अंतिम मतदाता आधार की घोषणा अभी बाकी है। हालांकि, उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, पिछले वर्ष अक्टूबर के अंत में 7.66 करोड़ मतदाताओं के आधार पर, राज्य में इस समय कुल हटाए गए मतदाताओं का प्रतिशत 11.85 प्रतिशत से अधिक है। एसआईआर प्रक्रिया की शुरुआत से अब तक कुल हटाए गए नामों की अंतिम संख्या 90.83 लाख से थोड़ा अधिक रही। निर्वाचन आयोग के आंकड़ों के अनुसार, न्यायिक अधिकारियों द्वारा की गई जांच में इन 60.06 लाख में से 27.16 लाख 'विवेचनाधीन' मतदाताओं के नाम हटा दिए गए।

# मतदाताओं को भयभीत कर रहीं मुख्यमंत्री ममता बनर्जी: भाजपा

नई दिल्ली, एजेंसी



भाजपा ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर मतदाताओं को भयभीत करने का मंगलवार को आरोप लगाया और कहा कि सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस राज्य में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव में बाधा डाल रही है। भाजपा के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए बनर्जी के इस दावे का खंडन किया कि मतदाताओं को निशाना बनाने के लिए केंद्रीय बलों को तैनात किया जा रहा है और कहा कि ये टिप्पणियां आसन्न चुनावी हार की हताशा दर्शाती हैं।

उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है कि उन्हें निश्चित और करारी हार का सामना करना पड़ रहा है। ममता जी, आप अब हताशा में हैं। जब कोई नेता हताश हो जाता है, तो वह कुछ भी कहने लगता है। उन्होंने कहा कि मैं इस दावे की कड़ी निंदा करता हूं कि सीआरपीएफ (केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल) लोगों को पीटने आ रही है। ममता जी, सीआरपीएफ किसी को पीटने नहीं आ रही है।

वे यह सुनिश्चित करने आ रहे हैं कि वैसे निर्दोष मतदाता, जिन्हें आपके कार्यकर्ताओं द्वारा हिंसा के माध्यम से मतदान करने से रोका जाता है, अपने मतदान के अधिकार का प्रयोग कर सकें।

### टीवीके प्रमुख विजय के दोनों सीटों से नामांकन पत्र स्वीकार

**चेन्नई, एजेंसी।** तमिलनाडु विधानसभा के लिए 23 अप्रैल को होने वाले चुनाव में तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) अध्यक्ष विजय द्वारा पेराम्बूर और तिरुचिरापल्ली पूर्व सीट से दाखिल नामांकन पत्रों को मंगलवार को जांच के बाद वैध पाए जाने के साथ स्वीकार कर लिया गया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। विजय दो विधानसभा क्षेत्रों के साथ अपने चुनावी सफर की शुरुआत करने जा रहे हैं।

# स्टालिन ने पुडुचेरी के लिए मांगा पूर्ण राज्य का दर्जा

पुडुचेरी, एजेंसी

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और द्रमुक अध्यक्ष एम.के. स्टालिन ने आरोप लगाया है कि केंद्र ने पुडुचेरी को पूर्ण राज्य का दर्जा देने में कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई है, जबकि केंद्र शासित प्रदेश की विधानसभा ने इस तरह के कदम के लिए 14 बार प्रस्ताव पारित किए हैं। यहां एक रैली को संबोधित करते हुए और नौ अप्रैल को होने वाले चुनावों के लिए कांग्रेस, द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) और विदुथलाई चिरुथाइगल काची (वीसीके) के उम्मीदवारों का औपचारिक परिचय कराते हुए स्टालिन ने आरोप लगाया कि सब कुछ उपराज्यपाल के पास है जबकि मुख्यमंत्री एन रंगासामी को कठपुतली मुख्यमंत्री बनाकर रखा गया है। उन्होंने सोमवार को कहा कि नौ अप्रैल को होने वाले आगामी चुनाव लोगों के लिए पुडुचेरी में मौजूदा समस्याओं को खत्म करने का एक उत्कृष्ट अवसर है।।" स्टालिन ने याद दिलाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले विधानसभा चुनावों के दौरान वादा किया था कि पुडुचेरी "सर्वश्रेष्ठ पुडुचेरी" बनेगा। उन्होंने कहा कि असलियत तो यह है कि लोग अभी पुडुचेरी की सबसे बुरी हालत देख रहे हैं। उन्होंने सरकार की कथित नाकामियों की मिसालें दीं, जिनमें नकली दवा बनाने वाली इकाई की जांच में बाधा डालना और घटिया दवाइयों की खरीद शामिल है।

### ममता आज भवानीपुर से करेंगी नामांकन

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल चुनाव में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी बुधवार को भवानीपुर सीट से बतौर तृणमूल कांग्रेस प्रत्याशी नामांकन दाखिल करेंगी। ममता बनर्जी की योजना इस दौरान खुद को बहुलवादी और समावेशी होने का राजनीतिक संदेश देने की है। यह इलाका संकरी गलियों और पुरानी हवेलियों वाला है, जहां दशकों से गुजराती व्यापारी, बंगाली परिवार, पंजाबी परिवार और मुस्लिम निवासी साथ–साथ रहते आए हैं। भाजपा के शुभेंदु अधिकारी ने पिछले सप्ताह इस सीट से पर्चा भरा था।

# सरकार ने समय पर नहीं दी मंजूरी, इसलिए कांग्रेस की वायनाड आवासीय परियोजना में देरी हुई : प्रियंका

**वायनाड (केरल),एजेंसी।** कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाद्रा ने मंगलवार को दावा किया कि केरल में मुंडक्कई–चूरलमाला भूस्खलन की घटना के पीड़ितों के लिए पार्टी की आवासीय परियोजना में राज्य की वाम सरकार से मंजूरी समय पर न मिलने की वजह से देरी हुई। प्रियंका ने यहां कलपेट्टा में यूडीएफ गठबंधन की एक नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए दावा किया कि एलडीएफ की टाउनशिप के उद्घाटन के बाद ही कांग्रेस की परियोजना को मंजूरी दी गई। उन्होंने कहा कि मुझे यकीन है कि इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग में मेरे साथियों को भी ये ही दिक्कतें हुई होंगी।



प्रियंका की यह दलील वायनाड आवासीय परियोजना के लिए धन इकट्ठा करने और पैसे के इस्तेमाल के संबंध में कांग्रेस पर अनियमितताओं के आरोपों के बीच आई है।

कांग्रेस महासचिव ने मुख्यमंत्री पिनराई विजयन पर भी हमला किया और सवाल किया कि भ्रष्टाचार के कई आरोपों का सामना करने के बावजूद उनके खिलाफ कोई मामला क्यों नहीं है, जबकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा का विरोध करने वालों के खिलाफ केंद्रीय एजेंसियां जांच कर रही हैं। इससे साफ है कि उनके बीच एक गुप्त समझौता है और वे अपने राजनीतिक फायदे के लिए मिलकर काम कर रहे हैं।

# थानों में सीसीटीवी कैमरे लगाने पर शीर्ष कोर्ट सख्त

नई दिल्ली, एजेंसी

**• केंद्र ने कहा-दो सप्ताह के भीतर सुलझा लिए जाएंगे सभी मुद्दे**

केंद्र सरकार ने मंगलवार को उच्चतम न्यायालय को बताया कि देशभर के पुलिस थानों में सीसीटीवी कैमरे लगाने से जुड़े सभी मुद्दों को दो सप्ताह के भीतर सुलझा लिया जाएगा।

अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी ने न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ को बताया कि वह इस मुद्दे की समीक्षा कर रहे हैं और इस दिशा में कई कदम उठाए जा रहे हैं। केंद्रीय गृह सचिव भी न्यायालय में उपस्थित हुए। उच्चतम न्यायालय ने छह अप्रैल को एक आदेश में उनसे मंगलवार को अदालत में पेश होने को कहा था ताकि थानों में सीसीटीवी कैमरे लगाने की योजना के क्रियान्वयन में उनसे उचित सहायता ली जा सके। देश के शीर्ष विधि अधिकारी ने पीठ से कहा कि दो सप्ताह के भीतर यह सुनिश्चित करेंगे कि सभी मुद्दे सुलझ जाएं, इसके लिए न्याय मित्र और अन्य अधिकारियों के साथ नियमित बैठकें की जाएंगी। पीठ ने मामले की अगली सुनवाई 28 अप्रैल के लिए निर्धारित की। शीर्ष कोर्ट थानों में कार्यशील सीसीटीवी कैमरों की कमी को लेकर स्वतः संज्ञान मामले की सुनवाई कर रहा है।

## आईजीआई हवाई अड्डे पर दो करोड़ का गांजा जब्त

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क अधिकारियों ने बैंकॉक-दिल्ली उड़ान के शौचालय से दो किलोग्राम से अधिक संदिग्ध गांजा जब्त किया है। अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि यह बरामदगी पांच अप्रैल को हुई। इसमें कहा गया है कि निगरानी के आधार पर कार्रवाई करते हुए, भारतीय सीमा शुल्क की विशेष शाखा, वायु खुफिया इकाई के अधिकारियों ने बैंकॉक से आने वाली उड़ान पर नजर रखी। बयान में कहा गया है कि निगरानी के दौरान विमान के शौचालय के कूड़ेदान से धूसर (ग्रे) रंग के टेप में लपेटे गए तीन पैकेट बरामद किए गए।




# दो मिनट में बिक जा रही आपकी आजादी

टीवी पर विज्ञापन हो, बैंक का फॉर्म या नए फोन की वारंटी, हर जगह एक छोटा सा स्टार (*) बना होता है, जिसके नीचे लिखा होता है 'शर्तें लागू'। यह छोटा सा स्टार असल में वह 'सुरंग' है जिसमें ग्राहकों के अधिकार खो जाते हैं। यही नहीं, एक होम लोन के एग्रीमेंट में औसतन 3,000 से 4,000 शब्द होते हैं। बैंक मैनेजर आपको दस्तखत करने के लिए मुश्किल से 2 मिनट देता है। यानी आपको प्रति सेकंड लगभग 30 शब्द पढ़ने होंगे जो किसी भी इंसान के लिए नामुमकिन है। यही वह समय है जब आपकी मेहनत की कमाई पर शर्तों का ताला लग जाता है। आइए, अलग-अलग क्षेत्रों में छिपे इन 'नियमों' का सच डिकोड करते हैं।

**ऐसे होता है खेल**

● शून्य ब्याज का सच : अक्सर विज्ञापन 0% ईएमआई का दावा करते हैं, लेकिन शर्तों में प्रोसेसिंग फीस और फाइल चार्ज के नाम पर अच्छी-खासी रकम वसूल ली जाती है। ● न्यूनतम शेष : खाते खोलते समय बड़े अक्षरों में सुविधाएं बताई जाती हैं, पर छोटे अक्षरों में लिखा होता है कि बैलेंस कम होने पर भारी जुर्माना लगेगा।

● पहले से मौजूद बीमारी : बीमा पॉलिसी लेते समय कंपनियां सब कुछ कवर करने का वादा करती हैं, लेकिन शर्तों के पन्नों में ऐसी परिभाषा होती है कि क्लेम के समय कंपनी मुकर जाती है। ● कैपिंग : अस्पताल के कमरे का किराया या डॉक्टर की फीस पर कैपिंग लगा दी जाती है, जिसकी जानकारी बिल भुगतान के समय मिलती है।

● सेल का झांसा : अप टू 70% ऑफ के विज्ञापन में 70% छूट केवल एक या दो पुराने प्रोडक्ट्स पर होती है, बाकी पर केवल 10%। यह 'अप टू' शब्द कानूनी रूप से कंपनी को बचा लेता है। ● क्रीम के विज्ञापनों में 1 हफ्ते में गोरापन के नीचे बहुत छोटे अक्षरों में लिखा होता है, चुनिंदा लोगों पर किए गए परीक्षण के आधार पर परिणाम अलग हो सकते हैं।

● जब आप बैंक से लोन लेते हैं, तो मैनेजर आपके सामने 15 से 20 पन्नों का एक सेट रखता है और कहता है सर, बस यहां-यहां साइन कर दीजिए। हम बिना पढ़े दस्तखत कर देते हैं, लेकिन उन पन्नों में फ्लोटिंग रेट का फंदा, प्री-पेमेंट पेनल्टी, हिडन प्रोसेसिंग और इंस्पेक्शन चार्ज आदि छिपा होता है।

### डिकोडर टिप

● स्टार (*) को गंभीरता से लें : जहां भी स्टार मार्क दिखे, समझिये कि वहां कोई 'पेंच' है। ● हाइलाइट मांगें : बैंक या बीमा एजेंट से पूछें- वो शर्तें दिखाओ जो मेरे क्लेम को खारिज कर सकती हैं। ● डिजिटल रिकॉर्ड : किसी भी मौखिक वादे पर भरोसा न करें, शर्तों की कॉपी ईमेल पर या हार्ड कॉपी में जरूर मांगें। ● शर्तों को पढ़ें : कंपनियां चाहती हैं कि आप सिर्फ विज्ञापन देखें, शर्तें नहीं। लेकिन एक जागरूक नागरिक वह है जो 'साइन' करने से पहले उन कागजों को भी पढ़े जिन्हें कोई नहीं पढ़ता। ● कई बार बैंक 'बाद में भरने' की बात कहकर खाली फॉर्म पर साइन करा लेते हैं, यह सबसे बड़ा जोखिम है।

### फैक्ट फाइल

● एक औसत इंस्टाग्राम यूजर की 'टर्म ऑफ सर्विस' में करीब 5,000 से ज्यादा शब्द होते हैं। इसे ध्यान से पढ़ने में एक सामान्य पाठक को 20 से 25 मिनट लग सकते हैं। ● अगर हम वाट्सअप, फेसबुक और गूगल जैसी सिर्फ 5 मुख्य सेवाओं की शर्तों को जोड़ लें, तो यह एक 60-70 पन्नों की किताब बन जाएगी। ● कार्नेगी मेलन यूनिवर्सिटी के शोध के अनुसार, अगर हम साल भर की सभी डिजिटल शर्तों को पढ़ें, तो हमें 76 कार्य-दिवस यानी करीब ढाई महीने की छुट्टी लेनी पड़ेगी। कंपनियां इसी समय की कमी और शब्दों के जाल का फायदा उठाकर आपकी सहमति हासिल कर लेती हैं।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### ईरान ने जापानी को जमानत पर रिहा किया

**तोक्यो।** जापान सरकार के एक शीर्ष प्रवक्ता ने मंगलवार को बताया कि जनवरी में ईरान में हिरासत में लिए गए एक जापानी नागरिक को जमानत पर रिहा कर दिया गया है। मुख्य कैबिनेट सचिव मिनोरू किहारा ने तोक्यो में पत्रकारों को बताया कि इस नागरिक की रिहाई की पुष्टि सोमवार को हुई और जापान ईरानी प्राधिकारियों से पूर्ण रिहाई की मांग कर रहा है। उन्होंने बताया कि ईरान में जापान के राजदूत तमाकी सुकादा ने रिहा किए गए व्यक्ति से मुलाकात की।

### तस्करी के आरोप में दो भारतीय गिरफ्तार

**काठमांडू।** नेपाल के लुम्बिनी प्रांत में मंगलवार को मादक पदार्थ तस्करी के सिलसिले में गिरफ्तार किए गए तीन व्यक्तियों में दो भारतीय नागरिक शामिल हैं। पुलिस के अनुसार गिरफ्तारियां भारत की सीमा से सटे रूपन्देही जिले में की गईं। गिरफ्तार व्यक्तियों की पहचान उत्तर प्रदेश के महराजगंज निवासी अरुण कुमार और बिनय पांडे के रूप में की गई है। इसके अलावा, नेपाली नागरिक बिशाल यादव को भी गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से फेनरगन, डायजेपाम और ब्रूफेन जैसी दवाओं की 3,300 शीशियां बरामद की गईं।

### सऊदी को बहरीन से जोड़ने वाला पुल खुला

**दुबई।** सऊदी अरब को बहरीन द्वीप से जोड़ने वाला प्रमुख पुल किंग फहद कॉजवे ईरान से हमलों की आशंका के कारण कुछ घंटों तक बंद रहने के बाद मंगलवार सुबह फिर से खोल दिया गया। किंग फहद कॉजवे प्राधिकरण ने एक्स पर एक पोस्ट के जरिए इसकी जानकारी दी और कहा कि बहरीन और अरब प्रायद्वीप के बीच सड़क से जुड़ने वाला यह एकमात्र मार्ग अब फिर से चालू हो गया है। ईरानी हमलों के कारण बहरीन का हवाई अड्डा कई हफ्तों से बंद है। इस पुल को कुछ ही घंटे के लिए उस समय बंद किया गया जब ईरान की ओर से दागी गई एक बैलिस्टिक मिसाइल ने सऊदी अरब को निशाना बनाया और उससे वहां के ऊर्जा ढांचे को नुकसान पहुंचने की आशंका है। हालांकि, इस हमले से हुए नुकसान के बारे में सऊदी अरब ने अभी तक विस्तृत जानकारी नहीं दी है।

### इस्तांबुल में इजराइली दूतावास पर गोलीबारी

**इस्तांबुल।** तुर्किये के इस्तांबुल में मंगलवार को इज़राइली वाणिज्य दूतावास की इमारत पर बंदूकधारियों ने गोलीबारी की और इस दौरान हुई मुठभेड़ में दो हमलावर मारे गए तथा एक पुलिस अधिकारी घायल हो गया। प्रसारक हबर्तुर्क की खबर के अनुसार, हमलावरों के पास लंबी बैरल वाले हथियार थे। पुलिस के साथ हुई गोलीबारी में दो हमलावर मारे गए, तीसरे हमलावर को पकड़ लिया गया।

# मणिपुर में सीआरपीएफ शिविर पर भीड़ का हमला, गोलीबारी में दो लोगों की मौत

## संदिग्ध उग्रवादियों के हमले में दो बच्चों की मौत के बाद राज्य में भड़की हिंसा

इंफाल, एजेंसी

मणिपुर के गृह मंत्री गोविंदास कांथोजम ने मंगलवार को कहा कि बिष्णुपुर जिले में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) शिविर पर भीड़ द्वारा धावा बोले जाने के बाद गोलीबारी में दो लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। कोंथोजम ने बताया कि मोइरांग ट्रोंग्लाओबी इलाके में संदिग्ध उग्रवादियों द्वारा किए गए बम हमले में दो बच्चों की मौत के विरोध में बड़ी संख्या में युवाओं और महिलाओं ने प्रदर्शन किया।

उन्होंने बताया कि प्रदर्शनकारियों ने बम हमले वाली जगह से कुछ ही सौ मीटर दूर गेलमोल के पास स्थित सीआरपीएफ शिविर पर धावा बोल दिया, वहां वाहनों को जलाया और संपत्तियों में तोड़फोड़ की। मंत्री ने कहा कि मैंने प्रदर्शनकारियों से सीआरपीएफ शिविर में प्रवेश नहीं करने और सुरक्षा बलों को बम हमले में शामिल लोगों को पकड़ने के अभियान पर ध्यान केंद्रित करने देने का आग्रह किया था। लेकिन प्रदर्शनकारियों ने मेरी अपील पर ध्यान नहीं दिया। राज्य के गृह मंत्री ने कहा कि उन्होंने सीआरपीएफ शिविर पर धावा बोल दिया, वाहनों को जला दिया और शिविर के कुछ हिस्सों में तोड़फोड़ की, जिसके कारण सुरक्षाकर्मियों को गोलीबारी करनी पड़ी। उन्होंने या तो आत्मरक्षा में या गुस्से में गोली चलाई। दुर्भाग्य से, गोलीबारी में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि पांच अन्य गोली लगने से घायल हो गए। मुख्यमंत्री वाई. खेमचंद सिंह ने इस हमले को बर्बर कृत्य करार दिया और लोगों को आश्वासन दिया कि इस अपराध के लिए जिम्मेदार लोगों की पहचान करके उनके खिलाफ कानून के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधिकारी ने कहा कि जब घर में बम फटा, उस समय दोनों बच्चे और उनकी मां सो रहे थे। घटना के विरोध में स्थानीय निवासियों ने आज सुबह प्रदर्शन किया और इलाके में एक पेट्रोल पंप के पास दो तेल टैंकरों और एक ट्रक में आग लगा दी।



### बम हमले की जांच एनआईए को सौंपने का फैसला

**इंफाल।** मणिपुर के मुख्यमंत्री वाई खेमचंद सिंह ने मंगलवार को कहा कि राज्य सरकार ने बिष्णुपुर जिले में हुए बम हमले की जांच राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) को सौंपने का फैसला किया है। हमले में दो बच्चों मौत हो गई। सिंह ने इस घटना की कड़ी निंदा की और कहा कि यह कृत्य उन व्यक्तियों या समूहों का काम लगता है, जिनके निजी स्वार्थ राज्य में शांति भंग करने में हैं। उन्होंने बताया कि राज्य के गृह मंत्री और अन्य विधायकों के साथ विस्तृत चर्चा के बाद मामले को एनआईए को सौंपने का निर्णय लिया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि फिलहाल आरोपियों की पहचान नहीं हो पाई है। बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चल रहा है। पुलिस, असम राइफल्स और सीआरपीएफ को तैनात कर दिया गया है।

### चार जिलों में कर्फ्यू इंटरनेट प्रतिबंधित

**इंफाल।** मणिपुर सरकार ने हिंसा के मद्देनजर मंगलवार को इंफाल पूर्व, इंफाल पश्चिम, बिष्णुपुर और काकचिंग जिलों में अनिश्चितकालीन कर्फ्यू लगा दिया। इंफाल पश्चिम, इंफाल पूर्व, बिष्णुपुर और काकचिंग के जिलाधिकारियों ने अपने-अपने जिलों में कर्फ्यू लागू करने का आदेश जारी किया। आदेश में कहा गया है कि सात अप्रैल से अगले आदेश तक किसी भी व्यक्ति का अपने निवास स्थान से बाहर निकलना प्रतिबंधित है। राज्य सरकार ने इंफाल पश्चिम, इंफाल पूर्व, थौबल, काकचिंग और बिष्णुपुर के पांच घाटी जिलों में ब्रॉडबैंड, वीसैट और वीपीएन सहित इंटरनेट और मोबाइल डेटा सेवाओं को तीन दिनों के लिए निलंबित करने का भी आदेश दिया है।

## नेपाल ने छह देशों से अपने राजदूत वापस बुलाए

**काठमांडू।** नेपाल ने भारत समेत छह देशों से अपने राजदूत वापस बुला लिए हैं, जिन्हें केपी शर्मा ओली के नेतृत्व वाली पिछली सरकार के कार्यकाल में नियुक्त किया गया था। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लोक बहादुर छेत्री ने बताया कि सरकार ने एक मंत्रिमंडल फैसले के माध्यम से भारत, ऑस्ट्रेलिया, श्रीलंका, डेनमार्क, दक्षिण कोरिया और दक्षिण अफ्रीका में कार्यरत राजदूतों को वापस बुला लिया है।

छेत्री के मुताबिक, जिन राजदूतों को वापस बुलाया गया है, उनमें शंकर प्रसाद शर्मा (भारत), चित्रलेखा यादव (ऑस्ट्रेलिया), सुमनिमा तुलाधर (डेनमार्क), पूर्ण बहादुर नेपाली (श्रीलंका), शिवमाया तुम्बाहम्फे (दक्षिण कोरिया) और कपिलमान श्रेष्ठ (दक्षिण अफ्रीका) शामिल हैं। उन्होंने बताया कि छह देशों में तैनात राजदूतों को सोमवार को पत्र जारी कर एक महीने के भीतर लौटने का निर्देश दिया गया है।

# ईरान युद्ध ने नाटो को लेकर मुझ पर गहरा असर छोड़ा है जिसे कभी नहीं भूलूंगा : ट्रंप

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि ईरान युद्ध के दौरान इस सैन्य गठबंधन और दक्षिण कोरिया, जापान व ऑस्ट्रेलिया जैसे मित्र देशों ने अमेरिका की मदद नहीं की। व्हाइट हाउस में सोमवार को संवाददाता सम्मेलन के दौरान ट्रंप ने यह टिप्पणी की।

उन्होंने यह टिप्पणी ऐसे समय में की है जब नाटो के महासचिव मार्क रूट जल्द ही वाशिंगटन दौरे पर आने वाले हैं। ट्रंप पहले भी नाटो को कागजी शेर बता चुके हैं। ट्रंप ने कहा कि ईरान युद्ध ने नाटो को लेकर ऐसा प्रभाव छोड़ा है, जो मेरे दिमाग से कभी नहीं जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि नाटो के साथ मतभेद तब शुरू हुए, जब ग्रीनलैंड को अपने नियंत्रण में लेने के उनके प्रस्ताव को ठुकरा दिया गया। ट्रंप ने कहा, नाटो एक कागजी शेर है, जिससे व्लादिमीर पुतिन भी नहीं डरते। ईरान युद्ध पर ट्रंप ने कहा कि नाटो सदस्य देशों ने जानबूझकर मदद नहीं की। उन्होंने कहा, देखिए, हम नाटो के पास गए। मैंने बहुत जोर नहीं दिया, बस इतना कहा- अगर आप मदद करना चाहें तो अच्छा होगा। ट्रंप के मुताबिक, उन्हें जवाब मिला, नहीं।



**• अमेरिकी राष्ट्रपति ने ईरान से जंग में फिर नाटो पर की टिप्पणी**

## बांग्लादेश की पहली महिला संसद अध्यक्ष गिरफ्तार

**ढाका।** बांग्लादेश की पूर्व अध्यक्ष शिरीन शरमीन चौधरी को मंगलवार को ढाका मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। समाचार पत्र प्रथम आलो की खबर के अनुसार, चौधरी को ढाका मेट्रोपॉलिटन पुलिस की खुफिया शाखा ने लालबाग थाने में दर्ज एक मामले के सिलसिले में गिरफ्तार किया। यह मामला जनआंदोलन के दौरान हुई हिंसा और तोड़फोड़ की घटनाओं से जुड़ा है। एक सूत्र ने बताया कि चौधरी विभिन्न स्थानों पर छिप कर रह रही थीं। अभी वह धनमंडी में एक रिश्तेदार के घर में रह रही थीं, जहां से उन्हें मंगलवार सुबह हिरासत में लिया गया। ढाका मेट्रोपॉलिटन पुलिस के मीडिया प्रभाग के उपायुक्त एम एन नसीरुद्दीन ने बताया कि चौधरी से पूछताछ की जा रही है।

## अमेरिका जाएंगे विदेश सचिव विक्रम मिसरी

**नई दिल्ली।** विदेश सचिव विक्रम मिसरी बुधवार से वाशिंगटन डीसी की तीन दिवसीय यात्रा पर जाएंगे, जहां वह द्विपक्षीय व्यापार और रक्षा संबंधों की समीक्षा करेंगे तथा पश्चिम एशिया में बढ़ते संकट पर चर्चा करेंगे। मिसरी की आठ से 10 अप्रैल तक की यात्रा भारत-अमेरिका द्विपक्षीय सहयोग के व्यापक पहलुओं की समीक्षा करने और प्रमुख क्षेत्रों में जारी सहयोग को आगे बढ़ाने का अवसर प्रदान करेगी। यात्रा ऐसे समय हो रही है जब दोनों पक्ष अनिश्चितता और तनाव के दौर के बाद संबंधों को स्थिर करने के लिए काम कर रहे हैं। अमेरिका द्वारा भारत पर दंडात्मक शुल्क लगाए जाने और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा पिछले साल मई में भारत-पाकिस्तान सैन्य झड़पों को कम करने में अपनी भूमिका को लेकर विवादास्पद दावे किए जाने के बाद द्विपक्षीय संबंधों में बड़ी गिरावट आई थी।

# जम्मू-कश्मीर में लश्कर के अंतर्राज्यीय आतंकी माड्यूल का खुलासा, 5 गिरफ्तार

श्रीनगर, एजेंसी

जम्मू-कश्मीर पुलिस ने लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के एक अंतर्राज्यीय आतंकवादी मॉड्यूल का भंडाफोड़ करते हुए पिछले 16 साल से फरार अब्दुल्ला उर्फ अबू हुरैरा समेत पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि अब्दुल्ला के अलावा एक अन्य पाकिस्तानी आतंकी उस्मान उर्फ खुबैब को भी अभियान में गिरफ्तार किया गया।

यह कार्रवाई जम्मू और कश्मीर पुलिस द्वारा फरीदाबाद के अल फलाह विश्वविद्यालय में स्थित एक सफेदपोश आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ करने के छह महीने बाद हुई है, जिसके तार कश्मीर, हरियाणा और उत्तर प्रदेश से जुड़े हुए थे। अधिकारियों ने बताया कि गत कुछ दिनों में, जांचकर्ताओं ने जम्मू और कश्मीर, राजस्थान और हरियाणा सहित 19 स्थानों पर छापेमारी की और चार एके असॉल्ट राइफलों सहित बड़ी मात्रा में हथियार और आपत्तिजनक सामग्री बरामद की। केंद्रीय एजेंसियों के साथ समन्वय कर की गई जांच के दौरान लश्कर-ए-तैयबा के आतंकवादियों को साजो-सामान और वित्तीय सहायता करने वाले एक विशाल नेटवर्क का पर्दाफाश हुआ। अधिकारियों ने बताया कि पकड़े गए पांच लोगों में से तीन श्रीनगर के रहने वाले हैं। मोहम्मद नकीब भट, आदिल राशिद भट और गुलाम मोहम्मद मीर उर्फ मामा को आतंकवादियों को आश्रय और भोजन सहित सामरिक सहायता प्रदान करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि जम्मू और कश्मीर के पुलिस महानिदेशक नलिन प्रभात व्यक्तिगत रूप से इस कार्रवाई की निगरानी कर रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि हिरासत में लिए गए दो पाकिस्तानी आतंकवादियों को ए प्लस श्रेणी में रखा गया है। दोनों जम्मू-कश्मीर के साथ-साथ अन्य राज्यों में जाली दस्तावेजों और पहचान के आधार पर लश्कर-ए-तैयबा के नेटवर्क का विस्तार करने का काम कर रहे थे। अधिकारियों ने बताया कि दोनों आतंकवादियों ने करीब 16 साल पहले भारत में घुसपैठ की थी

**• हिरासत में लिए गए आतंकियों में ए प्लस श्रेणी के दो पाकिस्तानी आतंकवादी भी शामिल**



सुरक्षाबलों द्वारा गिरफ्तार लश्कर का आतंकवादी उस्मान उर्फ खुबैब।

## श्रीलंका से रिहा हुए 30 भारतीय मछुआरे लौटे

**कोलंबो।** श्रीलंका से रिहा किए गए 30 भारतीय मछुआरों को भारत वापस भेज दिया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। कोलंबो स्थित भारतीय उच्चायोग ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि भारत के 30 मछुआरों को आज श्रीलंका से वापस भेजा गया। उन्होंने बताया कि ये मछुआरे स्वदेश लौट रहे हैं। श्रीलंका की नौसेना के अनुसार, उसने इस साल अब तक मछली पकड़ने वाली 15 नौकाएं जब्त की और 102 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया है।

उसने कहा कि 2025 में श्रीलंका के जल क्षेत्र में 346 मछुआरों को गिरफ्तार किया गया था। नौसेना के प्रवक्ता कमांडर बुद्धिका संपत ने बताया कि वह नहीं बता सकते कि रिहा किए गए 30 मछुआरे किस समूह से थे। उन्होंने कहा यह पूरी तरह से अदालती प्रक्रिया पर निर्भर करता है।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** आज आपको सकारात्मक बने रहना चाहिए। सभी काम बनते हुए प्रतीत होंगे। अपरिचित लोगों से अधिक तालमेल न रखें।

**तुला** आज दोपहर के बाद आपको कोई शुभ सूचना मिल सकती है। इससे आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। किसी कार्य को औपचारिकता में न करें।

**वृष** आज पुराने विवाद दोबारा उठ खड़े हो सकते हैं। अच्छी सलाह भी लोगों को समझ नहीं आएगी। बिना मांगे किसी को सलाह न दें।

**वृश्चिक** आज कार्यक्षेत्र में विरोधी कमजोर पड़ते दिखाई देंगे। नए कार्यों की ओर प्रवृत्त हो सकते हैं। अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभाएंगे।

**मिथुन** आज कार्यक्षेत्र में विशेषज्ञ लोगों से मार्गदर्शन प्राप्त होगा। प्रेम संबंध अत्यंत मधुर रहने वाले हैं। आपके सामाजिक संपर्क मधुर होंगे।

**धनु** आज आर्थिक मामलों को लेकर भाग्यशाली रहेंगे। नए व्यापारिक अनुबंध कर सकते हैं। प्रेम संबंधों को विवाह का स्वरूप दे सकते हैं।

**कर्क** आज आपका दिन अत्यधिक व्यस्त रहेगा। पैतृक संपत्ति के मामलों के उलझ सकते हैं। गुप्त शत्रु आपके विरुद्ध दुष्प्रचार कर सकते हैं।

**मकर** आज कार्य की अधिकता रहेगी। एक ही काम को बार-बार करना पड़ सकता है। पेट में जलन जैसी समस्या हो सकती है।

**सिंह** आज आप अपने घर में रहना पसंद करेंगे। प्रेमीजन को मूल्यवान उपहार दे सकते हैं। इससे आपके संबंध मधुर होंगे।


**कुंभ** आज का दिन आर्थिक मामलों के लिए दिन बहुत अच्छा है। मनोनुकूल काम मिलने से काफी अच्छा महसूस करेंगे। खर्चों में कमी आएगी।

**कन्या** आज आप जिस काम को आसान मान रहे थे, वो आपको काफी परेशान करेगा। रिश्तेदारों के कारण कुछ तनाव हो सकता है।

**मीन** आज आपको कहीं बाहर जाना पड़ सकता है। लोगों से आपकी दोस्ती बढ़ सकती है। राजनीति में आप विशेष रुचि ले सकते हैं।

### आज का पंचांग

-आचार्य मधुरेंद्र पांडेय




**आज की ग्रह स्थिति :** 8 अप्रैल, बुधवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- वैशाख, पक्ष-कृष्ण पक्ष, षष्ठी 19 .01 तक तत्पश्चात सप्तमी।

**दिशाशूल**-उत्तर, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुंभ।
**ताराबल**-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**- ज्येष्ठा 05 .54 तक तत्पश्चात मूल।

### सुडोकू - 112 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | 8 | 1 | 2 | 5 | 6 | 3 | 9 |
| 3 | 1 | 2 | 7 | 6 | 9 | 8 | 5 | 4 |
| 9 | 6 | 5 | 4 | 8 | 3 | 1 | 7 | 2 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 2 | 6 | 5 |
| 5 | 2 | 1 | 8 | 7 | 6 | 4 | 9 | 3 |
| 6 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 7 | 1 | 8 |
| 1 | 5 | 4 | 6 | 9 | 2 | 3 | 8 | 7 |
| 7 | 3 | 6 | 5 | 4 | 8 | 9 | 2 | 1 |
| 2 | 8 | 9 | 3 | 1 | 7 | 5 | 4 | 6 |

### सुडोकू -113

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 5 | 1 | | 4 | | |
| | | 7 | | | 2 | | | 1 |
| | | | | 4 | 9 | | | |
| | 6 | | | | | 8 | | |
| 5 | | 2 | | | | | | 7 |
| | | 8 | 4 | 7 | | | 6 | |
| 9 | | | | 5 | | | | |
| | | | 9 | | 7 | 5 | | |
| | | 3 | | 6 | 4 | | | |

## खालसा दिवस पर 1763 श्रद्धालु जाएंगे पाकिस्तान

**अमृतसर।** खालसा स्थापना दिवस (बैसाखी) के अवसर पर पाकिस्तान स्थित गुरुद्वारों के दर्शन के लिए शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) द्वारा भेजे जाने वाले जत्थे के लिए 1763 श्रद्धालुओं को वीजा प्राप्त हुआ है। यह जत्था 10 अप्रैल को शिरोमणि कमेटी के कार्यालय से रवाना होगा। शिरोमणि कमेटी के सचिव बलविंदर सिंह काहलवां ने मंगलवार को बताया कि शिरोमणि कमेटी द्वारा 1795 श्रद्धालुओं के पासपोर्ट दिल्ली स्थित पाकिस्तान दूतावास भेजे गए थे। इनमें से दूतावास ने 1763 श्रद्धालुओं को वीजा जारी किया है। सिंह ने बताया कि यह जत्था 10 अप्रैल को शिरोमणि कमेटी कार्यालय से जयकारों की गूंज के साथ रवाना होगा। श्रद्धालु पाकिस्तान स्थित गुरुद्वारा श्री पंजा साहिब, हसन अब्दाल में खालसा साजना दिवस (बैसाखी) के मुख्य समारोह में शामिल होंगे। जत्था 19 अप्रैल को स्वदेश वापस लौटेगा।

**गंभीर हालात** संयुक्त राष्ट्र और अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी को पत्र लिखकर तत्काल कार्रवाई की मांग

# परमाणु केंद्रों पर हमले पर ईरान ने जताया सख्त एतराज

तेहरान, एजेंसी

ईरान ने अपने सुरक्षित परमाणु केंद्रों पर हुए सिलसिलेवार सशस्त्र हमलों की कड़ी निंदा करते हुए सीधे तौर पर अमेरिका और इजराइल को जिम्मेदार ठहराया है और संयुक्त राष्ट्र संघ तथा अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) से तत्काल कार्रवाई करने की मांग की है।

ईरान के विदेश मंत्री डॉ. अब्बास अराघची ने संयुक्त राष्ट्र महासचिव, सुरक्षा परिषद के सदस्यों और आईएईए के महानिदेशक को लिखे एक पत्र में मुख्य परमाणु स्थलों पर हुए हमलों को गंभीर तनाव पैदा करने वाला बताया है, जो क्षेत्रीय सुरक्षा और अंतर्राष्ट्रीय कानून दोनों के लिए खतरा है। पत्र में अंतर्राष्ट्रीय निकायों पर निष्क्रियता का आरोप लगाते हुए संभावित रेडियोधर्मी खतरों की भी चेतावनी दी गई है। इसके साथ ही आईएईए सुरक्षा मानकों के तहत ईरान के शांतिपूर्ण परमाणु कार्यक्रम की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया गया है। तीन अप्रैल की तारीख वाले इस पत्र में पिछले नौ महीनों के दौरान ईरान के परमाणु बुनियादी ढांचे पर हुए कथित हमलों का विवरण दिया गया है। इसमें नतांज केंद्र, खोंदाब-अराकल स्थित हैवी वॉटर उत्पादन संयंत्र और बुशहर परमाणु ऊर्जा संयंत्र पर हुए हमले शामिल हैं। अराघची ने चेतावनी दी कि इस तरह के हमलों के गंभीर मानवीय और पर्यावरणीय परिणाम हो सकते हैं।



### संयुक्त राष्ट्र और आईएईए की चुप्पी से बढ़ा मनोबल

अराघची ने कहा कि ईरान के शांतिपूर्ण परमाणु केंद्रों पर हमले और बमबारी की गई है। बड़े अफसोस के साथ कहना पड़ रहा है कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद, आईएईए के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स और महानिदेशक इन हमलों की निंदा करने तक में विफल रहे हैं। पत्र में बुशहर परमाणु ऊर्जा संयंत्र के पास किए गए हमलों और यूरेनियम प्रसंस्करण स्थलों पर हमलों का जिक्र है। मंत्री ने हमलों की भारी वृद्धि पर चिंता जताते हुए इन्हें अंतर्राष्ट्रीय मानवीय कानून का घोर उल्लंघन बताया है। अराघची ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद और आईएईए पर हमलों की निंदा न करने का आरोप लगाते हुए तर्क दिया कि उनकी चुप्पी ने हमलावरों का मनोबल बढ़ाया है।



“ ’हमने दो मैच जीत लिए हैं इसलिए उनकी कमी अभी महसूस नहीं हुई है। वह दुनिया के बेहतरीन गेंदबाजों में से एक हैं। आईपीएल में स्टार्क से बड़ा कोई गेंदबाज नहीं है। मुझे सिर्फ बुमराह का ही नाम याद आता है।’’

–मुनाफ पटेल, पूर्व तेज गेंदबाज

# स्टेडियम



## IPL 2026

### आज का मुकाबला

दिल्ली कैपिटल्स

बनाम

गुजरात टाइटन्स

समय - शाम 7:30 बजे

### औरेंज कैप



- समीर रिजवी — दिल्ली 160 रन
- हेनरिक क्लासेन — हैदराबाद 145 रन
- रोहित शर्मा — मुंबई 113 रन

### पर्पल कैप



- रवि बिश्नोई — राजस्थान 5 विकेट
- विजय कुमार — पंजाब 5 विकेट
- जैकब डफी — आरसीबी 5 विकेट

## शराब पीकर गाड़ी चलाने में डेविड वॉर्नर गिरफ्तार

**सिडनी, एजेंसी**



आस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर को मंगलवार को शराब पीकर गाड़ी चलाने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया। बताया गया कि मारूबा में श्वास की औचक जांच के बाद उनके शरीर में अल्कोहल की मात्रा तय सीमा से अधिक पाई गई।

वॉर्नर अगले महीने कोर्ट के समक्ष पेश होंगे। पाकिस्तान क्रिकेट लीग में कराची किंग्स के साथ करार करने वाले वॉर्नर को स्थानीय थाने ले जाया गया जहां फिर उनके शरीर में अल्कोहल की मात्रा तय सीमा से दुगुनी पाई गई। बाद में उन्हें छोड़ दिया गया। कानूनी कार्रवाई का असर वॉर्नर के पीएसएल में खेलने पर नहीं पड़ेगा। उनकी टीम का अगला मैच नौ अप्रैल को है और वह सात दिन के ब्रेक में निजी दौरे पर यहां आये हैं।

## हमें खेल के सभी विभागों में श्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगाः क्लासेन

**नई दिल्ली, एजेंसी**



दक्षिण अफ्रीका के आक्रामक बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन ने उम्मीद जताई कि सनराइजर्स हैदराबाद अईपीएल के वर्तमान सत्र में अच्छी शुरुआत नहीं करने के बावजूद आगे अच्छा प्रदर्शन करने में सफल रहेगा। सनराइजर्स को अपने पहले मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से छह विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। लेकिन इसके बाद उसने कोलकाता नाइट राइडर्स को 65 रन से हराया।

पिछले मैच में हालांकि उसे लखनऊ सुपर जायंट्स ने पांच विकेट से करारी शिकस्त दी। क्लासेन ने जिओ हॉटस्टार से कहा, ''हमारी बल्लेबाजी अब तक ठीकठाक रही है, लेकिन हमने तीन मैचों में लगभग 40 रन कम बनाए। हमें बल्लेबाजी में और सुधार करने की जरूरत है। जिन दो मैचों में हमें संघर्ष करना पड़ा, उनमें हमने बल्ले से अच्छा प्रदर्शन नहीं किया। हमारे गेंदबाजों विशेषकर तेज गेंदबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया है। हमें 220-230 रन बनाने होंगे ताकि हमारे गेंदबाजों को लक्ष्य का बचाव करने का मौका मिल सके।'' उन्होंने कहा, ''हमारी फील्डिंग अच्छी नहीं रही है और इससे हमारा प्रदर्शन प्रभावित हुआ है। मैं अभी तक हमें 10 में से छह अंक दूंगा। हमने कुछ चरणों में शानदार क्रिकेट खेली लेकिन खेल के महत्वपूर्ण मौकों पर चूक गए।'' क्लासेन ने कहा, ''हमारे गेंदबाजों ने रणनीति के अनुसार गेंदबाजी की है लेकिन हमारी फील्डिंग में सुधार की जरूरत है। हमें कैच लेने होंगे। हमें खेल के तीनों विभाग में सुधार करके अपनी लय बनानी होगी।'' क्लासेन ने पिछले साल अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास ले लिया था और अब केवल फ्रेंचाइजी लीग में ही खेल रहे हैं। उन्होंने पिछले दो मैचों में अर्धशतक बनाए और वह अपनी फॉर्म से खुश हैं। उन्होंने कहा, ''दुर्भाग्यवश हम दो मैच हार गए, लेकिन व्यक्तिगत तौर पर मेरे लिए यह अच्छी शुरुआत रही है। यह इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि मैं इन दिनों ज्यादा क्रिकेट नहीं खेल रहा हूं। मैं अपनी इस फॉर्म को बरकरार रखना चाहूंगा।'' वह बल्लेबाजी क्रम में चौथे नंबर पर अपनी भूमिका और जिम्मेदारियों का भी आनंद ले रहे हैं। उन्होंने कहा, ''यह (नंबर चार पर बल्लेबाजी करना) की भूमिका मैंने अपने पूरे करियर में निभाई है। इसमें आपको परिस्थितियों के अनुसार ढलना पड़ता है। टीम में मेरी भूमिका यह है कि अगर (ईशान) किशन, अभिषेक (शर्मा) और ट्रैविस हेड अच्छा प्रदर्शन कर रहे हो तब भी मैं अपना स्वाभाविक खेल खेलता रहूं। प्रत्येक मैच में अलग परिस्थितियां होंगी और मुझे बस उनके अनुसार ढलना होगा।'' सनराइजर्स अपना अगला मैच शनिवार को पंजाब किंग्स के खिलाफ न्यू चंडीगढ़ में खेलेगा। क्लासेन ने स्वीकार किया कि सनराइजर्स को पैट कमिंस की कमी खल रही है, जो अपनी पीठ की चोट का स्कैन कराने के लिए स्वदेश लौट गए हैं। उन्होंने कहा ''पैट की कमी बहुत खल रही है। उनके पास बहुत अनुभव है लेकिन ईशान कप्तानी की भूमिका अच्छी तरह से निभा रहे हैं। मुझे नहीं लगता कि यह कोई चिंता का विषय है। हमारी टीम अच्छी स्थिति में है।

## राजस्थान ने मुंबई को दिया 151 रन का लक्ष्य

### आईपीएल 2026: 11 ओवर के मैच में जायसवाल और सूर्यवंशी ने राजस्थान रॉयल्स को दी तूफानी शुरुआत

**गुवाहाटी, एजेंसी**




सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल के धमाकेदार अर्धशतक से राजस्थान रॉयल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग के वर्षा से प्रभावित 11 ओवर के मैच में मंगलवार को यहां मुंबई इंडियन्स के खिलाफ तीन विकेट पर 150 रन बनाए। जायसवाल ने 32 गेंद में चार छक्कों और 10 चौकों से नाबाद 77 रन की पारी खेलने के अलावा वैभव सूर्यवंशी (39 रन, 14 गेंद, पांच छक्के, एक चौके) के साथ पांच ओवर में 80 रन जोड़कर रॉयल्स को तूफानी शुरुआत दिलाई।

मुंबई की ओर से स्पिनर अल्लाह गजनफर सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 21 रन देकर दो विकेट चटकाए। शारदुल ठाकुर ने भी 36 रन देकर एक विकेट चटकाए। इससे पहले बारिश के कारण मुकाबला दो घंटे और 40 मिनट के विलंब से शुरू किया जिसके कारण इसे 11 ओवर का कर दिया गया। मुंबई इंडियन्स के कप्तान हार्दिक पंड्या ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया जिसके बाद जायसवाल और सूर्यवंशी ने रॉयल्स को तूफानी शुरुआत दिलाते हुए 3.2 ओवर के पावर प्ले में बिना विकेट खोए 59 रन जोड़े। जायसवाल ने दीपक चाहर के पहले ही ओवर में चार चौकों और एक छक्के से 22 रन जोड़े जबकि सूर्यवंशी ने अगले ओवर में जसप्रीत बुमराह पर दो छक्के मारे। जायसवाल ने तीसरे ओवर में ट्रेंट बोल्ट पर तीन छक्कों से 22 रन जुटाकर टीम के रनों का अर्धशतक पूरा किया। सूर्यवंशी ने पांचवें ओवर में शारदुल ठाकुर पर दो छक्के और एक चौका मारा लेकिन अंतिम गेंद पर डीप कवर बाउंड्री पर तिलक वर्मा को कैच दे बैठे। गजनफर ने ध्रुव जुरेल (02) को पगबाधा करके रॉयल्स को दूसरा झटका दिया। जासवाल ने पंड्या पर चौके के साथ 23 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। कप्तान रियान पराग (20) ने पंड्या और गजनफर पर छक्के मारे लेकिन फिर इस स्पिनर की गेंद पर तिलक के हाथों लपके गए। जायसवाल ने पारी के अंतिम ओवर में शारदुल पर तीन चौकों के साथ टीम का स्कोर 150 रन तक पहुंचाया।

## दिल्ली कैपिटल्स की नजर जीत की हैट्रिक पर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

आईपीएल 2026 के बुधवार के मुक़ाबले में दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) का सामना गुजरात टाइटंस (जीटी) से दिल्ली में होगा। जहां डीसी को अपने शुरुआती दो मैचों में जीत मिली है, वहीं जीटी को अभी भी अपनी पहली जीत का इंतज़ार है। दोनों टीमों के बीच अब तक हुए सात मैचों में जीटी 4-3 से आगे है। पिछले आईपीएल के दो मैचों में जीटी को दोनों में जीत मिली है, वहीं दिल्ली में भी दोनों टीमों के बीच खेले गए तीन मैचों में जीटी 2-1 से आगे है।

केएल राहुल के लिए आईपीएल 2026 की शुरुआत कुछ ख़ास नहीं रही है और दो मैचों में उनका स्कोर 0 और 1 का है। राहुल का यह ख़राब फ़ॉर्म जीटी के ख़िलाफ़ मैच में भी जारी रह सकता है। क्योंकि जीटी के तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा और कगिसो रबाडा उन्हें परेशान करते हैं। प्रसिद्ध अपने राज्य के साथी को सात पारियों में तीन जबकि रबाडा भी उन्हें 12 पारियों में तीन बार आउट कर चुके हैं।

राशिद ख़ान ने भी राहुल को तीन बार आउट किया है, जिसका मतलब है कि अगर राहुल टिक भी जाते हैं तो भी पावरप्ले के बाद उन्हें परेशान करने वाला कोई है। एनगिडी कर सकते हैं जीटी के शीर्ष क्रम को परेशान भारत में हुए टी20 विश्व कप से ही लुंगी एनगिडी शानदार फ़ॉर्म में हैं और अपनी स्लोअर गेंदों से बल्लेबाज़ों को परेशान करने की कला को उन्होंने आईपीएल 2026 में भी जारी रखा है। एनगिडी जीटी के ख़िलाफ़ भी अपनी स्लोअर गेंदों का जादू दिखा सकते हैं। जीटी के कप्तान और सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल को उन्होंने चार पारियों में दो बार आउट किया है, जबकि गिल उन पर सिर्फ़ 88 के स्ट्राइक रेट से सात रन ही बना पाए हैं।



### टीमें


- **दिल्ली कैपिटल्स:** अक्षर पटेल (कप्तान), केएल राहुल, करुण नायर, डेविड मिलर, पथुम निसांका, साहिल पारख, पृथ्वी शॉ, अभिषेक पोरेल, ट्रिस्टन स्टब्स, समीर रिजवी, आशुतोष शर्मा, विप्रज निगम, अजय मंडल, त्रिपुराना विजय, माधव तिवारी, औकिब डार, नीतीश राणा, मिशेल स्टार्क, टी. नटराजन, मुकेश कुमार, दुष्मंथा चमीरा, लुंगिसानी एनगिडी, काइल जैमीसन, कुलदीप यादव।
- **गुजरात टाइटंस:** शुभमन गिल (कप्तान), साई सुदर्शन, जोस बटलर (विकेटकीपर), ग्लेन फिलिप्स, वाशिंगटन सुंदर, शाहरुख खान, राहुल तेवतिया, राशिद खान, कगिसो रबाडा, अशोक शर्मा, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, जेसन होल्डर, जयंत यादव, मानव सुथार, कुमार कुशाग्र, रविश्रीनिवासन साई किशोर, इशांत शर्मा, ल्यूक वुड, टॉम बैंटन, कुलवंत खेजरोलिया, अनुज रावत, अरशद खान, गुरनूर बराड़, निशांत सिंधु।

### हाईलाइट

#### रवि शास्त्री स्टैंड का अनावरण गुरुवार को

**मुंबई।** मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) गुरुवार (9 अप्रैल) को वानखेड़े स्टेडियम में रवि शास्त्री स्टैंड का अनावरण करेगा और स्टेडियम के गेट दिलीप सरदेसाई, एकनाथ सोलकर और डायना एडुल्जी को समर्पित करेगा। इस मौके पर मुंबई और भारत की चार सबसे प्रतिष्ठित क्रिकेट हस्तियों को सम्मानित किया जाएगा। इस अनावरण समारोह में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस बढ़ाएंगे। एमसीए के अध्यक्ष अजिंक्य नाइक भी इस अवसर पर उपस्थित रहेंगे।

#### फिट हुए शुभमन गिल



**नई दिल्ली।** गुजरात टाइटन्स के कप्तान शुभमन गिल मांसपेशियों में जकड़न से उबर गए हैं और बुधवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैदान पर उतरेंगे। पिछले मैच से बाहर रहे गिल के सलामी जोड़ीदार साई सुदर्शन ने इस बात की पुष्टि की कि वह खेलने के लिए पूरी तरह फिट हैं।

## आईपीएल का सपना पूरा करने को छोड़ दी थी कांस्टेबल की परीक्षा

### नजफगढ़ का 'राजकुमार' यानी प्रिंस यादव



**नई दिल्ली, एजेंसी**

कुछ साल पहले तक नजफगढ़ में रहने वाले रेलवे सुरक्षा बल के सहायक सब इंस्पेक्टर (एएसआई) राम निवास यादव अपने सबसे छोटे बेटे प्रिंस के भविष्य को लेकर बेहद चिंतित थे, जिसकी दिलचस्पी केवल टेनिस बॉल टूर्नामेंट में यॉर्कर गेंदबाजी करने में थी। लेकिन इस युवा क्रिकेटर को खुद पर भरोसा था और उसने अपने पिता से सीधे शब्दों में कह दिया, ''आप मेरी चिंता करना छोड़ दो। मैं अपने से कुछ कर लूंगा।'' अब बात करते हैं 2026 की।

वह बेपरवाह दिखने वाला लड़का अपने वादे पर खरा उतर चुका है। लखनऊ सुपर जायंट्स के इस स्विंग गेंदबाज का नाम है प्रिंस यादव, जो इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अक्षर पटेल और ईशान किशन जैसे अनुभवी भारतीय बल्लेबाजों के डिफेंस को भेदने में सफल रहा। प्रिंस के पिता रामनिवास ने कहा, ''कोई भी पिता अपने बच्चों के भविष्य को लेकर चिंतित होगा और मैं भी था। 18 साल की उम्र तक उसने चमड़े की गेंद से एक बार भी गेंदबाजी नहीं की थी। मैंने उसे दिल्ली पुलिस के कांस्टेबल की परीक्षा में बैठने के लिए मजबूर किया। वह शारीरिक रूप से फिट था, लेकिन लिखित परीक्षा के लिए अच्छी तरह से तैयार नहीं था क्योंकि उसका ध्यान कहीं और था।'' रामनिवास ने आखिर अपने बेटे की जिद मान ली क्योंकि उनके पास अपने बेटे का साथ देने के अलावा कोई और विकल्प नहीं था। उन्होंने कहा, ''बेटे की ज़िद है और हमें पूरा करना था। एक एएसआई के वेतन में कितना ही गुज़ारा हो पाता है।

#### प्रिंस के पहले और अब तक के एकमात्र कोच अमित वशिष्ठ

- राम निवास के अनुसार प्रिंस के पहले और अब तक के एकमात्र कोच अमित वशिष्ठ और भारत के अंडर-19 विश्व कप विजेता तेज गेंदबाज प्रदीप सांगवान ने उनके खेल में निखार लाने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने कहा, “मैं अमित सर का जितना भी शुक्रिया अदा करूं, कम है। उन्होंने प्रिंस को टेनिस टूर्नामेंट खेलते हुए देखा और उसे नजफगढ़ स्थित अपनी अकादमी से जुड़ने के लिए कहा। प्रदीप जी (सांगवान) भी अमित सर के शिष्य थे और उन्होंने प्रिंस को फिटनेस में मदद की।’’ एक समय ऐसा भी था जब प्रिंस अपनी पीठ पर रेत की बोरी बांधकर धान के खेतों में दौड़ते थे ताकि उनके शरीर का ऊपरी हिस्सा मजबूत बन जाए। रामनिवास ने कहा, ‘ ’प्रदीप ने उसका बहुत मार्गदर्शन किया और अमित सर ने उसके खेल में सुधार किया। मैं डीपीएल (दिल्ली प्रीमियर लीग) और नयी दिल्ली टीम को कैसे भूल सकता हूं। अगर डीपीएल नहीं होता, तो मुझे नहीं लगता कि मेरे बेटे की प्रगति इतनी तेज़ होती। इसलिए मैं डीडीसीए और विजय दहिया सर का भी आभारी हूं।

## ललित को रजत और सुनील को मिला कांस्य पदक

**बिश्केक (किर्गिस्तान), एजेंसी**

**एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप**

ललित ने मंगलवार को यहाँ 2026 सीनियर एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में भारत का पहला पदक जीता। उन्होंने 55 किलोग्राम ग्रीको-रोमन वर्ग में रजत पदक हासिल किया, जबकि नितेश 97 किलोग्राम ग्रीको-रोमन वर्ग के फाइनल में पहुँच गए। पूर्व चैंपियन सुनील कुमार ने अपने पदकों की सूची में एक और कांस्य पदक जोड़कर भारतीय दल के लिए इस दिन को बेहद सफल बना दिया।

ललित, जिन्होंने सेमीफाइनल में चीन के हुओयिंग शी को हराया था, फाइनल में उज्बेकिस्तान के इख्तियार बोतिरोव के खिलाफ कड़ा मुकाबला किया, लेकिन 0-9 से हारने से खुद को नहीं बचा सके। 87 किलोग्राम वर्ग के कांस्य पदक मुकाबले में, सुनील कुमार ने पहले राउंड में चार अंक गंवाने के बाद शानदार वापसी की और उज्बेकिस्तान के मुखम्मदकोदिर रसुलव को 5-4 से हराकर एशियाई चैंपियनशिप में अपना लगातार दूसरा कांस्य पदक जीता। इससे पहले, नितेश ने 97 किलोग्राम ग्रीको-रोमन वर्ग के फाइनल में जगह बनाकर यह सुनिश्चित कर लिया कि वे 2025 की एशियाई चैंपियनशिप में अपने प्रदर्शन में सुधार करेंगे। 23 वर्षीय नितेश, जिन्होंने पिछले साल कांस्य पदक जीता था।

## तमीम इकबाल बीसीबी के नए अध्यक्ष

**ढाका, एजेंसी**



तमीम इक़बाल

बांग्लादेश सरकार ने मंगलवार को अमीनुल इस्लाम की अगुआई वाले बीसीबी बोर्ड ऑफ़ डायरेक्टर्स को भंग करने के बाद तमीम इक़बाल को नया बीसीबी (बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड) अध्यक्ष नियुक्त किया है। यह फैसला उस पांच सदस्यीय जांच समिति की सिफारिशों के बाद लिया गया, जिसने पिछले साल अक्टूबर में हुए बीसीबी चुनाव से जुड़े विभिन्न आरोपों की जांच की थी।

37 साल के पूर्व बांग्लादेश कप्तान तमीम अब 11 सदस्यीय एड हॉक कमेटी की अगुआई करेंगे। इस कमेटी में पूर्व बांग्लादेश कप्तान मिन्हाजुल आबेदीन और पूर्व क्रिकेटर एवं टीवी कमेंटेटर अतहर अली ख़ान भी शामिल हैं। कमेटी के अन्य सदस्य राशना इमाम, मिर्ज़ा येसिर अब्बास, सैयद इब्राहिम अहमद, इसराफिल ख़सरू, तंजिल चौधरी, सलमान इस्पहानी, रफ़ीकुल इस्लाम और फहीम सिन्हा हैं। सरकार की जांच समिति ने खेल मंत्रालय में प्रेस ब्रीफिंग के दौरान अपनी सिफारिशें पेश कीं, जहां उन्होंने बीसीबी चुनाव से जुड़े अपने निष्कर्षों को विस्तार से साझा किया। सरकार की जांच समिति ने अपनी सिफारिशें खेल मंत्रालय में आयोजित एक प्रेस ब्रीफिंग के दौरान पेश कीं, जहां उन्होंने बीसीबी चुनावों को लेकर अपनी जांच के निष्कर्ष विस्तार से साझा किए।

एनएससी के स्पोर्ट्स डायरेक्टर मोहम्मद अमीनुल अहेसान ने कहा, “नेशनल स्पोर्ट्स काउंसिल की ज़िम्मेदारी के तहत हमने आईसीसी को सूचित किया है कि यह बोर्ड ऑफ़ डायरेक्टर्स सही तरीके से गठित नहीं हुआ है और अपने काम को भी सही ढंग से पूरा करने में सक्षम नहीं है। हमने आईसीसी को इस बोर्ड को भंग करने के अपने फैसले के बारे में भी जानकारी दे दी है। बंगलादेश क्रिकेट या किसी भी खेल में एनएससी की अहम भूमिका होती है।

**स्पेनिश फुटबॉल लीग** | विलारियाल की उम्मीदों को लगा करारा झटका

## आत्मघाती गोल से गिरोना ने विलारियाल को हराया

**गिरोना (स्पेन), एजेंसी।**

विलारियाल को आत्मघाती गोल के कारण गिरोना से 1-0 से हार का सामना करना पड़ा जिससे स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में तीसरे नंबर पर अपनी स्थिति मजबूत करने की उसकी उम्मीदों को करारा झटका लगा। विलारियाल अगर इस मैच में जीत जाता तो वह चौथे स्थान पर काबिज एटलेटिको मैड्रिड से चार अंक आगे हो जाता।

एटलेटिको मैड्रिड को बार्सिलोना से अपने घरेलू मैदान पर हार का सामना करना पड़ा था। पहले हाफ के स्टॉपेज टाइम में अर्नाउ के क्रॉस का शॉट पाउ नवारो पर लगा और गेंद उनके ही गोलकीपर को चकमा देते हुए गोल में चली गई। विलारियल 30 मैच में 58 अंक लेकर तीसरे स्थान पर बना हुआ है। वह दूसरे नंबर पर काबिज रियाल मैड्रिड (69) से नौ अंक और शीर्ष पर स्थित बार्सिलोना (76) से 18 अंक पीछे है। गिरोना 37 अंक के साथ दो पायदान ऊपर चढ़कर 12वें स्थान पर पहुंच गया है। वह ओसासुना, एस्पेनयोल और एथलेटिक बिलबाओ से एक अंक पीछे है।



गोलकीपर को छकाने में गिर पड़े दोनों टीम के फुटबालर।

### नेपोली ने खिताब की उम्मीदें रखी जीवंत

- **तूरिन (इटली), एजेंसी।** स्थानापन्न खिलाड़ी मैटियो पोलिटानो के 79वें मिनट में किए गए गोल की मदद से नेपोली ने एसी मिलान को 1-0 से हराकर इटालियन फुटबॉल लीग सीरी ए में खिताब जीतने की अपनी उम्मीदों को बरकरार रखा। नेपोली इस मैच से पहले एसी मिलान से एक अंक और शीर्ष पर काबिज इंटर मिलान से 10 अंक पीछे तीसरे स्थानर पर था। इन दोनों क्लब के लिए खिताब की उम्मीदों को जीवंत रखने के लिए इस मैच में जीत जरूरी थी। मैच में हालांकि गोल करने की बहुत कम मौके बने और ऐसे में पांच मिनट पहले स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में मैदान पर उतरने वाले पोलिटानो का गोल निर्णायक साबित हुआ। इस जीत से नेपोली के 31 मैच में 65 अंक हो गए हैं जबकि एसी मिलान के इतने ही मैच में 63 अंक हैं। इंटर मिलान 31 मैच में 72 अंक लेकर अब भी खिताब की दौड़ में सबसे आगे बना हुआ है। एक अन्य मैच में युवेंटस ने जेनोआ को 2-0 से हराया। इस जीत से युवेंटस ने चौथे स्थान पर काबिज कोमो से अंतर को घटाकर एक अंक कर दिया। कोमो को उडिनीस ने गोलरहित से ड्रॉ पर रोका।